CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFL1 User: cci Time: 02-09-2026 23:24 Color:

मुंबई > मंगलवार, 10 फरवरी 2026 > माघ 21 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 34 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in



मनु भाकर को 25 मीटर पिस्टल में सिल्वर
p9

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

# जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों में भी महायुति ने मारी बाज़ी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

जिला पंचायत और महानगर पालिका चुनावों में मिली एकतरफा जीत के बाद जिला परिषद चुनाव और पंचायत समितियों के चुनावों में भी सत्ताधारी महायुति ने बाजी मारी है। चुनाव परिणाम में BJP नंबर 1, अजित पवार गुट नंबर 2 और शिंदे गुट नंबर 3 पर काबिज हुए हैं। वहीं, उद्धव ठाकरे गुट, कांग्रेस और मनसे को झटका लगा है। जिला परिषद चुनाव में बीजेपी 225, शिंदे सेना 162, NCP अजित को 165 सीटें मिली हैं। कांग्रेस को 55, उद्धव गुट को 43 और मनसे को 2 सीटों पर जीत मिली है। जिला परिषद की 731 सीटों और पंचायत समिति की 1462 सीटों का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। 7 जिलों में बीजेपी, 3 जिला परिषदों में शिंदे सेना, पुणे में अजित गुट को बढ़त मिली है। कुल 731 जिला परिषद सीटों में से महायुति ने 552 सीटों पर जीत हासिल की। ▸▸ पेज 4



> जिला परिषद व पंचायत समितियों के चुनावों के परिणाम बताते हैं कि जनता ने सरकार पर विश्वास जताया है। बीजेपी ने 2017 के चुनाव का रेकॉर्ड तोड़ दिया है। विपक्ष सिर्फ टीवी पर दिखाई देता है, जनता के बीच नहीं जाता है।
> \- देवेंद्र फडणवीस, CM



20 20 आज के मैच

नीदरलैंड्स vs नामीबिया
दिल्ली, सुबह 11 बजे से

न्यूजीलैंड vs यूएई
चेन्नै, दोपहर 3 बजे से

पाकिस्तान vs यूएसए
कोलंबो, शाम 7 बजे से

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

# SIR में बाधा नहीं डालने देंगे: SC

## बंगाल DGP से कथित हिंसा पर मांगी रिपोर्ट


Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा, हम किसी को भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की और राज्य सरकार से कहा कि वह SIR के कार्यों के लिए चुनाव आयोग (ECI) को ग्रुप 'बी' के अधिकारी उपलब्ध कराए, जो चुनाव आयोग की ओर से तैनात माइक्रो-ऑब्जर्वरों की जगह ले सकते हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि दावों और आपत्तियों पर अंतिम आदेश सिर्फ निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ही पारित कर सकते हैं और माइक्रो-ऑब्जर्वर सिर्फ उनकी मदद कर सकते हैं। कोर्ट ने बंगाल के DGP को भी निर्देश दिया कि वे SIR अधिकारियों के खिलाफ कथित धमकियों और हिंसा को रोकने में विफलता को लेकर चुनाव आयोग द्वारा उठाई गई चिंताओं पर हलफनामा दाखिल करें। ▸▸ पेज 10

> 'ग्रुप 'बी' के अधिकारी उपलब्ध कराए राज्य सरकार'

> मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण संबंधी अंतिम निर्णय हमेशा मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिए जाएंगे। - सुप्रीम कोर्ट

AI Image



सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश

### एक हफ्ते आगे बढ़ाई जाए प्रक्रिया

■ 8,500 ग्रुप 'बी' अधिकारियों की सूची में से ECI उनके बायोडाटा और कार्य-अनुभव की जांच के बाद, पहले से तैनात माइक्रो-ऑब्जर्वर की संख्या के बराबर अधिकारियों को शॉर्टलिस्ट कर सकता है।

■ सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि दस्तावेजों और आपत्तियों की जांच की समय-सीमा को कम-से-कम 14 फरवरी (जब अंतिम सूची प्रकाशित की जानी है) से एक सप्ताह आगे तक बढ़ाया जाए।

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 3, 11

GOOD न्यूज़
गुड न्यूज़ से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-फ्लैप बैक

### अंतर्ज्ञान

जितना मन जटिल होगा, जीवन उतना उलझा हुआ लगेगा। सरलता का अर्थ है - कम चाहना, कम शिकायत करना और कम उलझना। सरल मन हर परिस्थिति में सहज रहता है। जीवन की सुंदरता सरलता में छिपी होती है और सरलता एक मानसिक अभ्यास है, सुविधा नहीं। सरलता का अभ्यास भीतर स्पष्टता लाता है। स्पष्टता से शांति जन्म लेती है और शांति से निर्णय सहज हो जाते हैं। सरल जीवन सबसे गहरा जीवन है, क्योंकि उसमें अनावश्यक बोझ नहीं होता। लेकिन सरल होना ही सबसे कठिन है। क्योंकि सरलता बिना प्रज्ञा के नहीं मिल सकती। अहंकार प्रज्ञा की रोशनी में ही जाता है और उसके जाने पर ही सरलता आती है।


## भारत-पाक के मैच पर फैसला आज!

■ **भाषा, लाहौर:** कोलंबो में 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप मैच के बहिष्कार की घोषणा कर चुका पाकिस्तान इस मुद्दे पर यूटर्न ले सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने सोमवार को कहा, इस मुद्दे पर अंतिम फैसला अगले 24 घंटे में आएगा। नकवी ने कहा, पीसीबी को कुछ मसलों पर इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के जवाब का इंतजार है। गौरतलब है कि बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर करने का विरोध कर रहे पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने की घोषणा की थी। ▸▸ पेज 9

## नरवणे की अप्रकाशित किताब लीक, FIR

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली पुलिस** ने 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' नामक किताब की प्री-प्रिंट कॉपी ऑनलाइन सर्कुलेट होने के मामले में स्पेशल सेल में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार, इस पब्लिकेशन को अभी आवश्यक आधिकारिक मंजूरी नहीं मिली है। जांच में पाया गया कि इसी शीर्षक की टाइप-सेट PDF, जिसे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्रा. लि. ने तैयार किया, कुछ वेबसाइटों पर उपलब्ध थी और कुछ प्लेटफॉर्म पर कवर भी दिखाया गया। पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की आत्मकथा वाली किताब गलवान और अग्निपथ जैसे मुद्दों के कथित उल्लेखों को लेकर विवाद में है।



बिरला के खिलाफ प्रस्ताव लाने की तैयारी में विपक्ष

विपक्षी दल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ पद से हटाने का अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि सदन में लगातार ऐसे फैसले हो रहे हैं, जो लोकतंत्र और निष्पक्षता के खिलाफ हैं। नोटिस सौंपने की तैयारी।

मांगे गए सुझाव

## टैक्स-फ्री भत्तों की लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव

■ **अखिलेश सिंह, नई दिल्ली:** नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 एक अप्रैल से लागू होगा, जबकि इसके नियम मार्च के पहले हफ्ते में नोटिफाई हो सकते हैं। CBDT ने ड्राफ्ट रूल्स पर 22 फरवरी तक सुझाव मांगे हैं। PAN जरूरी लेनदेन की सीमा और टैक्स-फ्री भत्तों की लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव है। क्रिप्टो एक्सचेंजों को ट्रांजैक्शन डेटा साझा करना होगा। ई-पेमेंट में सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी भी मान्य होगी। नियम वित्त वर्ष 2026-27 की आय पर लागू होंगे। मौजूदा रिटर्न पुराने कानून के तहत ही भरेंगे।




कोर्ट में सुनवाई आज कानपुर में कारोबारी के बेटे ने कार से 3 लोगों को मारी थी टक्कर

## लैंबॉर्गिनी हादसे पर FIR में अब जुड़ा कारोबारी के बेटे का नाम

Lamborghini

Praveen.Mohta
@timesofindia.com

■ **कानपुर:** वीआईपी रोड पर लैंबॉर्गिनी कार से तीन लोग घायल होने का मामला गरमा गया है। पुलिस ने कार सीज कर दी है और जांच में तंबाकू कारोबारी के बेटे शिवम का नाम जोड़ा गया है। रविवार रात पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि एफआईआर में आरोपी नाम इसलिए नहीं था कि क्योंकि तब नाम पता नहीं था।

वहीं, बचाव पक्ष कह रहा है कि गाड़ी ड्राइवर चला रहा था। घटना रविवार की है, जब कार ई-रिक्शा, बाइक सवार और राहगीर से टकराकर खंभे से जा भिड़ी थी। कोर्ट में आज आरोपी की जमानत पर सुनवाई होगी।



बाउंसरों ने शिवम को बाहर निकाला, वे लोगों से अभद्रता करते भी नजर आए, विडियो वायरल।

### लापरवाही पर SHO किए गए लाइन हाज़िर

पुलिस कमिश्नर ने मामले में लापरवाही करने पर ग्वालटोली थाने के एसएचओ संतोष कुमार गौड़ को लाइन हाजिर कर दिया गया। वहीं, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जो जानबूझकर दुर्घटना करेगा, उस पर कार्रवाई होगी। शिवम के पिता केके मिश्रा के घर पुलिस पहुंची, लेकिन गेट नहीं खोले गए। बचाव पक्ष के वकील ने दावा किया कि कार शिवम नहीं बल्कि ड्राइवर चला रहा था। ▸▸ पेज 10

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| मुंबई : | 154256 (+2,787) |
| चांदी - .999 टंच प्रति किलो | |
| मुंबई : | 253665 (+8,736) |

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स : | 84,065.75 (+485.35) |
| निफ्टी : | 25,867.30 (+173.60) |
| रुपया/US डॉलर : | 90.77 (+0.099) |
| रुपया/यूरो : | 107.6759 (+0.763) |

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 33.4 | 21.7 |
| सांताक्रूज | 32.7 | 19.0 |
| सूर्यास्त मंगलवार | 6:36 बजे | |
| सूर्योदय बुधवार | 7:09 बजे | |

NBT नवभारत टाइम्स सड़क व रेल मार्ग द्वारा सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP8 User: cci Time: 02-09-2026 22:24 Color:



## RSS के इवेंट में हुई सलमान के फैशन की तारीफ



सलमान खान हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां संघ प्रमुख मोहन भागवत ने उनके फैशन सेंस का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'आजकल के विद्यार्थी अक्सर वही कपड़े पहनते हैं जो सलमान खान पहनते हैं। वे उन्हें (सलमान खान) फॉलो करते हैं।'

# 'मैंने किया था सैफ़ को पहले प्रपोज़'



करीना कपूर खान और सैफ अली खान बॉलिवुड के सबसे चर्चित कपल्स में से एक हैं। अब वैलेंटाइंस वीक में बेबो ने बताया है कि उनमें और सैफ में से किसने किसे पहले प्रपोज किया था। एक इवेंट के दौरान हुए मस्ती भरे सेशन में जब करीना से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'शायद वह मैं ही थी। क्योंकि सैफ मुझे कभी भी शर्मिंदा नहीं करना चाहते थे। तो हो सकता है कि वह मैं ही हूं।' हालांकि इस सवाल के जवाब में सैफ अली खान ने बताया कि उन्हें इस बारे में अब कुछ भी याद नहीं है।

बता दें कि सैफ अली खान और करीना कपूर का प्यार उनकी फिल्म टशन के दौरान परवान चढ़ा था। हालांकि, यह फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई, मगर सैफीना की प्रेम कहानी बेहद कामयाब रही।

# 'शाहरुख खान के बगल में बैठना ही मेरा ऑस्कर'



ताहा शाह

Upma.Singh@timesofindia.com

संजय लीला भंसाली की महत्वाकांक्षी वेब सीरीज हीरामंडी के ताजदार के रूप में प्यार बटोरने वाले ऐक्टर ताहा शाह बदुशा अब अपनी नई फिल्म पारो: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ब्राइड स्लेवरी को लेकर चर्चा में हैं। 98वें ऑस्कर के कंटेंशन सूची तक पहुंची यह फिल्म खरीदी-बेची जाने वाली दुल्हनों की दुर्दशा को दिखाती है। हालांकि, यह फिल्म ऑस्कर नॉमिनेशन में आगे नहीं बढ़ पाई, मगर ताहा का कहना है कि ऑस्कर में आगे पहुंचने से ज्यादा मायने इस फिल्म, इस विषय का लोगों तक पहुंचना है। बकौल ताहा, 'ब्राइड स्लेवरी यानी खरीदी गई गुलाम दुल्हनों की जिंदगी पर ना के बराबर फिल्में बनी हैं। जबकि, ऐसी करीब 7000 औरतें हैं, जिनका कोई वजूद ही नहीं है। ये औरतें अपनी उम्र से 30-35 साल बड़े आदमी के साथ ब्याह दी जाती हैं। कभी-कभी तो ये 10-15 बार



बेची जाती हैं, पर इन्हें ना तो एक बीवी का हक मिलता है, ना इज्जत। आदमी का मन भर जाए तो वह उसे दोबारा बेच देता है। उस औरत, जिन्हें पारो बुलाया जाता है, उनका अपने घर, बच्चों, किसी चीज पर हक नहीं होता। हम चाहते हैं कि उन्हें वो हक और इज्जत मिले। इन औरतों को पहचान मिलना ही हमारी सबसे बड़ी कामयाबी होगी।'

### भंसाली सर संग दोबारा काम करना है

साल 2011 में फिल्म लव का द एंड से करियर शुरू करने वाले ताहा को 13 साल बाद संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी से पहचान मिली। वह कहते हैं, 'मैं संजय सर का जितना शुक्रिया करूं, वह कम है, क्योंकि मैं आज जहां पर भी हूं, उनकी वजह से हूं। उन्होंने मुझे इस काबिल समझा कि मुझे ताजदार का इतना अहम रोल निभाने को दिया। मैं उम्मीद करता हूं कि मैं उसके साथ न्याय किया हो और वह मुझे दोबारा अपने गाइडेंस में काम करने का मौका दें। मैं दोबारा उनके साथ काम करना चाहूंगा। संजय सर वो हीरा हैं, जिनकी चमक में रहकर हम भी बहुत कुछ सीख जाते हैं। एक बेहतर आर्टिस्ट, बेहतर क्रिएटिव इंसान बन जाते हैं।' लेकिन सफलता के लिए इस लंबे इंतजार में ताहा कैसे डटे रहे? यह पूछने पर वह बताते हैं, 'मैंने हार इसलिए नहीं मानी, क्योंकि मेरा कोई दूसरा प्लान भी कभी था ही नहीं। मैं बहुत क्रिएटिव किस्म का आदमी हूं। सिर्फ ऐक्टिंग में ही मुझे खुशी मिलती है तो डटे रहने के अलावा मेरे पास कोई विकल्प ही नहीं था। फिर, मेरी मम्मी कहती थीं कि जब मैं नहीं थक सकती तो तुम कैसे थक सकते हो। मेरे इस सफर में मेरा योगदान 20 पर्सेंट है, उनका 80 पर्सेंट है। उनके बिना इस उतार-चढ़ाव भरे प्रफेशन में बिल्कुल सर्वाइव नहीं कर पाता।

### शाहरुख खान को देखकर चढ़ा ऐक्टर बनने का जुनून


मुंबई में पले-बढ़े ताहा का हिंदी सिनेमा और ऐक्टिंग की ओर रुझान कैसे हुआ? यह पूछने पर वह बताते हैं, 'मेरी मम्मी जब युवा थीं तो ऐक्ट्रेस बनना चाहती थीं। उनको मौका भी मिला था, पर मेरी नानी ने मना कर दिया तो उनका सपना अधूरा रह गया। मां को फिल्मों का बहुत शौक था। वे फिल्में देखती थीं तो मैं भी देखता था। मगर ऐक्टिंग के बारे में नहीं सोचा था। फिर एक बार मैं वहां हो रहे अवॉर्ड शो में बहुत ही पीछे बैठा था। कुछ दिख नहीं रहा था, पर मजा आ रहा था, लेकिन तभी अचानक से लाइट्स बंद हुईं और मेरे बिल्कुल पीछे क्रेन पर शाहरुख खान खड़े थे। हम सब खुशी से चीखने लगे थे। उस वक्त मेरे अंदर भी ऐक्टिंग का जुनून जगा। मेरी खुशनसीबी रही कि मुझे शाहरुख खान की उपस्थिति में, उनके बगल में बैठने का मौका मिला है। वही मेरा ऑस्कर है।'

# सोनम कपूर के बेबी शावर में पहुंचे कई फिल्मी सितारे


Photos: Social Media



अर्जुन कपूर




भूमि पेडनेकर



अनिल कपूर

आनंद आहूजा और सोनम कपूर दूसरी बार पैरेंट्स बनने वाले हैं। बीते दिनों इस कपल ने अपने मुंबई स्थित घर पर बेबी शावर रखा जिसमें बॉलिवुड के तमाम सितारे शामिल हुए। सोनम कपूर ने इस मौके की कुछ तस्वीरें भी अपने सोशल मीडिया पर शेयर कीं। जहां कुछ तस्वीरों में सोनम अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं, तो वहीं कुछ तस्वीरों में वह अपने पति आनंद के साथ पूजा में बैठी हुई हैं। इस मौके पर सोनम ने लैमन कलर की ड्रेस पहनी हुई थी। इस गैदरिंग में सोनम के पिता अनिल कपूर तो पहुंचे ही, साथ में पूरी कपूर फैमिली भी शामिल हुई। अनिल कपूर के भाई बोनी कपूर, संजय कपूर समेत सोनम के कजिन भाई-बहन अर्जुन कपूर, अंशुला कपूर, खुशी कपूर, शनाया कपूर भी इस फंक्शन में शामिल हुए। इसके अलावा फिल्मी सितारों में भूमि पेडनेकर, अनुपम खेर, फराह खान भी इस बेबी शावर में पहुंचे थे।



बेबी शावर इवेंट में सोनम कपूर


बृहन्मुंबई महानगरपालिका
सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग
कीटनाशक शाखा

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई नगर आयुक्त निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा प्रति महाराष्ट्र राज्य सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in और बीएमसी के पोर्टल (http://www.mcgm.gov.in) से "ई-निविदा लॉगिन" अनुभाग के तहत डाउनलोड की जा सकती है।

बीएमसी ने बोलीदाताओं की सहायता के लिए कीटनाशक कार्यालय में एक हेल्प डेस्क खोला है, जिसका पता निम्नलिखित है।

कीटनाशक अधिकारी, बीएमसी,
5वीं मंजिल, हॉकर्स प्लाजा,
जनता क्लॉथ मार्केट,
सेनापति बापट मार्ग,
दादर (पश्चिम),
मुंबई-400 028.

बोली नीचे उल्लिखित बोली समाप्ति तिथि और समय तक ऑनलाइन जमा की जाएगी:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सं. | 2026_MCGM_1275507 |
| 2 | कार्य का नाम | सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की कीटनाशक शाखा के लिए वाहन पर लगे फॉगिंग मशीनों के माध्यम से थर्मल फ्यूमिगेशन गतिविधि का आउटसोर्सिंग, बी.एम.सी. के पूर्वी उपनगरीय प्रभाग में 3 वर्ष की अवधि के लिए। |
| 3 | अनुमानित लागत (रु.) | 4,99,70,400/- |
| 4 | ई.एम.डी. (रु.) | 4,99,704/- |
| 5 | निविदा शुल्क (रु.) * | रु. 18,150/- + 18% जीएसटी अर्थात् रु. 21,714/- |
| 6 | बोली प्रारंभ तिथि और समय | 10.02.2026 को 11.00 बजे |
| 7 | बोली समाप्ति तिथि और समय | 02.03.2026 को 16.00 बजे |

ह./-
कीटनाशक अधिकारी (प्रभारी)

पीआरओ/2929/एडीवी/2025-26

Clean Mumbai, Green Mumbai.

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना सं.: 42-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 06.02.2026, वरीय मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम/स्थान: आसनसोल मंडल-अण्डाल यार्ड में एलओआईएस कनेक्टिविटी का उन्नयन। निविदा मूल्य: रु. 58,40,056.72, बयाना राशि: रु. 1,16,800/- कार्य की समापन अवधि: एलओए जारी करने की तिथि से 12 माह। निविदा बंद होने की तिथि और समय: 02.03.2026 को 14.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/

ASN-340/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हमें यहां देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

Lilavati Hospital and Research Centre
More than Healthcare, Human Care

निविदा सूचना

1. पीयुआरओ2 ऑक्सीजन हाइड्रोथेरेपी यूनिट
- पीयुआरओ2 हाइड्रोथेरेपी बाथ टब
- पुनर्वास उपचार, वेलनेस अनुभव एवं चिकित्सीय प्रभाव हेतु उपयोग
- केवल हवा एवं पानी से संचालित, किसी भी रसायन का उपयोग नहीं
- "जैसी स्थिति में है" के आधार पर बिक्री की जाएगी

2. स्क्रैप ड्रेनेज / पाइप सामग्री
- कास्ट आयरन पाइप
  - मेक: एनईएससीओ, आयएसआय 172379
- जीआय पाइप
  - मेक: एस्कोटीएसआर, ISI
- पीव्हीसी पाइप

उपरोक्त स्क्रैप पाइप सामग्री को चरणबद्ध तरीके से निपटाया जाएगा, लगभग प्रति माह 100 किलोग्राम, जिसमें 12 मिमी से 160 मिमी तक विभिन्न व्यास शामिल होंगे।

निविदा अवधि:
10 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक

तकनीकी जानकारी हेतु संपर्क:
श्री. पीटर डिसूज़ा - 98204 19691
(हेड ऑफ न्यू प्रोजेक्ट / इंजीनियरिंग)

निविदा प्रस्तुत करने हेतु संपर्क:
सीएफओ - श्री. सतीश शॉफ
मोबाइल नंबर: 98190 59681

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो 15.30 बजे खोली जाएंगी: क्रम सं., निविदा सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य और बयाना राशि निम्नानुसार है: (1) ई-केजीपी-ईस्ट-06-2026, पाँसकुड़ा-पाँसकुड़ा स्टेशन और पाँसकुड़ा यार्ड में कम सीएसआर वाली लाइनों के सीएसआर को बढ़ाना: पाँसकुड़ा ईस्ट आउटर यार्ड में एवं पाँसकुड़ा-रघुनाथबाड़ी से खड़गपुर तक लेआउट के सुधार सहित अप लाइन पर पीएसआर 75 किमी प्रति घंटा, डाउन एवं मिड लाइन पर 110 किमी प्रति घंटा को हटाना, रु. 14,94,33,189.40, रु. 8,97,200/-, (2) ई-केजीपी-ईस्ट-07-2026, 1) देउल्टी यार्ड: पीएसआर-110 किमी प्रति घंटा को हटाने के लिए त्रुटिपूर्ण लेआउट का सुधार। 2) फुलेश्वर यार्ड: पीएसआर-110 किमी प्रति घंटा को हटाने के लिए अप मेन लाइन पर त्रुटिपूर्ण लेआउट का सुधार, ड्रेनेज सिस्टम का सुधार। 3) आंदुल यार्ड: यार्ड रिमॉडलिंग द्वारा पीएसआर-110 किमी प्रति घंटा को हटाना। साथ ही ड्रेनेज सिस्टम का सुधार, रु. 14,89,25,994.38, रु. 8,94,600/-, (3) ई-केजीपी-ईस्ट-08-2026, निम्नलिखित कार्य का निष्पादन: 1) शालीमार: शालीमार के पीटीआर साइडिंग में पार्सल ट्रैफिक से निपटने के लिए लोडिंग/अनलोडिंग एवं इंजन रिवर्सल के लिए 2 (दो) लाइनों का विकास (2) संतरागाछी-डीईएन/पूर्व/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में सैंटिंग नेक के विस्तार के साथ एसएसपीडीपी यार्ड के साथ हॉस्पिटल साइडिंग लाइन नं-2, 5 एवं 6 को जोड़ना, रु. 12,05,15,268.18, रु. 7,52,600/-, (4) ई-केजीपी-ईस्ट-09-2026, डीईएन/पूर्व खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र में 1) उलुबेड़िया (यूएलबी)-डाउन मेन लाइन, मिडल लाइन और अप मेन लाइन के सीएसआर को बढ़ाना एवं मिडल के साथ ईएलयू स्टेबलिंग लाइन से टावर वैगन शेड को जोड़ना 2) बगनान (बीजेडएन)- अप मेन लाइन और अप लूप लाइन के सीएसआर को बढ़ाना 3) भोगपुर (बीओपी)-अप मेन एवं कॉमन लूप लाइन के सीएसआर को बढ़ाना, रु. 12,22,06,984.90, रु. 7,61,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: रु.0.00 (क्रम सं. 1 से 4 के लिए), खुलने की तिथि: 05.03.2026 (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु) और 10.03.2026 (क्रम सं. 3 एवं 4 हेतु), कार्य की समापन अवधि: 15 माह (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। बोली प्रारंभ होने की तिथि: 19.02.2026 से 05.03.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए), बोली प्रारंभ होने की तिथि: 24.02.2026 से 10.03.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 3 एवं 4 के लिए)। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा। सूचना: प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1162)

न्यायालय अनुमण्डल दण्डाधिकारी
गोपालगंज सदर
बिहार सरकार

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित कॉलम-06 में अंकित बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम के तहत जप्त वाहन के अधिग्रहण की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में चल रही है लेकिन कुछ वाहन मालिक का नाम, पता प्राप्त नहीं हो सका है एवं कुछ संबंधित वाहन मालिक अबतक इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत नहीं किये है।

| क्र0 | अनुमण्डल दण्डाधिकारी वाद सं0- | समाहर्ता उत्पाद वाद सं0 | उत्पाद/थाना कांड संख्या | नाम एवं पता | वाहन का निबंधन सं0- | वाहन का चेसिस सं0- | वाहन का इंजन सं0- | वाहन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 38/26 | 68/26 | कुचायकोट थाना कांड सं0-407/25 दिनांक 08.09.2025 | अज्ञात | MH20BN-9727 | MAT611460BPA00581 | 100A0000124281 | कार |
| 2 | 623/25 | 1156/25 | कुचायकोट थाना कांड सं0-316/25 दिनांक 20.07.2025 | अज्ञात | N/A | MBX0006FFYG050535 | ADF1411682 | टेम्पु |
| 3 | 602/25 | 994/25 | उत्पाद थाना कांड सं0-127/25 दिनांक 11.06.2025 | अज्ञात | N/A | MBLHA11EE89A13862 | HA11EA29A30724 | मोटर साईकिल |
| 4 | 643/25 | 1009/25 | गोपालपुर थाना कांड सं0-155/25 दिनांक 12.06.2025 | अज्ञात | N/A | MD626EG5AS1004774 | KF5OS1004746 | स्कूटी |
| 5 | 654/25 | 955/25 | उत्पाद थाना कांड सं0-343/25 दिनांक 10.06.2025 | अज्ञात | N/A | N/A | N/A | नाव |
| 6 | 726/25 | 1325/25 | उत्पाद थाना कांड सं0-645/25 दिनांक 03.09.2025 | अज्ञात | N/A | 6348E48H2D38 | BE4DH203 | मोटर साईकिल |
| 7 | 728/25 | 1311/25 | उत्पाद थाना कांड सं0-36/25 दिनांक 12.08.2025 | अज्ञात | N/A | MBLHA10EJ99G10813 | HA10EA99G25579 | मोटर साईकिल |
| 8 | 808/25 | 1484/25 | उत्पाद थाना कांड सं0-568/25 दिनांक 10.09.2025 | अज्ञात | N/A | N/A | N/A | नाव |
| 9 | 681/25 | 1225/25 | उत्पाद थाना कांड सं0-486/25 दिनांक 15.08.2025 | अज्ञात | N/A | N/A | N/A | नाव |
| 10 | 703/25 | 1327/25 | कुचायकोट थाना कांड सं0-349/25 दिनांक 11.08.2025 | अज्ञात | N/A | MBLHAW124LHF12808 | HA11EYLHF10687 | कार |
| 11 | 701/25 | 1225/25 | उत्पाद थाना कांड सं0-495/25 दिनांक 15.08.2025 | अज्ञात | N/A | N/A | N/A | मोटरसाईकिल |
| 12 | 574/25 | 1150/25 | उत्पाद थाना कांड सं0-436/25 दिनांक 28.07.2025 | अज्ञात | N/A | N/A | N/A | मोटरसाईकिल |
| 13 | 610/25 | 928/25 | उत्पाद थाना कांड सं0-286/25 दिनांक 14.05.2025 | अज्ञात | N/A | N/A | N/A | नाव |
| 14 | 820/25 | 1253/25 | गोपालपुर थाना कांड सं0-207/25 दिनांक 27.07.2025 | अज्ञात | N/A | MBLHA10B5GHE36446 | HA10EUGHE40134 | मोटरसाईकिल |
| 15 | 825/25 | 1259/25 | गोपालपुर थाना कांड सं0-225/25 दिनांक 17.08.2025 | अज्ञात | N/A | K7KMLEV72563 | N/A | स्कूटी |
| 16 | 826/25 | 1261/25 | गोपालपुर थाना कांड सं0-228/25 दिनांक 19.08.2025 | अज्ञात | N/A | N/A | N/A | साईकिल |
| 17 | 828/25 | 1263/25 | गोपालपुर थाना कांड सं0-240/25 दिनांक 01.09.2025 | अज्ञात | N/A | N/A | N/A | मोटरसाईकिल |
| 18 | 830/25 | 998/25 | गोपालपुर थाना कांड सं0-133/25 दिनांक 17.05.2025 | अज्ञात | N/A | MD2DDDDZZPPE70898 | DUUBPE70674 | मोटरसाईकिल |
| 19 | 57/26 | 30/26 | गोपालपुर थाना कांड सं0-276/25 दिनांक 18.10.2025 | अज्ञात | N/A | MD2A76AX7LRL09389 | PFXRLL06603 | मोटरसाईकिल |
| 20 | 59/26 | 32/26 | गोपालपुर थाना कांड सं0-301/25 दिनांक 17.11.2025 | अज्ञात | N/A | MBLHAR238H9F22669 | HA11ENH9F03185 | मोटरसाईकिल |

अतः समाचार पत्र के माध्यम से उक्त जप्त वाहन मालिक को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से कारण बतावें कि क्यों नहीं कॉलम-06 में अंकित जप्त वाहन को राजसात कर लिया जाय। निर्धारित तिथि तक पक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर यह माना जायेगा कि संबंधित मालिक को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और तदनुसार अभिलेख में उपलब्ध कागज के आधार पर आदेश पारित किया जायेगा।

यदि सूची में उल्लेखित वाहन पर किसी अन्य व्यक्ति का दावा बनता हो तो वैसे व्यक्ति भी निर्धारित समय न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपना पक्ष रख सकते है।


अनुमण्डल दण्डाधिकारी
गोपालगंज सदर

PR-023575 (District) 2025-26

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

मनोरंजन

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP9 User: cci Time: 02-09-2026 22:47 Color:





यह हमारी टीम के लिए बहुत बुरा है कि जोश हेजलवुड नहीं खेल रहा है। उनके पिछले कुछ महीने मुश्किल रहे हैं। मेरा काम खुद को परिस्थितियों के हिसाब से ढालने की कोशिश करना होगा। - नथन एलिस, पेसर, ऑस्ट्रेलिया

# बांग्लादेश की सलाह पर यू-टर्न लेगा पाकिस्तान!

**भारत-पाकिस्तान मैच**

■ **एजेंसियां, कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के प्रमुख मोहसिन नकवी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष की सलाह पर भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले का बहिष्कार वापस लेने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध करेंगे। यह जानकारी PCB के एक सूत्र ने दी। समझा जाता है कि नकवी ने भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली और बांग्लादेश समेत एक त्रिकोणीय श्रृंखला की मांग रखी है ताकि भारत में टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेल रहे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके।



पाकिस्तान को भारत के खिलाफ 15 फरवरी को कोलंबो में खेलना है

चूंकि, भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय क्रिकेट इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के दायरे में नहीं है और त्रिकोणीय श्रृंखला की मांग स्वीकार कर दी गई है। भारत ने एक दशक से अधिक समय से कोई त्रिकोणीय श्रृंखला नहीं खेली है। ICC अगले अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी बांग्लादेश को दे सकती है।

**अंतिम फैसला शरीफ करेंगे:** सूत्र के अनुसार नकवी इस मुद्दे पर हालिया घटनाक्रम की जानकारी प्रधानमंत्री को देंगे। भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाना है। सूत्र ने कहा, 'नकवी प्रधानमंत्री को बांग्लादेश, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात क्रिकेट बोर्ड तथा ICC के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी देंगे और उन्हें इस संकट से अवगत कराएंगे।' सूत्र ने कहा कि नकवी संभवतः प्रधानमंत्री से टीम को वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति देने का अनुरोध करेंगे। वह प्रधानमंत्री को विशेष रूप से श्रीलंका, यूएई और बांग्लादेश के आग्रह और हाल में हुई बातचीत का ब्योरा देंगे। इस मामले में हालांकि अंतिम फैसला शरीफ का होगा और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड उसका पालन करेगी।

### पूरे टूर्नामेंट की तैयारी कर रहे हैं हमः सलमान मिर्जा

**कोलंबो:** पाकिस्तान के फास्ट बोलर सलमान मिर्जा ने सोमवार को कहा कि टीम पूरा वर्ल्ड कप खेलने की तैयारी कर रही है। अमेरिका के खिलाफ पाकिस्तान के मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिर्जा से पूछा गया था कि क्या भारत के खिलाफ मैच को लेकर टीम में कोई बातचीत हुई है। मिर्जा का जवाब था, 'हम पूरे टूर्नामेंट के लिए तैयारी कर रहे हैं। हम विरोधी टीम के अनुसार खेलेंगे। फैसला सरकार का होगा और हम बस वही करेंगे जो हमसे कहा जाएगा। इस समय फोकस आगामी मैच पर है और हम मैच दर मैच रणनीति बनाएंगे। जहां तक भारत के खिलाफ मैच का सवाल है, तो यह सरकार का फैसला होगा। जो सरकार तय करेगी, हम उसके अनुसार खेलेंगे।'

# विराट, रोहित को रखा बी ग्रेड में, ए प्लस खत्म हुआ

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के ताजा सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में श्रेणी बी के अनुरूप बी ग्रेड में रखा गया है। बोर्ड ने सात करोड़ की रिटेनरशिप वाले ए प्लस ग्रेड को खत्म कर दिया है। BCCI ने सोमवार को 30 पुरुष और 21 महिला क्रिकेटरों को ए, बी और सी ग्रेड के सालाना कॉन्ट्रैक्ट देने की घोषणा की। तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल, पेसर जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को ए ग्रेड में रखा गया है।

**फीस नहीं बताई गई:** BCCI ने तीनों श्रेणियों की रिटेनरशिप फीस की घोषणा नहीं की है। इससे पहले ए ग्रेड में पांच करोड़ रुपये, बी में तीन करोड़ और सी में एक करोड़ रुपये दिए जाते थे। विराट और रोहित टेस्ट और टी20 से विदा लेने

**BCCI सालाना कॉन्ट्रैक्ट**



अब सिर्फ वनडे खेलते हैं 'रो-को'

के बाद एक ही फॉर्मेट में खेलते हैं और इसलिए उन्हें ए ग्रेड में नहीं रख सकते। समझा जाता है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सुझाव पर प्रशासकों की समिति ने ए प्लस ग्रेड की शुरुआत की थी। यह तीनों फॉर्मेट्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटरों के लिए था और इसमें वर्षों में सिर्फ विराट, रोहित, जडेजा और बुमराह ही इस ग्रेड में रहे हैं।

**63** छक्के लगाए हैं क्रिस गेल ने टी20 वर्ल्ड कप में जो सर्वाधिक है। दूसरे स्थान पर 50 छक्के के साथ रोहित शर्मा हैं

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ


इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1 टी20 वर्ल्ड कप 2026 में नीदरलैंड्स-नामीबिया मैच किस शहर में होगा?
A) अहमदाबाद B) चेन्नै C) मुंबई D) दिल्ली

2 अमेरिका ने पाकिस्तान को किस साल के टी20 वर्ल्ड कप में हराया था?
A) 2007 B) 2021 C) 2016 D) 2024

**कल के जवाब**
1. C) 4 2. B) टिम सीफर्ट


**लकी WINNERS**



1 वैदांशी, रमेश नगर, दिल्ली



2 विमल भारद्वाज, फरीदाबाद



3 सौरभ पाटणी, ठाणे, मुंबई

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## पिछले वर्ल्ड कप में इस टीम के से हार चुकी है पाक टीम

# अमेरिका के सामने सतर्क रहना होगा पाकिस्तान को

**पाकिस्तान Vs अमेरिका**

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** पाकिस्तान के लिए अगर भारत के खिलाफ 15 फरवरी के मैच के बहिष्कार की स्थिति कायम रही, तो अमेरिका के विरुद्ध उसका दूसरा ग्रुप मैच एक तरह से नॉकआउट मुकाबला होगा। भारत के खिलाफ नहीं खेलने पर उसका अंक गंवाना तय है। इस वजह से उसे भारत और ग्रुप के बाद ग्रुप की तीसरी सबसे मजबूत टीम नजर आ रही अमेरिका पर जीत हासिल करनी होगी। यदि अमेरिका यह मैच जीतता है तो पाकिस्तान की अगले राउंड में पहुंचने की उम्मीदें दूसरी टीमों पर टिक जाएंगी।

**याद होगी वह हार:** पाकिस्तान के लिए यह मैच इस लिए भी अहम है क्योंकि पिछले टी20 वर्ल्ड कप में उसे अमेरिका के हाथों शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था और अब वे उस पिछली हार का हिसाब बराबर करना चाहेंगे। साल 2024 में वर्ल्ड कप में डेब्यू करते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान पर शानदार जीत के साथ बड़े मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। मौजूदा टूर्नामेंट के पहले मैच में उसने भारत को कड़ी टक्कर दी, ऐसे में वे पाकिस्तान के साथ हाई जोश के साथ मैदान पर उतरेंगे।

**बैटिंग पर करना होगा काम:** हालांकि, दोनों ही टीम को बल्लेबाजी विभाग में काफी काम करना है। पाकिस्तान नीदरलैंड्स के खिलाफ 148 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी स्थिति में था, लेकिन बीच के ओवर्स में बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण टीम मुश्किल में पड़ गई। फहीम अशरफ की बदौलत टीम जीत हासिल करने में सफल रही। अमेरिका ने वानखेड़े स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन भारत को दबाव में डाल दिया था, लेकिन प्रभावशाली गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद उनके बल्लेबाज उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए। पाकिस्तान की टीम में सभी की नजरें बाबर आजम पर होंगी जिन्होंने सबसे छोटे फॉर्मेट में वापसी की है। ओपनर सईम अयूब से भी बल्ले से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**नेत्रवलकर को पकड़नी होगी लय:** अमेरिका भी अपने टॉप बैटर्स से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। कप्तान मोनांक पटेल ने माना था कि उनकी टीम भारत के खिलाफ पावरप्ले में ढीले शॉट खेलने की दोषी थी। सीनियर पेसर सौरभ नेत्रवलकर का पहला मैच खराब रहा और वह पाकिस्तान के खिलाफ बेहतर करने के लिए बेताब होंगे।





भारत के खिलाफ मुकाबले में अमेरिकी टीम ने किया था जोरदार प्रदर्शन

**टेलिकास्ट:** शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

**आमना-सामना**

कुल मैच 1
पाकिस्तान जीता 0, अमेरिका जीता 1

**2** टी20 इंटरनैशनल मैच गंवाए हैं पाकिस्तान ने अभी तक कोलंबो के सिंहली क्लब मैदान पर, जबकि यहां छह मैच उसने जीते हैं। दो हार उसे भारत और श्रीलंका के हाथों मिली हैं

**80** रन दूर हैं अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल टी20 इंटरनैशनल में हजार रन पूरे करने वाले पहले अमेरिकी बैटर बनने से

**संभावित प्लेइंग XI**

**पाकिस्तान:** साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान अली आगा (कप्तान), बाबर आजम, शादाब खान, उस्मान खान (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन शाह अफरीदी, सलमान मिर्जा, अबरार अहमद

**अमेरिका:** एंड्रीस गौस, साईतेजा मुक्कामाला, मोनांक पटेल (कप्तान), मिलिंद कुमार, संजय कृष्णमूर्ति, शुभम रंजने, हरमीत सिंह, मोहम्मद मोहसिन, शैडली वैन शाल्कविक, अली खान, सौरभ नेत्रवलकर

**पिच व मौसम**

पाकिस्तानी कप्तान सलमान ने पिछले मैच के बाद कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब की पिच पर छोड़ी गई घास को देखकर हैरानी जताई थी। हालांकि, अब यह सतह तीन दिन पहले की तुलना में पाकिस्तान के लिए उतनी अनजानी नहीं रही। पिच थोड़ा स्लो हो सकती है। मंगलवार को पूरे दिन बादल छाए रहने की संभावना है, लेकिन बारिश का पूर्वानुमान नहीं है।

**NBT Lens खबरों के अंदर की बात**

### अली हटेंगे तो लगेगा बड़ा झटका

**अमेरिकी** टीम चोट से परेशान है। भारत के खिलाफ पिछले मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करने वाले अमेरिकी पेसर अली खान भी चोटिल हैं। यदि अली फिट नहीं हो पाए तो अमेरिका का बड़ा झटका लग सकता है। अली के विकल्प के तौर देखे जा रहे टीम के एक अन्य पेसर जसदीप सिंह भी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह अहसान आदिल को टीम में जगह मिली है। पाकिस्तान के लिए 3 टेस्ट और 6 वनडे खेल चुके आदिल अभी तक अमेरिका की ओर से खेले नहीं हैं।

# मार्कराम के दम पर साउथ अफ्रीका ने की 57 रन से शानदार जीत दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कप्तान एडेन** मार्कराम (59 रन, 32 बॉल 10 फोर, 1 सिक्स) की शानदार फिफ्टी के बाद डेविड मिलर (39*) और ट्रिस्टन स्टब्स (34*) की तेज फिनिशिंग पारियों की मदद से साउथ अफ्रीका ने 200 प्लस के टोटल के साथ टी20 वर्ल्ड कप में विजयी अभियान का आगाज किया। इस टूर्नामेंट में अभी तक एसोसिएट टीमों के खिलाफ बड़ी टीमों ने 'नर्वस स्टार्ट' किया था लेकिन सोमवार को अहमदाबाद में कनाडा के खिलाफ उसने अपने पहले ग्रुप मुकाबले में चार विकेट पर 213 रन का मजबूत टोटल खड़ा किया। जवाब में कनाडा टीम 8 विकेट खोकर 156 रन ही बना सकी और मैच 57 रन से हार गई।

**प्लान के साथ आया था कनाडा:** फ्लडलाइट्स के नीचे कनाडा के गेंदबाज एक साफ योजना के साथ शुरुआत उतरे थे। फुल लेंथ गेंद लेकिन ऑफ साइड में बल्लेबाज से दूर। पेसर कलीम सना ने अच्छी शुरुआत की, हालांकि लाइन-लेंथ पूरी तरह सटीक नहीं थी। दूसरे ओवर में डिलोन हेलिगर ने भी प्लान के मुताबिक बोलिंग की लेकिन तब तक मार्कराम रणनीति समझ चुके थे। उन्होंने तीन चौके के साथ ओवर खत्म किया। तीसरे ओवर में कलीम ने दूसरे ओपनर क्विंटन डीकॉक को पविलियन भेज चुके होते अगर अंश पटेल ने एक आसान कैच नहीं टपकाया होता। इस जीवनदान के बाद डीकॉक ने भी हाथ खोल लिए। पावर हिटिंग से बचने के लिए पावरप्ले में कनाडा ने साद बिन जफर और जसकरण सिंह के रूप में दो स्पिनर अटैक पर लगाए। लेकिन दोनों के एक-एक ओवर में क्रमशः 11 और 12 रन बन गए और पावरप्ले में बिना नुकसान के बोर्ड पर 66 रन टांग कर साउथ अफ्रीका ने मजबूत शुरुआत कर डाली।

**जारी रहा मार्कराम का प्रहार:** दोनों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी जारी रखी और चौके-छक्कों के साथ सिर्फ 6.5 ओवर में पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़ दिए। पावरप्ले के बाद डीकॉक (26 रन, 22 बॉल) के रूप में पहला विकेट गिरा। उन्हें कप्तान और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलप्रीत बाजवा ने बोल्ड किया। लेकिन कनाडा को ज्यादा परेशान कर रहे मार्कराम क्रीज पर ही मौजूद थे। उन्होंने अपना प्रहार जारी रखा और 28 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। रयान रिकेल्टन भी बेहतरीन फॉर्म में नजर आए और 21 गेंदों पर 31 रन की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। मार्कराम की पारी का अंत बाएं हाथ के स्पिनर अंश पटेल ने किया, जब हेलिगर ने लॉन्ग-ऑन पर उनका कैच लपका।

**साउथ अफ्रीका Vs कनाडा**



**2** दूसरे प्लेयर बने डेविड मिलर टी20I के डेथ ओवर्स में एक हजार रन पूरे करने वाले

अपनी पारी के दौरान एडेन मार्कराम

**डेथ ओवर्स में सबसे ज्यादा टी20I रन**

| रन | प्लेयर | स्ट्राइक |
|---|---|---|
| 1030 | हार्दिक पंड्या | 186.93 |
| 1013 | डेविड मिलर | 180.57 |
| 983 | मोहम्मद नबी | 189.76 |
| 856 | एमएस धोनी | 160.60 |
| 838 | नजीबुल्लाह | 199.04 |
| 822 | दासुन शनाका | 164.67 |
| 777 | विराट कोहली | 198.21 |

**ब्रीफ स्कोर**
**साउथ अफ्रीका:** 213/4 (एडेन मार्कराम 59, डेविड मिलर 39*, अंश पटेल 3/31) **कनाडा:** 156/8 (नवनीत धालीवाल 64, 64, हर्ष ठाकर 33, लुंगी एनगिडी 4/31)

**मिलर-स्टब्स हो गए हावी:** इसके तुरंत बाद रिकेल्टन भी पविलियन लौट गए, जब पटेल की गेंद पर हर्ष ठाकर ने बाउंड्री लाइन पर आसान कैच लपका। डेवाल्ड ब्रेविस भी कुछ खास नहीं कर सके और चार गेंद बाद उसी ओवर में मिड-ऑफ पर निकोलस किर्टन को कैच थमा बैठे, जिससे साउथ अफ्रीका को लगातार दो झटके लगे। हालांकि दो झटकों के बाद भी आखिरी ओवरों में साउथ अफ्रीका की रन बनाने की गति और तेज हो गई क्योंकि क्रीज पर मिलर और स्टब्स के रूप में दो अटैकिंग बैटर पहुंच गए थे। मिलर और स्टब्स ने सिर्फ 37 गेंदों में पांचवें विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

## फटाफट खबरें

### यह तो शुरुआत है:सुरेश

■ **बेंगलुरु:** भारत के नए डेविस कप हीरो दक्षिणेश्वर सुरेश का कहना है कि देश के लिए उनका शानदार प्रदर्शन 'बस शुरुआत है'। वह एक अमेरिकी यूनिवर्सिटी में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद एटीपी टेनिस टूर पर पूरी तरह से प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। सुरेश ने कहा, 'अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। यह तो बस शुरुआत है।' सुरेश की बदौलत भारत ने नीदरलैंड्स को हराकर डेविस कप क्वॉलिफायर के दूसरे राउंड में जगह बनाई।

### बाहर हो सकते हैं वेन

■ **कोलकाता:** इटली के हेड कोच जॉन डेविसन ने कहा है कि कप्तान वेन मेडसन का टी20 वर्ल्ड कप मैच में स्कॉटलैंड के खिलाफ कंधा खिसकने के कारण बाकी मुकाबलों में खेलना संदिग्ध है। डेविसन ने कहा कि कप्तान टीम के साथ यात्रा कर सकते हैं और 'कोचिंग स्टाफ' के रूप में डगआउट में रह सकते हैं।

### अजीत ने तोड़ा रेकॉर्ड

■ **मोदीनगर:** रेलवे स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के एन अजीत ने नैशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के 71 किलो सीनियर वर्ग में स्नैच का नया नैशनल रेकॉर्ड बनाया। उन्होंने स्नैच में 145 किलो और क्लीन ऐंड जर्क में 175 किलो वजन उठाया।

### रोनाल्डो से उम्मीद

■ **रियाद:** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी अरब आने के बाद अब तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता है, लेकिन उनके क्लब अल-नस्र को उम्मीद है कि वह बुधवार को मैदान पर वापसी कर टीम को ट्रॉफी के करीब पहुंचाने में मदद करेंगे।

# स्कॉटलैंड की जीत का खाता खुला

■ **एजेंसियां, कोलकाता:** जॉर्ज मन्सी (84 रन, 54 बॉल, 13 फोर, 2 सिक्स) और माइकल लीस्क (22* रन, 4/17) की बदौलत स्कॉटलैंड की टीम इटली का वर्ल्ड कप डेब्यू बिगाड़ने में कामयाब रही। स्कॉटलैंड ने यह मैच 73 रन से जीता। स्कॉटलैंड ने बैटिंग करते हुए पहली बार क्रिकेट वर्ल्ड कप खेल रही इटली के सामने 20 ओवर्स में चार विकेट पर 207 रन बना दिए। जवाब में इटली ने कुछ हद तक संघर्ष किया, लेकिन कप्तान वेन मैडसन की गैरमौजूदगी में 16.4 ओवर्स में 134 रन पर ऑलआउट हो गई। लीस्क को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज से पहले मैच में हारने के बाद यह स्कॉटलैंड की मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत है।

**मन्सी निकले सबसे आगे:** इससे पूर्व, मन्सी ने माइकल जोन्स (37) के साथ लिए 126 रन की ओपनिंग साझेदारी की। अंत में ब्रैंडन मैकमुलेन (41* रन, 18 गेंद) और लीस्क की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। स्कॉटलैंड मौजूदा टूर्नामेंट में 200+ स्कोर बनाने वाली पहली टीम बनी। मन्सी (2406) अपनी पारी के दौरान स्कॉटलैंड के लिए सर्वाधिक टी20I रन बनाने वाले बैटर भी बन गए।

**स्कॉटलैंड Vs इटली**





विकेट का जश्न मनाते लीस्क (बाएं)

**25** वीं टीम बनी इटली टी20 वर्ल्ड कप में खेलने वाली। वर्ल्ड कप में केन्या और युगांडा की भी टीम खेल चुकी है

**73** रन से हराया स्कॉटलैंड ने इटली को। यह टी20 वर्ल्ड कप में किसी असोसिएट देश की दूसरी सबसे बड़ी जीत है

# जिंबाब्वे ने बड़ी जीत से की वर्ल्ड कप में वापसी

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** जिंबाब्वे ने ओमान पर आठ विकेट की बड़ी जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में वापसी की। जिंबाब्वे पिछले एडिशन के वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई नहीं कर पाया था। टीम ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए ओमान पर शुरू से ही दबदबा बनाया। पहले बैटिंग करते हुए ओमान की टीम केवल 103 रन पर आउट हो गई। जवाब में जिंबाब्वे ने ब्रायन बेनेट (48 रन), ब्रेंडन टेलर (31 रन) और तादिवानाशे मारुमानी (21 रन, 11 बॉल) की बदौलत 39 गेंद रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

**ब्लेसिंग की उम्दा बोलिंग:** पेसर ब्लेसिंग मुजरबानी (3/16) ने कप्तान सिकंदर रजा के पहले बोलिंग करने के फैसले को सही साबित किया। उन्होंने मैच की अपनी पहली बॉल पर ही विपक्षी कप्तान जतिंदर सिंह (5 रन) को चलता किया। ओमान ने 27 रन पर ही 5 विकेट गंवाने के बाद सुफयान मेहमूद (25) और विनायक शुक्ला (28) की बदौलत 100 का आंकड़ा पार किया। ब्लेसिंग के अलावा रिचर्ड एनगारवा और ब्रैड इवांस ने भी 3-3 विकेट लिए।

**जिंबाब्वे Vs ओमान**



बेनेट और टेलर (दाएं) ने तीसरे विकेट के लिए 68* रन की जोड़े

# दिल्ली में आज नामीबिया और 'ऑरेंज आर्मी' उतरेगी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पाकिस्तान को कड़ी चुनौती देकर आत्मविश्वास हासिल कर चुकी नीदरलैंड्स की टीम मंगलवार को टी20 वर्ल्ड कप ग्रुप-ए के अहम मुकाबले में नामीबिया के खिलाफ उतरेगी। पाकिस्तान से करीबी हार के बावजूद 'ऑरेंज आर्मी' ने जता दिया कि वह टीमों को परेशान करने की क्षमता रखती है। इस टूर्नामेंट दिल्ली की मेजबानी में होने वाला यह पहला मैच है।

**फील्डिंग पर भी खास नजर:** अरुण जेटली स्टेडियम में मैच की पूर्व संध्या पर नीदरलैंड्स ने ट्रेनिंग सेशन की शुरुआत फील्डिंग प्रैक्टिस से की। इसके बाद बल्लेबाजों ने नेट्स में अभ्यास किया, जबकि कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने पावर-हिटिंग पर काम किया। दूसरी ओर, नामीबिया गेरहार्ड इरास्मस की अगुआई में अभियान शुरू करेगा। यान फ्राइलिंक, जेजे स्मिट की ऑलराउंड क्षमता और रूबेन ट्रम्पेलमैन व बर्नार्ड शोल्ट्ज की बोलिंग परिस्थितियों में अहम भूमिका निभा सकती है।

Rajesh Mehta



नीदरलैंड्स के प्लेयर प्रैक्टिस सेशन के दौरान

**आमना-सामना**





**टेलिकास्ट:** सुबह 11 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

# जीत का सिलसिला बढ़ाने उतरेगी कीवी टीम

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** न्यूजीलैंड की टीम मंगलवार को यहां टी20 वर्ल्ड कप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ उतरते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ग्रुप-डी में अपनी स्थिति और मजबूत करना चाहेगी। पिछले मैच में अफगानिस्तान पर पांच विकेट की जीत से आत्मविश्वास से भरी मिचेल सैंटनर की टीम अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लय बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी। हालांकि, साल 2023 में यूएई के खिलाफ दुबई में हार झेलने वाली कीवी टीम इस मैच को हल्के में लेने की गलती नहीं करेगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ जीत ने न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाजी क्रम की गहराई को उजागर किया। ग्लेन फिलिप्स ने पिछले मैच में जिम्मेदारी भरी पारी खेलकर मिडल ऑर्डर को संभाला था और उनसे एक बार फिर ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। बोलिंग में भी न्यूजीलैंड ने विविधता दिखाते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को बांधे रखा। दूसरी ओर, कप्तान मोहम्मद वसीम की अगुआई में यूएई टीम उलटफेर की उम्मीद के साथ उतरेगी। हालांकि, मुकाबला का पलड़ा साफ तौर पर न्यूजीलैंड की ओर झुका हुआ है।


**न्यूजीलैंड Vs यूएई**





न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर (बाएं) और यूएई के कप्तान मो. वसीम

**आमना-सामना**





**टेलिकास्ट:** दोपहर 3:00 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

# शूटऑफ में मनु को सिल्वर, ईशा ने जीता ब्रॉन्ज़ मेडल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मनु भाकर सोमवार को एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 25 मीटर पिस्टल इवेंट का गोल्ड जीतने से चूक गईं। शूटऑफ में वियतनाम की गुयेन थुई ट्रांग से पिछड़ने के कारण मनु को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा, जबकि ईशा सिंह ने ब्रॉन्ज जीता। जूनियर वर्ग में नाम्या कपूर ने एक और बेहद रोमांचक शूटऑफ में गोल्ड जीता, जबकि इसी स्पर्धा में अंजलि भगवत ने ब्रॉन्ज अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 60 तक पहुंच गई है, जिसमें 37 गोल्ड, 13 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।

**एशियन शूटिंग चैंपियनशिप**



मेडल्स के साथ मनु (बाएं) और ईशा

**टाई रहा था स्कोर:** फाइनल मैच में ट्रांग और मनु के समान 35 अंक थे। पहले शूटऑफ में दोनों ने दो-दो शॉट्स लगाए। इसके बाद दूसरे शूटऑफ में मनु तीन शॉट चूक गईं।

## सैयद मोदी टूर्नामेंट का दर्जा घटाया गया

■ **एजेंसियां, कुआलालंपुर:** विश्व बैडमिंटन महासंघ द्वारा सोमवार को घोषित भविष्य के कार्यक्रम में भारत को बड़ा झटका लगा है। भारत में होने वाले आयोजनों की संख्या चार से घटकर दो कर दी गई है। इसमें इस साल आयोजन संबंधी समस्याओं के बावजूद इंडिया ओपन ने अपना सुपर-750 दर्जा बरकरार रखा है, लेकिन सैयद मोदी इंटरनैशनल सुपर-300 का दर्जा घटाकर सुपर-100 कर दिया गया। वर्ल्ड टूर कार्यक्रम से जिन टूर्नामेंट्स को हटाया गया है, उनमें गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर-100 टूर्नामेंट शामिल हैं। इन टूर्नामेंट्स को 2023 में शुरू किया गया था।

**वर्ल्ड टूर में बदलाव**

# राहुल की शतकीय पारी से कर्नाटक सेमीफाइनल में

■ **मुंबई, एजेंसियां:** केएल राहुल के 24वें फर्स्ट क्लास शतक की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को 42 बार की चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 फोर और एक सिक्स से 130 रन की पारी खेली जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की। बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत अब उत्तराखंड से होगी। राहुल को रविचंद्रन स्मरण (83* रन, 123 बॉल, 11 फोर) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला।


**रणजी का रण**



केएल राहुल

**जम्मू-कश्मीर का पहला:** इंदौर में पेसर आकिब नबी के करियर बेस्ट 12 विकेट से जम्मू कश्मीर ने मध्य प्रदेश को 56 रन से हराकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP10 User: cci Time: 02-09-2026 23:21 Color:



NBT AI टाइम मशीन


## आज काशी विद्यापीठ से जुड़ा दिन

आज ही के दिन 1921 में महात्मा गांधी और शिव प्रसाद गुप्त ने मिलकर वाराणसी में काशी विद्यापीठ की स्थापना की थी। अंग्रेजों के खिलाफ युवाओं को एकजुट करने के लिए बने इस संस्थान में भारतीय राजनीति, इतिहास, समाजशास्त्र, दर्शन की पढ़ाई होती थी। अब यहां 80 से ज्यादा कोर्स पढ़ाए जाते हैं। इसी संस्थान से पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री और यूपी के पूर्व सीएम पंडित कमलापति त्रिपाठी ने पढ़ाई की थी।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स । मुंबई
मंगलवार, 10 फरवरी 2026, पेज 10

## भविष्य में इनोवेशन का केंद्र होगा

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में काशी विद्यापीठ एक ऐसा विश्वविद्यालय होगा जहां परंपरा और तकनीक का गहरा संगम दिखाई देगा। यह संस्थान वैश्विक स्तर पर शोध, इनोवेशन और भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए पहचाना जाएगा। यहां AI, जैव प्रौद्योगिकी और पर्यावरण जैसे आधुनिक विषयों के साथ दर्शन, संस्कृति और इतिहास का गहन अध्ययन होगा। डिजिटल और हाइब्रिड शिक्षा आम होगी, जिसमें विश्वभर के छात्र जुड़ेंगे।



AI Images

**टक्कर पर बचाव पक्ष ने कहा- कारोबारी का बेटा नहीं, ड्राइवर चला रहा था**

# लैंबॉर्गिनी ज़ब्त, FIR में जोड़ा गया कारोबारी के बेटे का नाम

Lamborghini

Praveen.Mohta
@timesofindia.com

■ **कानपुर:** लैंबॉर्गिनी कार से रविवार को तीन लोगों को टक्कर मारकर घायल करने के मामले ने सोमवार को तूल पकड़ लिया। रविवार रात पुलिस ने अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ FIR दर्ज की थी। सोमवार सुबह संबंधित ग्वालटोली थाने में खड़ी लैंबॉर्गिनी सीज कर ली गई। पहले FIR में मुख्य आरोपी का नाम नहीं था। बाद में कथित तौर पर गाड़ी चला रहे शिवम का नाम भी जोड़ दिया गया। कानपुर के पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने सफाई दी कि एफआईआर में आरोपी का नाम इसलिए नहीं था कि तब नाम पता नहीं था। कार शिवम चला रहा था। वहीं, बचाव पक्ष ने कहा कि कार शिवम नहीं, बल्कि ड्राइवर चला रहा था।

कानपुर के अरबपति तंबाकू कारोबारी का बेटा शिवम रविवार को अपनी लैंबॉर्गिनी में VIP रोड पर घूम रहा था। पीछे दूसरी गाड़ी में उसके बाउंसर थे। रेव-3 मॉल के पास अचानक कार बेकाबू हुई और ई-रिक्शा को टक्कर मारने के बाद बाइकर और एक राहगीर को टक्कर मारी। इसके बाद कार खंभे से टकराकर रुक गई। वायरल विडियो में दिख रहा है कि बाउंसरों ने कार से गोद में लेकर शिवम को बाहर निकाला। पुलिस कार थाने ले आई। वहां कार को कवर किया गया। बाउंसर गाड़ी के आसपास खड़े थे और कौतूहलवश गाड़ी छू रहे लोगों से अभद्रता कर रहे थे।



**विडियो में दिखा** कानपुर में रविवार के हादसे के बाद बाउंसरों ने शिवम को लैंबॉर्गिनी से निकाला।

### कम सजा की धारा

कानपुर पुलिस ने मामले में BNS की धारा-281, 125ए, 125बी और 324 (4) लगाई गई है। धारा-281 में 6 महीने, धारा-125ए और 125बी में 3-35 महीने और 324 (4) में अधिकतम 2 साल की सजा का प्रावधान है। वकील गौरव दीक्षित के अनुसार, सभी धाराएं सात साल से कम सजा वाली हैं, इसलिए गिरफ्तारी नहीं हो सकती।



### बचती रही पुलिस

पुलिस इस मामले में शुरू से अलग मोड में थी। पहले बताया गया कि कार चला रहे शिवम को हार्टअटैक आ गया था। उसका इलाज जारी है। हादसे के घायलों को अस्पताल में मरहम-पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई थी। एक घायल की तहरीर पर दिल्ली के नंबर वाली इस कार के ड्राइवर पर FIR लिख ली गई।

### दिन में पुलिस सख्त

सोमवार सुबह सीपी ने बताया कि जांच में पता चला है कि कार शिवम चला रहा था। बाउंसरों ने शिवम को गाड़ी से बाहर निकाला था। कहा जा रहा है कि शिवम का कोई मेडिकल इश्यू है। बताया गया है, वह अस्पताल में है। पुलिस पूछताछ के लिए शिवम के घर गई थी। अब कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस को नो एंट्री

स्वरूपनगर में शिवम के पिता केके मिश्रा के घर पुलिस पहुंची, लेकिन गेट नहीं खोले गए। बचाव पक्ष के वकील ने दावा किया कि कार शिवम नहीं, बल्कि ड्राइवर चला रहा था। कोर्ट में सुनवाई मंगलवार को है। शिवम बीमार रहते हैं। जब शिवम गाड़ी नहीं चला रहे थे, तो कोई मामला ही नहीं बनता है।

### शौकीन मिजाज

जानकारी के अनुसार, शिवम को लग्जरी गाड़ियों का शौक है। जिस लैंबॉर्गिनी से कानपुर में एक्सिडेंट हुआ था, उसमें 324 किमी/घंटा तक की स्पीड ली जा चुकी है। बताया जाता है कि 2024 में इनकम टैक्स छापे के बाद शिवम ने कथित तौर पर प्राइवेट जेट भी खरीदा था।

## 'आयरन लेडी' के रूप में उभरीं ताकाइची

■ **एएफपी, तोक्यो:** जापान में रविवार को हुए संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री सने ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (LDP) ने दो तिहाई से ज्यादा सीटें हासिल कर इतिहास रच दिया। अकेले एलडीपी को 465 में से 316 सीटें मिलीं, जो दो तिहाई यानी 310 सीटों से भी ज्यादा है। वहीं, नई सहयोगी जापान इनोवेशन पार्टी की 36 सीटों के साथ यह सत्तारूढ़ गठबंधन कुल 352 सीटों तक पहुंच गया। जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से काफी ज्यादा है। चुनाव जीतने के बाद पीएम ने कहा कि हम जापान को मजबूत और समृद्ध बनाने पर काम करेंगे।

## वट्सऐप को अन्य AI चैटबॉट्स के लिए खोलें: ईयू


■ **एएफपी, ब्रसल्स (बेल्जियम):** यूरोपीय संघ के प्रतिस्पर्धा नियामकों ने अमेरिकी टेक दिग्गज मेटा को चेताया है कि अगर उसने अपने मेसेजिंग प्लैटफॉर्म Whatsapp पर दूसरी कंपनियों के AI चैटबॉट को ब्लॉक करना जारी रखा तो उस पर ऐक्शन लिया जा सकता है। निकाय ने कहा कि प्रतिस्पर्धी AI चैटबॉट्स को पहुंच देनी होगी। मेटा ने थर्ड पार्टी के AI असिस्टेंट को ब्लॉक कर प्रतिस्पर्धा नियमों को तोड़ा है।

बैद्यनाथ
नागपुर
असहनीय जोड़ों का दर्द
इसके लिए चाहिए एक्स्ट्रा केयर
• जोड़ों की पुरानी तकलीफ़
- पीठ दर्द
- घुटनों का दर्द
- कंधे व गर्दन का दर्द
• मांसपेशियों में अकड़न और मोच

रुमार्थो गोल्ड+ कैप्सूल
स्वर्ण भस्म युक्त
रुमार्थो टैबलेट
रुमा ऑईल
केवल बाहरी उपयोग के लिए
जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द के लिए
वैद्यकीय सलाह: 844 844 4935
www.baidyanath.co

## खुलासों से स्टार्मर सरकार मुश्किल में

■ **पीटीआई, लंदन:** एपस्टीन फाइल्स के खुलासों के बाद ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की सरकार मुश्किल में है। उनके दो भरोसेमंद सहयोगियों को इस्तीफा देना पड़ा। इससे लेबर पार्टी और खुद उनकी सरकार के भीतर नेतृत्व पर सवाल तेज हो गए हैं। अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से संबंध के कारण पहले स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने पद छोड़ा। फिर अमेरिका में ब्रिटेन के तत्कालीन राजदूत पीटर मैंडलसन ने इस्तीफा दिया। अब उनके कम्यूनिकेशन डायरेक्टर टिम ऐलन ने इस्तीफा दे दिया। हालांकि ब्रिटिश पीएम स्टार्मर के प्रवक्ता ने साफ कहा कि वह इस्तीफा नहीं देंगे। चर्चा तेज है कि ब्रिटेन को पहली मुस्लिम महिला पीएम मिल सकती है। इसके लिए शबाना महमूद के नाम की चर्चा है। फिलहाल वह ब्रिटिश सरकार में होम मिनिस्टर हैं। उन्हें लेबर पार्टी में ऐसी नेता देखा जा रहा है, जो पीएम पद तक पहुंच सकती हैं।



कीर स्टार्मर

## टोरंटो में भारतीय की हत्या, इस साल तीसरी घटना

■ **पीटीआई, बेंगलुरु:** कनाडा के टोरंटो में शनिवार को भीड़ भरे मॉल के बाहर भारत के 37 साल के चंदन कुमार उर्फ राजा नंदकुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। चंदन 6 वर्षों से कनाडा में प्राइवेट कंपनी में बतौर आईटी प्रोफेशनल काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि हमलावर गाड़ी में फरार हो गए। टोरंटो में इस साल भारतीय की हत्या का यह तीसरा मामला है। हमलावरों की संख्या और हत्या की वजह, इस पर पुलिस अभी मौन है।



चंदन कुमार

## सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर की मदद का ऐलान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत और** सेशेल्स (Seychelles) साझेदारी कायम करने की दिशा में आगे बढ़े हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेशेल्स को विकास के मद में सहायता के रूप में 17.50 करोड़ डॉलर देने की घोषणा की। मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी (Patrick Herminie) के साथ द्विपक्षीय बातचीत के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह ऐलान किया। इसके साथ ही समुद्री सुरक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाले कई करारों पर भी सहमति बनी।

> मोदी ने कहा, हमें हिंद महासागर की लहरों ने सदियों से जोड़ा हुआ है

साझा प्रेस वार्ता में मोदी और राष्ट्रपति हर्मिनी ने द्विपक्षीय रिश्तों को नया आयाम देने की प्रतिबद्धता जाहिर की। इस दौरान मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति हर्मिनी की यात्रा ऐसे वर्ष में हो रही है, जब सेशेल्स से राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे हो रहे हैं। मोदी ने कहा कि ये संबंध सिर्फ कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हिंद महासागर की लहरों ने दोनों देशों को सदियों से जोड़ा हुआ है।



सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### ये समझौते हुए

- फार्माकोपिया को लेकर सहयोग पर करार,
- 2026 से 2030 के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान
- डिजिटल सॉल्यूशन पर दोनों देशों के बीच MoU
- ओशन ऑब्जरवेशन, ओशन सर्विसेज, डेटा शेयरिंग, मैरिटाइम रिसर्च पर करार
- कैपिसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम पर समझौता
- गुड गवर्नेंस पर करार

### इकनॉमिक पैकेज

पीएम ने कहा कि 17.5 करोड़ डॉलर का यह पैकेज सोशल हाउसिंग, ई-मोबिलिटी, वोकेशनल ट्रेनिंग, हेल्थ, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस प्रोजेक्ट्स को समर्थन देगा। डिजिटल सेक्टर में भारत अपने अनुभव सेशेल्स से साझा कर सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में किफायती दवाओं की सप्लाई, मेडिकल टूरिज्म और हेल्थ इन्फ्रा में दोनों देश आगे बढ़ेंगे।

### रक्षा सहयोग

पीएम ने कहा कि मरीन रिसर्च, कैपिसिटी बिल्डिंग, डेटा शेयरिंग जैसे क्षेत्रों में भारत अपनी विशेषज्ञता सेशेल्स से साझा करेगा। इससे हिंद महासागर में शांति और स्थिरता लाने के प्रयासों को बल मिलेगा। सेशेल्स के राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश समुद्री निगरानी, सुरक्षा और रक्षा क्षमता बढ़ाने में सहयोग गहरा करेंगे। हिंद महासागर में सुरक्षा, स्थिरता को बढ़ावा देने पर भी बात हुई।

## EC को अधिकारी दे बंगाल: सुप्रीम कोर्ट

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट में बदलाव की प्रक्रिया- स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) से संबंधित कई निर्देश जारी किए। कोर्ट ने राज्य सरकार को कहा कि वह SIR के कामों के लिए चुनाव आयोग को ग्रुप 'बी' के अधिकारी उपलब्ध कराए। ये चुनाव आयोग द्वारा तैनात किए गए माइक्रो-ऑब्जर्वरों का स्थान ले सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि दावों और आपत्तियों पर अंतिम आदेश केवल इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ERO) ही पारित कर सकते हैं। माइक्रो-ऑब्जर्वर केवल उनकी मदद कर सकते हैं। चीफ जस्टिस ने टिप्पणी में कहा कि हम SIR प्रक्रिया में किसी को भी कोई बाधा उत्पन्न करने की अनुमति नहीं देंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) को भी निर्देश दिया कि वे SIR अधिकारियों के खिलाफ कथित धमकियों और हिंसा को रोकने में नाकामी को लेकर चुनाव आयोग द्वारा उठाई गई चिंताओं पर व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करें। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि दस्तावेजों और आपत्तियों की जांच की समय-सीमा को कम-से-कम 14 फरवरी (जब अंतिम सूची प्रकाशित की जानी है) से एक हफ्ते आगे तक बढ़ाया जाए। सुनवाई के दौरान, पश्चिम बंगाल राज्य की ओर से सीनियर वकील डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि लगभग 8,500 ग्रुप 'बी' अधिकारियों की लिस्ट तैयार कर ली गई है।


### क्या प्रक्रिया में नहीं आएगी रुकावट?

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

पश्चिम बंगाल में SIR के दौरान मतदाताओं के बड़े पैमाने पर नाम काटे जाने की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आशंका जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस प्रक्रिया में किसी को भी बाधा उत्पन्न करने की अनुमति नहीं देगा। यह बात राज्यों को स्पष्ट रूप से समझ लेनी चाहिए। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तमाम निर्देश भी जारी किए हैं। ऐसे में SIR प्रक्रिया सुचारु तरीके से पूरी हो यह उम्मीद की जानी चाहिए।

**मस्क की कंपनी SpaceX ने बनाया प्लान**

# चांद पर 10 साल में बसेगा शहर




दुनिया के सबसे अमीर शख्स और SpaceX के मालिक इलॉन मस्क ने चांद पर शहर बसाने का सपना देखा है। मस्क ने रविवार को सोशल मीडिया में यह ऐलान किया। उनका कहना है कि यह Self-Growing यानी खुद से विकसित होने वाला शहर होगा। इसे 10 साल से कम समय में बनाया जा सकता है, जबकि मंगल में ऐसा शहर बसाने में 20 साल से ज्यादा लग सकते हैं यानी मस्क चांद को अहमियत दे रहे हैं।



### मंगल से पहले चांद क्यों?

मस्क ने कहा, टॉप प्रायॉरिटी अभी सभ्यता के भविष्य को सुरक्षित करना है और चांद पर ऐसा करना तेजी से संभव होगा।



**धरती से चांद की दूरी**
**3,84,000** किमी
2 दिन दूर धरती से चांद

### हर 10 दिन में मून मिशन संभव

**26** महीने में एक बार मिलता है मंगल ग्रह पर जाने का मौका हर, जब यह ग्रह एक सीध में आता है।

**22** करोड़ किलोमीटर से ज्यादा दूरी है मंगल की, पहुंचने में छह महीने से ज्यादा लगते हैं।

चांद पर सीमित संसाधनों में जीवन का टेस्ट आसान, इमरजेंसी के हालात में चांद से तुरंत धरती पर वापसी भी मुमकिन है।

**Starship** रॉकेट पर निर्भर है पूरा प्लान

**403** फुट लंबा और 9 मीटर चौड़ा यह रॉकेट दुनिया में सबसे शक्तिशाली है।

**150** मीट्रिक टन यानी 1.50 लाख किलो भार ले जाने की क्षमता है, दुनिया में कहीं भी एक घंटे से कम समय में

### सेल्फ ग्रोइंग सिटी कैसी होगी?



- सेल्फ ग्रोइंग से मतलब ऐसा शहर जो चांद के सीमित संसाधनों से खाना, पानी, ऑक्सिजन बनाएगा।
- शुरू में स्टारशिप से जरूरत का सामान भेजा जाएगा, फिर गुंबद जैसे हैबिटेट्स (रहने की जगहें) बनेंगे।
- सोलर पैनल्स से बिजली, चांद की मिट्टी (रेजोलिथ) से ईंटें, ऑक्सिजन और पानी बनाने के प्लांट बनेंगे।
- रोबॉट्स से शहर का विस्तार करेंगे यानी शहर समय के साथ बढ़ता जाएगा, जैसा फिल्मों में होता है।

### मून मिशन



**1972** में अंतिम अमेरिकी अपोलो मिशन के बाद से चांद पर कोई इंसान नहीं गया है।

**2027** में ऐस्ट्रोनॉट को चांद पर भेजना चाहता है नासा आर्टेमिस 3 मिशन से

**100** अरब डॉलर से ज्यादा खर्च हो सकते हैं चांद की ऑर्बिट में पहुंचने में, यानी बहुत खर्चीला है।

## परीक्षा पर चर्चा: बच्चों से बोले PM- टेक्नॉलजी का गुलाम न बनें

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा के 9वें एडिशन की दूसरी कड़ी में अपने संवाद में बच्चों ऐसे टिप दिए, जो जीवन में तनाव को कम करने में अहम साबित हो सकते हैं। इस सत्र में मोदी ने गुजरात के देवमोगरा, तमिलनाडु के कोयंबटूर, छत्तीसगढ़ के रायपुर और असम के गुवाहाटी समेत दूसरी कई जगहों पर जाकर छात्रों से सीधे बातचीत की।

> परीक्षा पर चर्चा की दूसरी कड़ी में बच्चों से संवाद

कार्यक्रम की शुरुआत में ही मोदी ने सबको 'जय जोहार' कहकर अभिवादन किया। बच्चों के बेझिझक पूछे गए सवालों पर पीएम ने उन्हें टेक्नॉलजी का गुलाम ना बनने और अपने देश में पर्यटन करने के सुझाव दिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि वो जिंदगी और कला को अलग अलग ना देखें।

पीएम मोदी ने अभिभावकों से भी कहा कि वो घर के भीतर तुलनात्मक माहौल ना बनने दें। पीएम मोदी ने छात्रों को अपने खुद के तहसील, जिले और राज्यों में ट्रैवल करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पर्यटन का आनंद बतौर छात्र बनकर घूमकर ही है। ट्रेन के जरिए यात्रा से अपने देश की विविधता के बारे में जानकारी मिलती है।



### स्टार्ट अप और पीएम का पढ़ने का मंत्र

मोदी ने एक छात्र के सवाल के जवाब में किसी भी नए काम के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं होती और छोटे स्टार्ट अप भी प्रभावशाली हो सकते हैं। वे आसपास के स्टार्ट अप का दौरा करें, प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाएं और इसे स्कूल प्रोजेक्ट की तरह पेश करें।

### टीचर्स की भूमिका और आदिवासी युवा

पीएम मोदी ने बताया कि उनके अध्यापकों ने उनके जीवन में बहुत अहम रोल अदा किया। उन्होंने याद किया कि किस तरह उनके टीचर्स उन्हें रोज लाइब्रेरी जाने के लिए प्रोत्साहित करते थे। पीएम मोदी ने आदिवासी समुदायों की चुनौतियों को रेखांकित किया।

### AI के इस्तेमाल की दिशा

मोदी ने कहा कि हर युग में नई तकनीक को लेकर चिंताएं सामने आती रही हैं, चाहे वे कंप्यूटर हों या मोबाइल। पीएम ने कहा कि AI का इस्तेमाल मार्गदर्शन के लिए होना चाहिए, इसे सीखने का विकल्प नहीं बनाया जा सकता।

## नमाज से जुड़े फैसले को SC ने बताया संतुलित

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के नमाज से जुड़े फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। उस फैसले में अदालत ने कहा था कि मुसलमानों को तमिलनाडु के मदुरै जिले में मौजूद तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ियों के नेल्लीथोप्पु क्षेत्र में केवल रमजान और बकरीद के दौरान ही नमाज अदा करने का अधिकार है। नेल्लीथोप्पु क्षेत्र की 33 सेंट भूमि सिकंदर बदुशा औलिया दरगाह के स्वामित्व में है। हाई कोर्ट ने अक्टूबर 2025 में दिए गए अपने फैसले में यह भी कहा था कि इस क्षेत्र में पशु बलि की अनुमति नहीं दी जा सकती। मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

## केंद्र का कोर्ट में दावा, वांगचुक की सेहत ठीक


■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट को केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत के रिव्यू के संबंध में कोई प्रगति नहीं हुई है, क्योंकि उनकी सेहत पूरी तरह ठीक है। उन्हें एम्स जोधपुर में सर्वोत्तम इलाज मिल रहा है, जो उन्हें लद्दाख में रहने की स्थिति में नहीं मिल पाता। सुप्रीम कोर्ट इस जवाब से असंतुष्ट दिखाई दिया और उसने वांगचुक के बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर अपनी चिंता दोहराई। वांगचुक की पत्नी डॉ. गीतांजलि आंग्मो द्वारा दायर एक बंदी प्रत्यक्षीकरण (हैबियस कॉर्पस) याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFL2 User: cci Time: 02-09-2026 22:29 Color:



# इतिहास के गवाह ये पुराने पेड़, कहलाएंगे उत्तर प्रदेश की धरोहर


उत्तर प्रदेश ने संरक्षण के क्षेत्र में एक नई पहल की है। राज्य सरकार ने 948 पेड़ों को 'हेरिटेज ट्री' घोषित किया है। इसके साथ ही यूपी देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने जीवित धरोहर यानी लिविंग हेरिटेज को संस्थागत रूप से बचाने करने की शुरुआत की है। ये ऐसे पेड़ हैं जो सैकड़ों साल से खड़े हैं और इतिहास, आस्था, साम्राज्य और समाज के कई दौर के गवाह रहे हैं। नेहा शुक्ला की रिपोर्ट...


दशहरी 'मदर ट्री', लखनऊ

## पहली बार बने साफ नियम और प्रक्रिया

इस पहल की शुरुआत 2019 में हुई, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सालाना पौधारोपण अभियान के दौरान यह विचार रखा। उसी साल नवंबर में सरकार ने एक विस्तृत आदेश जारी कर हेरिटेज ट्री की पहचान और ऑथेंटिकेशन का प्रोसेस तय किया। जमीन पर काम 2020 में शुरू हुआ। 8 जुलाई 2021 को पहली लिस्ट जारी की गई। इसमें 948 पेड़ों को शामिल किया गया। सरकार ने कहा कि आगे भी तय स्टैंडर्ड पर खरे उतरने वाले पेड़ों को इसमें जोड़ा जाएगा। गैर वन भूमि पर पेड़ों को हेरिटेज घोषित करने का अधिकार उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के पास है, जबकि वन भूमि पर यह जिम्मेदारी वन विभाग की है। अब तक घोषित 948 पेड़ों में से सिर्फ एक पेड़, बाराबंकी का एडनसोनिया, वन भूमि पर है। बाकी सभी पेड़ पब्लिक प्रॉपर्टी पर है, जो लोकल लोगों की सालों की देखभाल को दिखाता है।


प्रयागराज के संगम के पास उल्टा किला का पारिजात पेड़, जिसे चीनी यात्री ह्वेनसांग ने 7वीं सदी में दर्ज किया था, करीब 1300 साल पुराना माना जाता है। फतेहपुर का बावन इमली पेड़ 1858 में 52 क्रांतिकारियों की फांसी का गवाह है। वृंदावन के निधिवन में चार पैलू पेड़ कृष्ण की रास लीला से जुड़े माने जाते हैं। प्रयागराज के अकबर किले के अंदर स्थित अक्षयवट, प्रतापगढ़ का करील पेड़ और लखनऊ काकोरी का दशहरी आम का मदर ट्री भी लिस्ट में है। वाराणसी में सबसे ज्यादा 99 और प्रयागराज में 53 हेरिटेज पेड़ हैं।


पारिजात वृक्ष, बाराबंकी

## आस्था, कथा और यादों से जुड़े पेड़

आईडब्ल्यूएस की समन्वयक प्रोफेसर अमिता कन्नौजिया के अनुसार, कई पेड़ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से बेहद खास हैं। मलिहाबाद का 'हरिबंस बाबा' का प्राचीन बरगद इसका प्रमुख उदाहरण है। यह करीब तीन हेक्टेयर ग्राम समाज की जमीन पर फैला हुआ है। मान्यता है कि यहां हरिबंस बाबा नामक संत ने समाधि ली थी। समय के साथ इसकी हवाई जड़ें अलग-अलग तनों में बदल गईं, जिससे यह पूरा उपवन जैसा दिखता है, जबकि वास्तव में यह एक ही पेड़ है। रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी ए.के. पांडेय बताते हैं कि चयन का मानक कम से कम 100 वर्ष या चार पीढ़ियों की उपस्थिति था। केवल सारनाथ का पीपल अपवाद रहा, जिसकी परंपरा बोधि वृक्ष से जुड़ी है।


लखनऊ यूनिवर्सिटी का बरगद


बाबा झारखंड पीपल अंबेडकरनगर

### इको टूरिज़म बढ़ाने की योजना भी है सरकार की

सरकार ने करीब 100 पेड़ों का विस्तृत विवरण कॉफी टेबल बुक में दिया है। लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी और चित्रकूट सहित 11 जिलों में हेरिटेज ट्री गार्डन बनाए गए हैं। इन जगहों पर मूल हेरिटेज पेड़ों से तैयार पौधे लगाए जा रहे हैं। कुछ जगहों को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने की योजना भी है। निजी जमीन के पेड़ों को सूची से बाहर रखा गया है।

# घर और दफ्तर के बीच सुकून का वो तीसरा कोना

Asha.Prakash@timesofindia.com

■ चेन्नै: जब कॉपीराइटर अहाना एम. चेन्नै शिफ्ट हुईं, तो काम और रहने की जगह तो थी, लेकिन जीवन में एक खालीपन था। वर्क फ्रॉम होम के कारण दिन घर में ही गुजरता और फ्लैटमेट्स से भी कम मुलाकात होती। अहाना कहती हैं कि मैं यहां किसी को नहीं जानती थी, कुछ घंटों के लिए लोगों के बीच रहना चाहती थी। कैफे महंगे थे और लाइब्रेरी बहुत शांत, इसलिए उन्हें कोई ऐसा स्थान चाहिए था जहां बिना दबाव के समय बिताया जा सके। यह कहानी सिर्फ अहाना की नहीं, बल्कि चेन्नै के उन हजारों युवाओं की है जो अकेलेपन से जूझ रहे हैं। इसी जरूरत से 'थर्ड प्लेस' का कॉन्सेप्ट उभरा। पहले अन्ना सालाई स्थित ब्रिटिश काउंसिल ऐसी जगह था, लेकिन इसके बंद होने से लोग निराश हो गए। इसके बाद नुंगमबक्कम में अलायंस फ्रांसिस ने 'ला मैसन' नाम से कैफे-लाइब्रेरी शुरू की। इसकी डायरेक्टर पैट्रीसिया थेरी हार्ट बताती हैं कि यहां न कोई भेदभाव है, न कुछ ऑर्डर करने की मजबूरी।



अहाना अब रोज घंटों वहां बिताती है। थिरुवनमियूर में 'परिर' और अड्यार का 'बैकयार्ड' भी ऐसे ही स्पेस हैं, जहां कलाकार, लेखक और प्रोफेशनल्स साथ काम करते हैं। केरल से आई संगीतकार हरीन दोना के लिए भी 'ला मैसन' अकेलेपन से बाहर निकलने का जरिया बना है।

### क्या है 'थर्ड प्लेस'

दरअसल, 'थर्ड प्लेस' वह जगह होती है जो न घर होती है, न दफ्तर। 1989 में समाजशास्त्री रे ओल्डेनबर्ग ने इस शब्द को लोकप्रिय बनाया। पार्क, चाय की दुकान, कैफे या कम्युनिटी स्पेस इसके उदाहरण हैं। यहां लोग बिना किसी दबाव के मिलते हैं, बातचीत करते हैं और अपनापन महसूस करते हैं। यह अकेलेपन को कम करने का एक सामाजिक सहारा है।

# कब्रिस्तान के रास्ते के लिए सिख किसान ने गिफ्ट किया खेत


सिख परिवार ने जमीन दी, मुस्लिम समुदाय से कहा कि खुद तय कर लें रास्ता कितना चौड़ा चाहिए।

■ NBT न्यूज, मोगा: अक्सर हम दुनिया में नफरत की खबरें सुनते हैं, लेकिन पंजाब के मोगा जिले के एक छोटे से गांव मेहना से आई यह खबर आपका दिल पिघला देगी। सोचिए जरा, किसी के घर में मौत हुई हो, आंखें नम हों, लेकिन आखिरी विदाई के लिए कब्रिस्तान जाने का रास्ता ही न मिले। बठिंडा जोन के तहत आने वाले मेहना गांव के करीब दर्जन भर मुस्लिम परिवार पिछले 70 सालों से इस दर्द को झेल रहे थे। उनके पुराने कब्रिस्तान तक जाने का कोई सीधा रास्ता नहीं था। जनाजा ले जाते वक्त उन्हें दूसरों के खेतों से होकर गुजरना पड़ता था, कई बार लंबा रास्ता लेना पड़ता था।

25 जनवरी को गांव के एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी की मां का इंतकाल हुआ था। लोग जनाजा लेकर खेतों के बीच से संघर्ष करते हुए, संभलते हुए जा रहे थे। यह मंजर किसान जगदीश सिंह देख रहे थे। उनसे यह देखा नहीं गया। जगदीश सिंह ने तुरंत अपने भतीजों रामशेर सिंह और राजविंदर सिंह के साथ मिलकर एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपनी खेती की जमीन का एक हिस्सा दान करने का ऐलान कर दिया।

जगदीश सिंह ने दिल को छू लेने वाली बात कही, 'हमें अपने मुस्लिम भाइयों का दर्द महसूस हुआ। उन्हें जमीन देना हमारी जिम्मेदारी थी ताकि वो बिना किसी समस्या के कब्रिस्तान तक जा सकें। अपने भाइयों के साथ खड़ा होना मेरा फर्ज था।' इस परिवार ने मुस्लिम समुदाय से कहा कि उन्हें 90 फुट लंबी जमीन पर कब्जा दे दिया जाए और वो खुद तय कर लें कि उन्हें रास्ता कितना चौड़ा चाहिए। भले ही इस रास्ते की वजह से जगदीश सिंह का खेत दो हिस्सों में बंट गया, लेकिन उन्होंने दिलों को जोड़ने के लिए अपने खेत का बंटवारा खुशी-खुशी मंजूर कर लिया।

## NBT जन्मदिन मुबारक

आप भी भेज सकते हैं देश की जानी-मानी हस्तियों को जन्मदिन की बधाई। बस इस QR कोड को स्कैन करें और विश करें।

HAPPY BIRTHDAY HAPPY BIRTHDAY

### 10 फरवरी



**कुमार विश्वास**

10 फरवरी 1970 को जन्मे कुमार विश्वास मशहूर कवि हैं। 'कोई दीवाना कहता है' कविता से युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हुए, राजनीति में भी रहे।

@kumarvishwas
@DrKumarVishwas



**जस्टिस सूर्यकांत**

10 फरवरी 1962 को जन्मे जस्टिस सूर्यकांत भारत के 53वें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया हैं। 24 नवंबर 2025 को यह पद संभालने वाले जस्टिस सूर्यकांत, जज बनने से पहले हरियाणा के एडवोकेट जनरल और सीनियर वकील भी रहे हैं।

### 11 फरवरी



**टीना अंबानी**

11 फरवरी 1957 को जन्मीं टीना अंबानी 80 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रही हैं। बिजनेसमैन अनिल अंबानी की पत्नी हैं।

@tinaambaniofficial
@AmbaniTina



**रजत कपूर**

11 फरवरी 1961 को जन्मे रजत कपूर एक्टर और डायरेक्टर हैं। उन्होंने 'भेजा फ्राई' और 'कपूर एंड संस' जैसी फिल्मों में काम किया है।

### 12 फरवरी



**गुंडप्पा विश्वनाथ**

12 फरवरी 1949 को जन्मे गुंडप्पा विश्वनाथ भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज रहे हैं। वह अपनी कलाई के जादू (Wristy Shots) के लिए मशहूर थे।

@grvishwanathofficial
@GRVishwanath97

### 13 फरवरी



**रश्मि देसाई**

13 फरवरी 1986 को जन्मीं रश्मि देसाई टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। सीरियल 'उतरन' की 'तपस्या' के किरदार से उन्हें घर-घर में पहचान मिली है।


@imrashamidesai
@TheRashmiDesai



**सोमदेव देववर्मन**

13 फरवरी 1985 को जन्मे सोमदेव देववर्मन भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में देश के लिए गोल्ड मेडल जीते हैं।

@sdevvarman
@SomdevD



**स्वतंत्र देव सिंह**

13 फरवरी 1964 को जन्मे स्वतंत्र देव सिंह यूपी बीजेपी के कद्दावर नेता हैं। वह यूपी सरकार में जल शक्ति मंत्री हैं। यूपी बीजेपी अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं।

@swatantrabjp
@swatantrabjp

### 15 फरवरी



**आशुतोष गोवारिकर**

5 फरवरी 1964 को जन्मे आशुतोष गोवारिकर मशहूर फिल्म डायरेक्टर हैं। उन्होंने 'लगान', 'स्वदेश' और 'जोधा अकबर' जैसी बड़ी फिल्में बनाई हैं।

@ashutoshgowariker
@AshGowariker

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 02-09-2026 23:11 Color:


मुंबई > मंगलवार, 10 फरवरी 2026 > माघ 21 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 34 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in




# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001 205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001 200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

भारत-सेशेल्स के बीच एमओयू, आर्थिक पैकेज का ऐलान ▸p10








## फटाफट खबरें

### बोर्ड की 12वीं की परीक्षाएं आज से


File

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो रही हैं। इस परीक्षा में 15.32 लाख स्टूडेंट्स हिस्सा ले रहे हैं। एग्जाम के मद्देनजर राज्यभर के 10,664 जूनियर कॉलेजों के स्टूडेंट्स के लिए 3,387 मुख्य परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में 8,20,229 लड़के, 7,12,240 लड़कियां और 18 ट्रांसजेंडर स्टूडेंट्स शामिल हैं। - ▸▸पेज 3

### बाबा सिद्दीकी केस में आरोपी को जमानत



एनसीपी के पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी मर्डर केस के आरोपी आकाशदीप सिंह को बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत दे दी। आरोपी ने दावा किया था कि उस पर लगे आरोप बेबुनियाद हैं। आरोपी ने दलील दी कि मामले का ट्रायल जल्द शुरू होने की संभावना नहीं है और बिना ट्रायल लंबे समय तक जेल में रखना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। ▸▸पेज 3

# 54,000 करोड़ का साइबर फ्रॉड, ये डकैती-लूट है: SC

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल फ्रॉड के जरिये 54 हजार करोड़ रुपये के गबन को पूरी तरह से लूट और डकैती बताया। कोर्ट ने कहा, डिजिटल फ्रॉड से गबन की गई रकम कई छोटे राज्यों के बजट से अधिक है। केंद्र सरकार से कहा कि वह RBI, बैंकों और दूरसंचार विभाग (DoT) जैसे हितधारकों से परामर्श कर ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का मसौदा तैयार करे। इस तरह के अपराध या तो बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से या उनकी लापरवाही के कारण हो सकते हैं, ऐसा कहते हुए कोर्ट ने RBI और बैंकों की ओर से समय पर कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने सीबीआई को 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों की पहचान करने का निर्देश दिया।

**कोर्ट बोला, ये रकम छोटे राज्यों के बजट से भी ज्यादा**

### 'केंद्र RBI, बैंकों से परामर्श कर नियम बनाए'



AI Image

**कोर्ट ने कहा**
जो 10-20 हजार की ही निकासी करता है, अचानक 25 या 50 लाख के लेन-देन करने लगे, तो बैंक को अलर्ट जारी करना चाहिए।

डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में व्यावहारिक और उदार रवैया अपनाने की जरूरत है।
-सुप्रीम कोर्ट



### 'ऐसा मैकेनिज्म बनाएं बैंक, जिससे कस्टमर अलर्ट हों'

**सुप्रीम कोर्ट** ने गुजरात और दिल्ली सरकारों से कहा कि वह डिजिटल अरेस्ट के मामलों में जांच के लिए सीबीआई को जरूरी मंजूरी दें। कोर्ट ने ये भी कहा कि साइबर फ्रॉड को रोकने में बैंकों को एक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बैंकों की यह जिम्मेदारी है कि वे ऐसा मैकेनिज्म डिवेलप करें, जिससे 'डिजिटल अरेस्ट घोटालों' के तहत ठगे जाने पर बड़े पैमाने पर हो रहे लेन-देन को रोकने के लिए कस्टमर को अलर्ट किया जा सके। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आप (सरकार) हमें निर्देश जारी करने के लिए विवश नहीं करेंगे। यदि RBI कोई तंत्र विकसित कर सकता है।

# आतंक के आरोपी की जेल में हत्या

■ NBT न्यूज, बल्लभगढ़


अब्दुल रहमान पर राम मंदिर उड़ाने की साजिश का आरोप था

**हरियाणा की** सबसे हाई सिक्योरिटी माने जाने वाली फरीदाबाद की जिला जेल में रविवार रात को 20 साल के आतंक के आरोपी अब्दुल रहमान के सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप जेल के बैरक में बंद गैंगस्टर अरुण चौधरी उर्फ अब्बू जट पर लगा है। अब्दुल रहमान को जेल की स्पेशल सेल में रखा गया था। इसके साथ अरुण चौधरी और एक अन्य बंदी था। अब्दुल की मार्च में पेशी होनी थी। पुलिस के मुताबिक, अयोध्या स्थित मिल्कीपुर गांव में रहने वाले अब्दुल रहमान (20) को गुजरात एटीएस और केंद्रीय जांच एजेंसी आईबी ने 2 मार्च 2025 को फरीदाबाद में पाली गांव के पास से पकड़ा था। आरोप है कि वह अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट (एक्यूआईएस) के कुख्यात आतंकी अबू सूफियान के संपर्क में था। आरोप है कि उसने अयोध्या में राम मंदिर उड़ाने की साजिश रची थी। अब्दुल रहमान के पास दो हैंड ग्रेनेड मिले थे। तब से वह जिला जेल में बंद था।

**गैंगस्टर ने सिर पर नुकीली चीज से किया वार**

## सेंगर मामले में जल्द सुनवाई करने का आदेश


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट से कहा है कि निष्कासित बीजेपी नेता कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर जल्द सुनवाई की जाए और इस मामले में 3 महीने में फैसला दिया जाए।



सेंगर ने उन्नाव केस में पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत से जुड़े मामले में अपनी सजा को अदालत में चुनौती दी है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार करने वाले हाई कोर्ट के पुराने आदेश में कोई भी दखल देने से साफ इनकार कर दिया है।

## शरद पवार के सीने में संक्रमण, अस्पताल में भर्ती

■ भाषा, पुणे : एनसीपी (SP) के प्रमुख शरद पवार को खांसी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद सोमवार को बारामती में उनके आवास से पुणे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



रूबी हॉल क्लिनिक के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ और प्रबंध न्यासी डॉ. परवेज ग्रांट ने बताया, सीटी स्कैन जांच में छाती में संक्रमण की पुष्टि हुई है। चिकित्सकों की एक टीम उनकी जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया, 85 वर्षीय नेता को सोमवार को दोपहर के वक्त अस्पताल लाया गया था।

## विले पार्ले की एक इमारत में आग, महिला की मौत

■ NBT, रिपोर्ट, मुंबई: सोमवार सुबह विले पार्ले की एक इमारत में आग लग गई। हादसे में भावना भरत सात्रा (62) झुलस गईं और उनकी मौत हो गई। इस हादसे में अनीता नितेश सात्रा (34) भी झुलस गईं। उन्हें नानावटी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। आग इमारत की 13वीं मंजिल पर लगी। आग की चपेट में फ्लैट नंबर 1301 और 1302 आ गए। आग बुझाने में मुंबई फायर ब्रिगेड के वरिष्ठ अधिकारी, स्टेशन अधिकारी और जवान शामिल रहे। कई घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। ▸▸पेज 3

**इस हादसे में एक और महिला बुरी तरह झुलसी**




CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: kamlesh.mestry@timesofindia.co Time: 02-09-2026 22:43 Color:





जहां एजेंसियां हस्तियों को ब्रांड एम्बेसडर बनाती हैं, वहीं महाराष्ट्र राज्य पर्यटन विभाग ने स्कूली बच्चों को ब्रांड एम्बेसडर बनाना तय किया है। -p4



कल्याण-डोंबिवली म्युनिसिपल की सीमा में करीब 3 लाख अवैध कंस्ट्रक्शन हैं। लेकिन प्रशासन ने कोई फैसला नहीं लिया है। -p5

166 रहा मुंबई का AQI सोमवार को, जो सेहत के लिए नुकसानदेह है।

32.7 अधिकतम तापमान दर्ज किया गया सोमवार को। दिन में कड़ी धूप रही।


www.mumbai.nbt.in



## विक्रोली में कंस्ट्रक्शन से होने वाले प्रदूषण पर अदालत की सख्ती भी बेअसर

LBS मार्ग

# ना कोर्ट का डर, ना नियमों की परवाह



Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

मुद्दा पब्लिक का

वायु प्रदूषण को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट के सख्त निर्देशों के बावजूद जमीनी हालात में कोई ठोस सुधार नजर नहीं आ रहा। मुंबई की प्रमुख सड़कों में शामिल LBS मार्ग पर हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, लेकिन BMC की भूमिका सवालों के घेरे में है। न तो प्रभावी निगरानी दिखाई देती है और न ही प्रदूषण से जूझ रही जनता की परेशानी पर कोई ठोस कार्रवाई होती है। बिल्डर्स ने भी नियमों से बचाव के अलग-अलग विकल्प खोज लिए हैं।

विक्रोली पश्चिम स्थित LBS मार्ग पर एक बड़ी कंपनी की फैक्ट्री से सटे इलाके में पिछले डेढ़ साल से एक नामी बिल्डर का निर्माण कार्य जारी है। निर्माण स्थल से लगातार सीमेंट और धूल हवा में घुल रही है, लेकिन धूल नियंत्रण के लिए जरूरी पानी का छिड़काव लगभग नदारद है। साइट के गेट पर एक डिजिटल बोर्ड पर AQI के आंकड़े जरूर प्रदर्शित किए गए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन आंकड़ों से कहीं अधिक गंभीर है।

एक और गगनचुंबी इमारत का निर्माण चल रहा है, तो दूसरी ओर एक स्टाफ क्वार्टर की मरम्मत का काम जारी है। इसके साथ ही पहले से बने फुटपाथ को उखाड़कर दोबारा ब्लॉक बैठाने का काम भी किया जा रहा है। रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक वडाला-ठाणे मेट्रो लाइन का निर्माण कार्य चलता है, जिससे धूल और प्रदूषण का स्तर और बढ़ जाता है।

### आखिर कहां है BMC की निगरानी?

स्थानीय लोगों का सवाल साफ है कि जब अदालत लगातार निर्देश दे रही है और नियम पहले से मौजूद हैं, तो बीएमसी की निगरानी आखिर कहां है? क्या आम नागरिकों को बीमार होने के लिए छोड़ दिया गया है? मुंबई की हवा लंबे समय से 'अस्वास्थ्यकर' श्रेणी में दर्ज की जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, विक्रोली पश्चिम में ऊंची इमारतों से उड़ती धूल, खुले में पड़ा मलबा और बिना कवर निर्माण सामग्री वायु गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है। बीएमसी ने निर्माण स्थलों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नियमों के अनुसार, निर्माण सामग्री को खुले में रखना प्रतिबंधित है, साइट पर नियमित पानी का छिड़काव अनिवार्य है और मलबे को ढककर ही परिवहन किया जाना चाहिए। ट्रकों को ढककर चलाना, साइट से बाहर निकलते और सड़कों पर धूल या मिट्टी जमा न होने देने के निर्देश भी हैं।

मैं खुद मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लूंगी। यदि बीएमसी की गाइडलाइंस का उल्लंघन हो रहा है, तो वॉर्ड ऑफिसर को सूचित कर उचित कार्रवाई की जाएगी। - सकीना अयूब शेख, नगरसेविका, प्रभाग 124

हाई कोर्ट के आदेश के बाद हमने सभी कंस्ट्रक्शन साइट्स को नोटिस देकर दिशा-निर्देश का पालन करने को कहा है। यदि कोई उल्लंघन कर रहा है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। - डॉ. गजानन बेल्लाले, असिस्टेंट कमिश्नर, एन वॉर्ड

### दिशा-निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन

विक्रोली पश्चिम में एक इमारत का निर्माण कार्य जोरों पर है। उसके पीछे एक आरएमसी प्लांट भी संचालित हो रहा है। सड़क पर बैरिकेडिंग, उड़ती धूल और मलबा फैला हुआ है। फुटपाथ पर चलने की जगह तक नहीं बची है, वहीं एक शोरूम द्वारा गाड़ियों को सड़क पर खड़ा कर दिया जा रहा है। इससे वाहनचालकों और पैदल यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। यहां बीएमसी के दिशा-निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन देखा जा रहा है। कई जगहों पर मलबा, रेत और सीमेंट से लदे बड़े ढेर खड़े हैं, जिससे हल्की हवा चलने पर भी धूल का गुबार उठ रहा है। हालांकि बीएमसी ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रभावी गाइडलाइंस बनाई हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनके सख्त पालन के प्रयास नजर नहीं आते। लगातार बढ़ते निर्माण कार्यों के बीच नियमों की अनदेखी का सीधा असर इलाके की हवा और लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।








### दुकानदारों को लगाना पड़ रहा मास्क

हालात ऐसे हैं कि इलाके में महज 10 मिनट रुकने पर ही छींक आने लगती है और सांस लेना तकलीफदेह हो जाता है। एक कंस्ट्रक्शन साइट से सटी साई इलेक्ट्रिकल दुकान के मालिक उमाशंकर मिश्रा और उनकी एक सहयोगी पिछले कई महीनों से रोजाना करीब 12 घंटे मास्क पहनकर काम करने को मजबूर हैं।

# रिएक्शन, फॉर्म्युला और थिअरी का सही तालमेल है केमिस्ट्री

NO टेंशन NBT

Navin.Pandey@Timesofindia.Com



■ **मुंबई:** महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड की बारहवीं कक्षा की केमिस्ट्री परीक्षा 18 फरवरी को आयोजित होने जा रही है। परीक्षा में गिने-चुने दिन शेष हैं। ऐसे में सही रणनीति के साथ तैयारी की जाए, तो यह विषय स्टूडेंट्स के लिए स्कोरिंग साबित हो सकता है। केमिस्ट्री ऐसा विषय है, जिसमें रिएक्शन, फॉर्म्युला और थिअरी-तीनों का संतुलन बनाकर पढ़ने से अच्छे अंक हासिल किए जा सकते हैं। सब्जेक्ट एक्सपर्ट राधा पांडेय के अनुसार, 'अगर स्टूडेंट्स किताब के अनुसार तैयारी करें और प्रेजेंटेशन पर ध्यान दें, तो केमिस्ट्री में नंबर बढ़ाना मुश्किल नहीं है।'

**प्रश्न-पत्र की संरचना को समझना है जरूरी**

केमिस्ट्री का पेपर कुल 100 मार्क्स का होता है, जिसमें 30 मार्क्स प्रैक्टिकल और 70 मार्क्स लिखित परीक्षा के होते हैं। लिखित प्रश्न-पत्र चार सेक्शन में बंटा रहता है। सेक्शन-ए में दो प्रश्न होते हैं। पहले प्रश्न में एक-एक मार्क्स के 10 बहुविकल्पीय प्रश्न होते हैं। ये प्रश्न आम तौर सीधे और सरल होते हैं। दूसरा प्रश्न आठ उपप्रश्नों का होता है, जो भी एक-एक मार्क के होते हैं। इस सेक्शन से थोड़ी मेहनत में 18 मार्क्स सुरक्षित किए जा सकते हैं। सेक्शन-बी 16 मार्क्स का होता है, जिसमें दो-दो मार्क्स के प्रश्न क्रमांक 3 से 14 तक पूछे जाते हैं और इनमें से आठ प्रश्न हल करने होते हैं। सेक्शन-सी 24 मार्क्स का होता है, जिसमें तीन-तीन मार्क्स के प्रश्न क्रमांक 15 से 26 तक दिए जाते हैं, इनमें से आठ प्रश्न करने होते हैं। अंतिम सेक्शन में चार-चार मार्क्स के प्रश्न क्रमांक 27 से 31 तक होते हैं, जिनमें से किसी तीन का उत्तर देना अनिवार्य है।

### इन चैप्टर्स से इतने अंकों के प्रश्न

केमिस्ट्री के पेपर में सॉलिड स्टेट से 3 (5) मार्क्स, सॉल्यूशंस से 4 (6), आयनिक एक्विलिब्रिआ से 4 (5), केमिकल थर्मोडाइनेमिक्स से 6 (8), इलेक्ट्रोकेमिस्ट्री से 5 (7), केमिकल किनेटिक्स से 4 (6), एलिमेंट्स ऑफ ग्रुप 16, 17 और 18 से 6 (8), ट्रांजिशन एंड इनर ट्रांजिशन एलिमेंट्स से 6 (8), कोऑर्डिनेशन कंपाउंड्स से 5 (7), हेलोजन डेरिवेटिव्स से 5 (7), अल्कोहल, फेनॉल्स एंड ईथर्स से (6), एल्डिहाइड्स, कीटोन्स, कार्बोक्सिलिक एसिड्स से 6 (8), अमाइन्स से 3 (4), बायोमॉलिक्यूल्स से 3 (4), इंट्रोडक्शन टू पॉलिमर केमिस्ट्री से 3 (4) और ग्रीन केमिस्ट्री और नैनो केमिस्ट्री से 3 (4) मार्क्स के प्रश्न पूछे जाते हैं। कोष्ठक के बाहर जो नंबर लिखे हैं, उतने मार्क्स के अनिवार्य रूप से प्रश्न पूछे जाते हैं और कोष्ठक में लिखा हुआ मार्क्स विकल्प सहित है।

### तैयारी के दौरान इन बिंदुओं पर दें विशेष ध्यान

- पिछले पांच साल के बोर्ड के प्रश्न-पत्र हल करें। इससे कॉन्सेप्ट क्लीयर होंगे।
- न्यूमेरिकल प्रश्न हल करते समय सबसे पहले दिए गए आंकड़े स्पष्ट रूप से लिखें, फिर सही फॉर्म्युला लगाएं और अंत में उत्तर के साथ उचित यूनिट्स जरूर दर्शाएं।
- आवश्यक हो, वहां साफ और लेबल किए हुए डायग्राम अवश्य बनाएं।
- रिएक्शन मैकेनिज्म की नियमित प्रैक्टिस करते रहें, ताकि उत्तर लिखते समय कोई चरण न छूटे।
- किसी भी केमिकल प्रक्रिया को समझाते समय सभी तथ्यों को क्रमवार और स्पष्ट रूप में प्रस्तुत करें।

केमिस्ट्री विषय में सफलता के लिए योजनाबद्ध तैयारी, अभ्यास और अवधारणाओं की स्पष्ट समझ जरूरी है। सही रणनीति के साथ पढ़ाई करने पर स्टूडेंट परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।
- राधा पांडेय, टीचर, नेशनल सर्वोदय जूनियर कॉलेज

### नई पुस्तकों से रखें दूरी

एक्सपर्ट की सलाह है कि स्टूडेंट चैप्टर 1, 2, 3, 4, 10, 11, 14 और 15 पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करें। परीक्षा के नजदीक नई गाइड या अतिरिक्त संदर्भ पुस्तकों का अध्ययन करने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे भ्रम बढ़ सकता है। स्टेट बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तक को ही सबसे प्रामाणिक और भरोसेमंद माना गया है। इसमें दिए सभी सॉल्वड न्यूमेरिकल्स को अच्छे से समझना जरूरी है। स्टूडेंट्स को प्रत्येक उदाहरण को कम से कम दो से तीन बार हल करने का अभ्यास करना चाहिए। न्यूमेरिकल हल करते समय पहले सभी आवश्यक डेटा लिखें, उसके बाद सही फॉर्मूला लगाएं और फिर समाधान की प्रक्रिया शुरू करें। अंतिम उत्तर के साथ यूनिट अवश्य दर्शाएं। स्टूडेंट्स को अपनी तैयारी में उन टॉपिक्स को प्राथमिकता देनी चाहिए, जो अधिक अंक वाले हों और समझने में आसान हों। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, केमिस्ट्री के रिएक्शन पूरी तरह याद न होने की स्थिति में भी स्टूडेंट डेफिनेशन, डेरिवेशन, प्रॉपर्टीज, फॉर्मूला और डायग्राम की मजबूत तैयारी के जरिए अच्छे अंक हासिल कर सकते हैं। चैप्टर नंबर-10 से लेकर 13 तक एक क्रम में पढ़ना चाहिए। इससे कॉन्सेप्ट क्लियर रहेगा और समय भी कम लगेगा।

[ श्रीमद्भागवत कथा : भक्तिभाव और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला ]

## 'राम नाम ही मानव जीवन का अंतिम सहारा है...'



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** वरली के सेन्चुरी मिल कॉलोनी में हरिहर संत सेवा मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम दिवस पर भक्तिभाव और अध्यात्म का संगम देखने को मिला। सात दिनों तक व्यास मंच पर विराजमान स्वामी अध्मेय प्रपन्नाचार्य महाराज ने भक्तों को मानव जीवन के वास्तविक उद्देश्य, सदाचार, सेवा और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनकी कथा ने श्रोताओं को आत्मचिंतन और भगवत भक्ति की ओर अग्रसर किया। इस अवसर पर पधारे महामंडलेश्वर स्वामी विनय स्वरूपानंद सरस्वती महाराज ने भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के अवतारों के गूढ़ रहस्य को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि राम नाम ही मानव जीवन का अंतिम सहारा है।

इस अवसर पर मुंबई बीजेपी के धार्मिक प्रकोष्ठ के सुरेश मिश्र, हरिहर संत सेवा मंडल के पदाधिकारी रजनीकांत दीक्षित, अनिल तिवारी, करुणा शंकर शास्त्री, उमाकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा माह: बच्चों को समझाए गए ट्रैफिक के नियम

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई में बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से अदाणी इलेक्ट्रिसिटी और अदाणी फाउंडेशन ने ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से विशेष पहल की। 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को 'सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी' विषय से जोड़ते हुए ट्रैफिक नियमों की बारीकियां आसान और रोचक तरीके से समझाई। प्रोजेक्ट 'उत्थान' के अंतर्गत मॉक जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक लाइट गेम्स और इंटरैक्टिव गतिविधियों के जरिए बच्चों को सड़क पार करने के सही तरीके, सिग्नल के महत्व और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया।



## सरकारी अस्पतालों में इलाज पहले जैसा ही फ्री

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** राज्य स्वास्थ्य विभाग के कंट्रोल में आने वाले सरकारी अस्पतालों में जांच और इलाज पहले की तरह ही मुफ्त कर दिए गए हैं। यह स्वास्थ्य विभाग के 23 अगस्त 2023 के सरकारी फैसले के मुताबिक ही किए गए हैं। सर्विस सुविधाएं देने के लिए 6 जून 2015 के सरकारी फैसले के तहत सरकार द्वारा मंजूर रेट गलती से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 जनवरी 2026 को पब्लिश किए गए सिटीजन चार्टर में शामिल हो गए थे। इससे भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी। पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के कंट्रोल में आने वाले सरकारी अस्पतालों में जांच और इलाज फ्री कर दिए गए हैं, इसलिए 9 फरवरी 2026 के कॉरिजेंडम के मुताबिक सिटीजन चार्टर के ॲनेक्श्चर-3 को हटा दिया गया है।


किया स्वीकार-गलती से पब्लिश हो गए थे 2015 के रेट



महाराष्ट्र सरकार के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के कंट्रोल में आने वाले सभी जिला हॉस्पिटल, सब-डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल, ग्रामीण हॉस्पिटल और प्राइमरी हेल्थ सेंटर पहले की तरह ही मरीजों को फ्री मेडिकल चेक-अप, दवाइयां और सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराएंगे। 'महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना' और सरकारी हेल्थ सिस्टम के जरिए गरीब मरीजों को फ्री हेल्थ सर्विस देने की पॉलिसी जारी है।

## जल्द खुलेगा राम मंदिर फ्लाइओवर एक्सटेंशन

Kaushik Naik



राम मंदिर फ्लाइओवर के एक्सटेंशन का काम अंतिम चरण में है। आने वाले कुछ सप्ताह में इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इसके शुरू हो जाने से गोरेगांव के साथ-साथ ओशिवरा की तरफ जाने वालों को राहत मिलेगी।

## गोवा जा रही वंदे भारत ट्रेन मवेशियों से टकराई

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई**

**महाराष्ट्र के** सबसे व्यस्त रेल मार्गों में शामिल मुंबई-गोवा खंड पर सोमवार को रेल यातायात करीब तीन घंटे तक ठप रहा। यह स्थिति तब बनी, जब मुंबई से मडगांव जा रही एक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन ट्रैक पर आए मवेशियों से टकरा गई। यह हादसा कुडाल और सिंधुदुर्ग स्टेशनों के बीच सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, ट्रेन के सामने अचानक तीन मवेशी आ गए। टक्कर इतनी तेज थी कि मवेशी उछलकर पास लगे बिजली आपूर्ति के खंभे से जा टकराए। इससे खंभा मुड़ गया और ओवरहेड बिजली के तार टूट गए। सुरक्षा को देखते हुए पूरे खंड की बिजली आपूर्ति तुरंत बंद कर दी गई।

मुंबई-गोवा रूट पर तीन घंटे ठप रहा रेल यातायात, कुडाल और सिंधुदुर्ग के बीच की घटना



### तीन घंटे चला मरम्मत कार्य, बिजली बहाल

कोंकण रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि खंभे और तारों को नुकसान पहुंचने के कारण ट्रेनों का संचालन पूरी तरह रोकना पड़ा। मरम्मत के लिए तकनीकी टीम को तुरंत मौके पर भेजा गया। इस दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रहीं। करीब तीन घंटे की मरम्मत के बाद दोपहर 2:30 बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई, जिसके बाद रेल यातायात धीरे-धीरे सामान्य हुआ।

## मुंबई यूनिवर्सिटी में पेंट टेक्नॉलॉजी की इंडस्ट्री-रेडी सुविधा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** रंग और कोटिंग उद्योग की दिग्गज कंपनियों के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) सहयोग से मुंबई यूनिवर्सिटी में पेंट टेक्नॉलॉजी की इंडस्ट्री-रेडी सुविधाएं शुरू की गई हैं। इस पहल से पेंट टेक्नॉलॉजी के स्टूडेंट्स को अब केवल सैद्धांतिक पढ़ाई तक सीमित नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि वे प्रत्यक्ष प्रशिक्षण लेकर उद्योग की बदलती जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार कर सकेंगे।

स्टूडेंट्स को मिलेगा इंडस्ट्री-रेडी प्रशिक्षण

कान्साई नेरोलैक पेंट्स लिमिटेड और जैनिको केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर सहयोग से यूनिवर्सिटी में 'पेंट स्प्रे बूथ' और 'मेटल प्री-ट्रीटमेंट सिमुलेशन यूनिट' जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शुरू की गई हैं। इन सुविधाओं को गवर्नमेंट व्यवसाय शिक्षा एवं विकास संस्थान में स्थापित किया गया है, जहां बीएससी और एमएससी पेंट टेक्नॉलॉजी जैसे विशेष पाठ्यक्रम संचालित होते हैं।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे। किसी व्यक्ति या संस्था से जान सोच समझकर लें। फिजूल के खर्चों से बचें। किसी को भी उधार देने से बचें। पैसा फंस सकता है। आज पत्नी पक्ष से उत्तम सहयोग प्राप्त हो सकता है। रात का समय परिवारजनों के साथ बीतेगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज के दिन बहुत व्यस्तता का होगा, ज्यादा भागदौड़ में सावधानी बरतें, पैर में चोट लगने का भय है। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज रुके हुए कामों की पूर्ति होगी। किसी काम में विनियोग करना पड़े तो करें, आगे चलकर भरपूर लाभ मिलेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट की वृद्धि हो सकती है। आज सामाजिक कार्यों में व्यवधान आ सकता है। कुछ आकस्मिक लाभ होंगे से आपकी धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि सुदृढ़ होगी। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। शाम से रात तक गाने बजाने तथा संगीत में रुचि रहेगी।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अवश्य मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आज ननिहाल पक्ष से धन एवं विशेष सहयोग मिलने की सम्भावना है। आप अपनी शानो शौकत के लिए धन खर्चा करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे। मित्रों का सहयोग मिलता रहेगा।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज का दिन मिश्रित फलदायक है। मानसिक अशांति, चिन्ताएं एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग यथेष्ठ रूप से प्राप्त होगा। व्यर्थ व्यय का आज योग है। आप मन से लोगों का भला सोचेंगे, किन्तु लोग इसको मजबूरी या स्वार्थ ही समझेंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक है। आपके अधिकार व सम्पत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। दशम भाव में वृहस्पति उच्च राशि का होकर विराजमान है इसलिए आज आप अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें। ससुराल पक्ष से आपको लाभ मिलने की सम्भावना है।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आपका मन आहत और परेशानी में रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शाम तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद-विवाद राज्य में लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण सम्भावना है।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपके ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके अंदर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे, मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। शाम से लेकर रात के समय तक पेट के विकार होने की सम्भावना है, ऐसे में सावधान रहें।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ साथ ऐसे अनावश्यक खर्चों का सामना करना पड़ेगा जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा। आपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा एवं रुके हुए काम पूर्ण हो जाएंगे। नए काम में निवेश कर सकते हैं।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने परिवार के लोगों से विश्वासघात होने की सम्भावना है। स्वास्थ्य सुख भोग, नौकर चाकरों का सुख पूर्ण रूप से मिलेगा। शाम से रात तक यात्रा भी हो सकती है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज चौथे भाव में मिथुन राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री के वैवाहिक किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। रात में प्रियजनों और परिजनों से हास्य विनोद रहेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

मंगल, चंद्रमा और राहु इस वर्ष के स्वामी माने गए हैं। फरवरी के अंतिम दस दिनों में अच्छी नौकरी मिलने के प्रबल योग बन रहे हैं। यदि आप किसी पुराने विवाद, मुकदमे या मानसिक उलझन में फंसे हुए हैं, तो मार्च के महीने में इनसे राहत मिल सकती है। जिन जातकों की जन्मकुंडली में ग्रह स्थिति जटिल है और जो वर्तमान में शनि, राहु या केतु की दशा से गुजर रहे हैं, उन्हें अप्रैल या मई तक विशेष परिश्रम के बाद संतोषजनक आर्थिक सफलता प्राप्त होगी। व्यापारियों को जून से लेकर जुलाई महीने के अंत तक प्रतिस्पर्धा और आर्थिक उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में वाहन, मशीनरी अथवा तकनीकी संसाधनों से लाभ के योग बनेंगे। किसी नए कार्य को कोई नया आइडिया आपके सामने आ सकता है। नवंबर से लेकर दिसंबर तक व्यापार में कुछ शिथिलता रहेगी, लेकिन जनवरी 2027 से फरवरी-मार्च तक फिर से तेजी आएगी और मुनाफा होगा। महिलाओं की महत्वाकांक्षाएं पूर्ण होंगी और विद्यार्थियों को सामान्य परिश्रम से ही अच्छे परिणाम मिलेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान जरूर दें।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (बुधवार, 11 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 22, शक संवत 1947, फाल्गुन कृष्ण नवमी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 29, शाबान 22, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 11 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल मध्याह्न 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। नवमी तिथि सुबह 9 बजकर 59 मिनट तक के बाद दशमी तिथि का आरंभ। अनुराधा नक्षत्र पूर्वाह्न 10 बजकर 53 मिनट तक के बाद ज्येष्ठा नक्षत्र का आरंभ। व्याघात योग अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 30 मिनट तक के बाद हर्षण योग का आरंभ। गर करण सुबह 9 बजकर 59 मिनट तक के बाद विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा दिन रात वृश्चिक राशि पर संचार करेगा।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | 3 | 7 | |
| | | | 3 | | | | | |
| 4 | | | | 9 | 2 | | 5 | |
| | | | 2 | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | 8 | | 5 | | 2 | 6 |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | 6 | | 4 | 2 | | | | 8 |
| | | | | | 8 | | | |
| | 1 | 7 | | | | | | 3 |

### TELEVISION




| | | | |
|---|---|---|---|
| 09:00 | बालू बबलू | 14:30 | हम पांच |
| 10:00 | बड्डू बुबलक | 15:00 | अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 | रुद्र के रक्षक | 16:30 | प्यार मोहब्बत हैलो सखी |
| 11:30 | अलादीन | 19:30 | रुद्र के रक्षक |
| 12:00 | चमत्कारी अजेय कृष्णा | 21:00 | चीख |
| 13:30 | भ से भई | | |

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: cci Time: 02-09-2026 23:31 Color:



## फटाफट खबरें

### बांद्रा टर्मिनस से चलेगी गोल्डन टेंपल मेल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पश्चिम रेलवे गोल्डन टेंपल मेल के टर्मिनस से संबंधित अस्थायी परिचालन व्यवस्था को अगले छह महीने तक जारी रखेगा। ट्रेन संख्या 12903 मुंबई सेंट्रल–अमृतसर गोल्डन टेंपल मेल आगामी 17 अगस्त तक मुंबई सेंट्रल के स्थान पर बांद्रा टर्मिनस से ही ऑरिजिनेट होती रहेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 12904 अमृतसर–मुंबई सेंट्रल गोल्डन टेंपल मेल आगामी 15 अगस्त तक मुंबई सेंट्रल के स्थान पर बांद्रा टर्मिनस पर ही टर्मिनेट होगी।

### महिला से साढ़े 6 लाख रुपये की ठगी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : गैस बिल भुगतान के बहाने ठगों ने एक महिला से 6,53,263 रुपये की ठगी कर ली। गोवंडी इलाके में रहने वाली 50 वर्षीय महिला को एक मैसेज मिला, जिसमें ठग ने खुद को गैस कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए बिल भुगतान नहीं करने पर गैस सप्लाई काटने की बात कही थी। लिंक डाउनलोड करने के बाद महिला के बैंक खाते से 6,53,263 रुपये धोखे से डेबिट कर लिए गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बॉडी-कैमरा अपग्रेड करेगी ट्रैफिक पुलिस

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई ट्रैफिक पुलिस बॉडी-कैमरा अपग्रेड करने की योजना बना रही है। बताया जा रहा है कि पुराने बॉडी-वॉर्न कैमरों की बैटरी अक्सर खराब हो जाती है। इसके चलते ट्रैफिक पुलिस की कार्य प्रणाली प्रभावित हो जाती है। ये कैमरे शरीर पर लगे रहते हैं, जो ड्यूटी के दौरान अक्सर बंद हो जाते हैं। इस अपग्रेड कैमरे से ट्रैफिक कार्यप्रणाली में अधिक पारदर्शिता आएगी।

### अनजान व्यक्ति की बीच पर मिली लाश

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: जुहू-कोलीवाड़ा लैंडिंग पॉइंट बीच पर 40 से 45 वर्षीय एक अनजान व्यक्ति की लाश मिली है। सांताक्रुज पुलिस ने कहा कि आदमी के कमर के नीचे का हिस्सा गायब है। उसकी पहचान करने की कोशिश जारी है। पुलिस ने कहा कि अगर किसी के पास इस तरह के किसी लापता व्यक्ति के बारे में जानकारी है, तो वह पुलिस से संपर्क करें।

# विरार स्टेशन के प्लैटफॉर्म्स बोरीवली की तर्ज पर होंगे इंटरकनेक्टेड

Priya.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई: विरार में आबादी बढ़ने की वजह से विरार रेलवे स्टेशन पर यात्रा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। खासकर पीक ऑवर्स में यहां भारी जमावड़ा देखने को मिलता है। इसी बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए विरार स्टेशन के पुनर्विकास का काम शुरू किया गया है। मुंबई रेल विकास कॉर्पोरेशन (एमआरवीसी) की ओर से एमयूटीपी-III के तहत किए जा रहे इस प्रोजेक्ट में यात्रियों की सुविधा के लिए डेक, एस्केलेटर और एलिवेटर जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही है। इसके अलावा स्टेशन के बाहर के क्षेत्र की भी व्यवस्था कर जगह बढ़ाई जा रही है, जिससे यात्रियों की आवाजाही अधिक आसान और सुगम हो सकेगी। खास बात यह है कि विरार स्टेशन को बोरीवली की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है, जहां एक प्लैटफॉर्म दूसरे प्लैटफॉर्म से इंटरकनेक्टेड होगा। इस के साथ ही नए प्लैटफॉर्म का भी निर्माण किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट 2 महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को भी गति देगा।

इसके अलावा डेक का भी निर्माण किया जाएगा, जिसे अधिकांश प्लैटफॉर्म से एस्केलेटर, एलिवेटर और सीढ़ियों के माध्यम से जोड़ा जाएगा। पहले चरण का काम 2025 में शुरू किया गया है और अब काम ने गति पकड़ ली है। फिलहाल प्लैटफॉर्म नंबर 3A को चौड़ा करने और विरार स्टेशन पर एक नया होम प्लैटफॉर्म 5A बनाने का काम किया जा रहा है।

### एलिवेटेड लेन से गुजरेंगी गाड़ियां, नहीं लगेगा स्टेशन के बहार जमावड़ा




- एफओबी का किया जा रहा निर्माण
- स्टाफ क्वार्टर बनाए जाएंगे
- बढ़ाई जाएगी प्लैटफॉर्म की संख्या
- गाड़ियों के लिए बनाया जा रहा एलिवेटेड लेन

280x25 मीटर ऊंचा बनेगा डेक

#### 2 प्रोजेक्ट को मिलेगी गति

वर्तमान में 2 महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का काम किया जा रहा है। पहला है बोरीवली-विरार पांचवी-छठी लाइन और और दूसरा है विरार-डहाणू चौपदरीकरण का काम। विरार रीडिवेलपमेंट का काम इन दोनों प्रोजेक्ट को गति देगा। इस काम का फायदा, सबर्बन और एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए अलग डेडिकेटेड लाइन बनाने में भी होगा। कुछ समय पहले, नया डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का काम भी विरार पार करके भिवंडी पहुंच गया है। इसका मतलब है कि मालगाड़ियां अब विरार को बायपास कर सकती हैं, जिससे मौजूदा ट्रैक पर लोड कम हो जाएगा।

### तेजी से पूरा किया जा रहा है रीडिवेलपमेंट का काम



#### एलिवेटेड होगा रिक्शा स्टैंड

स्टेशन के बाहर शेयरिंग ऑटो और अन्य वाहनों की भीड़ की समस्या को दूर करने के लिए एक **एलिवेटेड स्ट्रक्चर** बनाया जाएगा। इसमें एक लेन में ऑटो-रिक्शा और अन्य वाहन खड़े हो सकेंगे, जिससे स्टेशन के बाहर लगने वाला जाम खत्म होगा। यह काम वसई-विरार मनपा (VVMC) की ओर से किया जाएगा।

#### ऊंचे डेक का हो रहा निर्माण

भीड़भाड़ को कम करने के लिए एमआरवीसी मध्य और उत्तरी एफओबी को डेक की मदद से जोड़ेगी। 280x25 मीटर आकार के ऊंचे डेक का निर्माण किया जा रहा है, जो प्लैटफॉर्म 2, 3, 4 और नए प्रस्तावित प्लैटफॉर्म नंबर 5 को कवर करेगा। इस डेक पर जाने के लिए 4 एस्केलेटर और 2 लिफ्ट बनाए जा रहे हैं। साथ ही मौजूदा प्लैटफॉर्म 5, 6 और बुकिंग कार्यालय को जोड़ने वाला एक नया एफओबी भी इस डेक से जोड़ा जाएगा। इस डेक पर 1 बुकिंग ऑफिस और वीवीएमसी द्वारा प्रोपोसड एस+3 बिल्डिंग भी बनाया जाएगा। ताकि यात्रियों को ऑटो रिक्शा की सुविधा मिल सके।

# स्टेट बोर्ड की 12वीं परीक्षा आज से, बैठेंगे 15.32 लाख स्टूडेंट्स

## राज्यभर में बनाए गए हैं 3387 मुख्य परीक्षा केंद्र

Navin.Pandey@Timesofindia.Com


■ मुंबई: महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो रही है। इस साल परीक्षा में 15.32 लाख स्टूडेंट्स बैठ रहे हैं। नकलमुक्त अभियान, सीसीटीवी निगरानी, फ्लाइंग स्क्वॉड और स्टूडेंट्स के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हेल्पलाइन जैसी कई अहम व्यवस्थाओं के साथ बोर्ड ने परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली है। स्टेट बोर्ड के मुताबिक, राज्यभर के 10,664 जूनियर कॉलेजों के स्टूडेंट्स के लिए 3,387 मुख्य परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

स्टेट बोर्ड के सेक्रेटरी डॉ. दीपक माली के मुताबिक, इस साल परीक्षा में बैठने के लिए 15,32,487 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें 8,20,229 लड़के, 7,12,240 लड़कियां और 18 ट्रांसजेंडर स्टूडेंट्स शामिल हैं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और सामान्य ज्ञान विषयों की परीक्षा ऑनलाइन मोड में होगी। आईटी विषय के लिए 2,36,320 स्टूडेंट्स और सामान्य ज्ञान के लिए 1,708 स्टूडेंट्स रजिस्टर हुए हैं।

**परीक्षा केंद्रों पर रहेगी कड़ाई**

स्टेट बोर्ड के अनुसार, परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए राज्यभर में 271 फ्लाइंग स्क्वॉड, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समितियां बनाई गई हैं। राज्य में पहली बार बारहवीं की परीक्षा की सीसीटीवी से लाइव निगरानी की जाएगी। जिन स्कूलों की कक्षाओं में सीसीटीवी नहीं है, वहां पर उस स्कूल के स्टाफ की तैनाती नहीं होगी। उन परीक्षा केंद्रों पर बाहर से पर्यवेक्षक आएंगे। परीक्षा केंद्र के 500 मीटर दायरे में जेरॉक्स सेंटर बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। नकल या किसी भी तरह की गड़बड़ी में लिप्त पाए जाने पर महाराष्ट्र प्रिवेंशन ऑफ मालप्रैक्टिसेज ऐक्ट 1982 के तहत गैर-जमानती अपराध दर्ज किया जाएगा।

- नकलमुक्त परीक्षा के लिए कड़ी निगरानी और उड़न दस्ते की तैनाती
- पहली बार बारहवीं की परीक्षा की होगी लाइव निगरानीनिरीक्षण



### आधे घंटे पहले पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र

स्टूडेंट्स को परीक्षा से कम से कम 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। सुबह की पाली में 10:30 बजे और दोपहर की पाली में 2:30 बजे परीक्षा कक्ष में उपस्थित रहना अनिवार्य है। ऐडमिट कार्ड कॉलेज लॉगिन में उपलब्ध कराए गए हैं। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी पेपर के बाद 10 मिनट अतिरिक्त समय मिलेगा। दिव्यांग स्टूडेंट्स को सरकार के निर्णय के अनुसार विशेष रियायतें जारी रहेंगी। इसके लिए उन्हें अतिरिक्त समय मिलेगा। हॉल टिकट और उत्तर पुस्तिका पर दिए निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

### स्टूडेंट्स के लिए राहत भरा शेड्यूल

बोर्ड ने स्टूडेंट्स के मानसिक तनाव को कम करने के लिए परीक्षा टाइमटेबल इस तरह तैयार किया है कि अधिकांश प्रमुख विषयों के पेपर के बीच पर्याप्त गैप रहे। बोर्ड ने साफ किया है कि केवल बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक टाइमटेबल ही मान्य होगा। परीक्षा के दौरान स्टूडेंट्स को तनाव और परीक्षा भय से बाहर निकालने के लिए राज्यस्तर पर 10 काउंसलर, जबकि जिलास्तर पर प्रत्येक जिले में 2 काउंसलर नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही राज्य और सभी 9 विभागीय बोर्ड में कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन भी शुरू की गई हैं।

**स्ट्रीम वाइज स्टूडेंट्स की संख्या**

| स्ट्रीम | स्टूडेंट्स की संख्या |
| --- | --- |
| साइंस | 7,99,773 |
| कॉमर्स | 3,80,692 |
| आर्ट्स | 3,20,152 |
| वोकेशनल | 27,378 |
| टेक्निकल(ITI) | 4,492 |

# विले पार्ले में लगी आग, एक की मौत

## तीन घंटे के मशक्कत से आग पर पाया काबू

■ NBT, रिपोर्ट, मुंबई: विले पार्ले ईस्ट में सोमवार सुबह एक रिहायशी इमारत में आग लग गई। इस हादसे में 62 वर्षीय भावना भारत सात्रा की मौत हो गई, जबकि 34 वर्षीय अनेरी जितेंद्र सात्रा झुलस गईं। आग फिरोजशाह मेहता रोड स्थित सुविधा पार्ले बिल्डिंग में सुबह करीब 9:40 बजे लगी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही मुंबई फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर 12:54 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। जानकारी के मुताबिक, यह लेवल-1 की आग थी, जो 13 मंजिला इमारत की सबसे ऊंची मंजिल पर लगी थी। आग की चपेट में पास स्थित फ्लैट नंबर 1301 और 1302 आ गए।



### जिम उपकरण जलकर हुए खाक

फ्लैट नंबर 1301 में बिजली की वायरिंग और इंस्टॉलेशन, घरेलू सामान, फर्नीचर, कपड़े, एयर कंडीशनर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, सजावटी सामग्री और रसोई की फॉल्स सीलिंग पूरी तरह जलकर खाक हो गए। वहीं फ्लैट नंबर 1302 में बिजली की वायरिंग और इंस्टॉलेशन के साथ जिम उपकरण और मशीनें भी आग में जलकर खाक हो गए। मुंबई फायर ब्रिगेड के जवानों ने 13वीं मंजिल से दोनों महिलाओं को बाहर निकालकर तुरंत ऐम्बुलेंस से नानावटी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अनेरी जितेंद्र सात्रा करीब छह प्रतिशत तक झुलस गई थीं और उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था। डॉक्टरों ने जहां उनकी स्थिति स्थिर होने की जानकारी दी। वहीं भावना भारत सात्रा को अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आग बुझाने के अभियान में मुंबई फायर ब्रिगेड के वरिष्ठ अधिकारी, स्टेशन अधिकारी और जवान शामिल रहे।

### 41 लाख के गहने चुराए, गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: विलेपार्ले पुलिस ने ऑटो रिक्शा चालक मोहम्मद शेख (25) को 41 लाख रुपये के आभूषणों की चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि मुख्य आरोपी शेख ने दो अन्य लोगों के साथ शेयर ट्रेडिंग व्यवसायी प्रवीण पवारे (63) के बंगले में सेंधमारी की थी। उस समय पवारे चाय पीने के लिए बाहर गए हुए थे और उनकी पत्नी भी दूध खरीदने घर से निकली थी। पुलिस ने कहा कि आरोपी 20 मिनट के भीतर लोहे की अलमारी को तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान लेकर फरार हो गया। शिकायत मिलने पर पुलिस टीम ने पवारे के बंगले के बाहर से लेकर गोवंडी के शिवाजी नगर इलाके तक 100 से ज्यादा CCTV फुटेज स्कैन कर एक संदिग्ध आरोपी को हिरासत में लिया। चोरी किए गए आठ तोले कीमती सामान बरामद कर ली गई है। आरोपी पहले ट्रेनों में मोबाइल चोरी करता था।


### महाराष्ट्र में 70,000 पदों पर होगी भर्ती

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र में जल्द ही 70,000 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें से 50,000 पद महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग से और बाकी 20,000 अन्य तरीके से भरे जाएंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर फैसला हुआ। फडणवीस ने निर्देश दिया है कि भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक कागज और देरी रोकने के लिए ऑनलाइन और डिजिटल वेरिफिकेशन मॉडल शुरू करने की जरूरत है।

# डॉ. भंसाली का मोबाइल हैक कर मुख्यमंत्री और सलमान से मांगे पैसे



डॉ. गौतम भंसाली



CM देवेंद्र फडणवीस



सलमान खान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बॉम्बे हॉस्पिटल के वरिष्ठ कंसल्टेंट और इंटिंसिविस्ट डॉ. गौतम भंसाली का मोबाइल फोन सोमवार की दोपहर हैक हो गया। इसकी जानकारी उन्हें तब हुई जब अस्पताल में कार्यरत एक कर्मचारी ने उनसे पूछ लिया कि क्या उन्हें 46 हजार रुपये की तत्काल जरूरत है।

हैकर ने डॉ. भंसाली का फोन हैक करके मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अभिनेता सलमान खान, मनीष पॉल, अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह, सीएम की पत्नी अमृता फडणवीस, सीएम के पीए, राज्य के गृह सचिव और प्रमुख सचिव, एमएमआरडीए कमिश्नर से पैसों की मांग की थी। इनमें से तीन लोगों ने पैसे ट्रांसफर भी कर दिए थे।

डॉ. भंसाली ने जब अपना वॉट्सऐप चेक किया तो वह काम नहीं कर रहा था। धीरे-धीरे उन्हें पता चला कि उनके मोबाइल नंबर से कई लोगों को 46 हजार रुपये की मांग वाला मैसेज भेजा गया है। मामले में गीतकार मनोज मुंतशिर और डॉ. रूपेश समेत तीन लोगों ने कथित तौर पर 46-46 हजार रुपये ट्रांसफर भी कर दिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए डॉ. भंसाली ने महाराष्ट्र साइबर विभाग के प्रमुख यशस्वी यादव से शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस ने डॉ. भंसाली का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया है। जिन लोगों ने पैसे ट्रांसफर कर दिए हैं, उनके लिए रकम वापस दिलाना अब पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### टीवी ऐक्टर बुलेट चोरी के आरोप में किया गया गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: तिलक नगर पुलिस ने रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में 32 वर्षीय सोशल मीडिया रील्स स्टार और टेलीविजन ऐक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुनील उर्फ रेहान सुभाष चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से पांच चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

पांच रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल जब्त

पुलिस के अनुसार, चौधरी जलगांव जिले के मुक्ताईनगर तालुका का मूल निवासी है और फिलहाल अपनी पत्नी के साथ बदलापुर पूर्व में रह रहा था। रेहान ने कई मराठी धारावाहिकों और फिल्मों में छोटे-मोटे रोल किए हैं। मामला तब सामने आया जब कुर्ला पश्चिम निवासी संदीप ओमप्रकाश सोनकर ने 21 जनवरी को तिलक नगर रेलवे स्टेशन के पास एस.आर. फ्लाईओवर परिसर से अपनी बुलेट चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान आरोपी की लोकेशन बदलापुर पूर्व में सामने आई। जांच में पता चला कि चौधरी करीब 17 मोटरसाइकिल चोरी के मामलों में कथित रूप से शामिल था।

### बाबा सिद्दीकी मर्डर केस: HC ने मानीं आरोपी की दलीलें

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पूर्व विधायक बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक आरोपी को बड़ी राहत दी है। हाई कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में आरोपी आकाशदीप करज सिंह की जमानत मंजूर कर ली। वह इस केस में जमानत पाने वाला पहला आरोपी है। जस्टिस नीला गोखले की बेंच ने जमानत देते हुए शर्त लगाई है कि ट्रायल पूरा होने तक आरोपी मुंबई नहीं छोड़ेगा। बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर, 2024 की रात बांद्रा ईस्ट में उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने बड़े स्तर पर जांच शुरू की थी। पंजाब के रहने वाले 22 वर्षीय आकाशदीप करज सिंह को नवंबर 2024 में गिरफ्तार किया गया था।

जमानत याचिका में आरोपी ने दावा किया था कि उसे झूठा फंसाया गया है और उसके खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद व अस्पष्ट हैं। उसका कहना था कि उसे सिर्फ एक संगठित अपराध सिंडिकेट का सदस्य बताया गया है, लेकिन हत्या में उसकी कोई ठोस भूमिका नहीं बताई गई है।



साथ ही आरोपी ने दलील दी कि मामले का ट्रायल जल्द शुरू होने की संभावना नहीं है और बिना ट्रायल के लंबे समय तक जेल में रखना उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इस मामले में पुलिस ने जनवरी 2025 में चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को वांछित आरोपी बताया गया है। अभियोजन के मुताबिक अनमोल बिश्नोई ने अपने अपराध सिंडिकेट का खौफ और दबदबा कायम करने के लिए बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस इस केस में अब तक 26 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। सभी आरोपियों पर महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम ऐक्ट (MCOCA) के तहत केस दर्ज है और वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### नकली सोना देकर फरार आरोपी 4 महीने बाद अरेस्ट

■NBT रिपोर्ट, मुंबई: एलटी मार्ग पुलिस ने सोने की ठगी के एक मामले में चार महीने से फरार चल रहे आरोपी को भिवंडी के शांतिनगर इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान असरफ अकबर अली अंसारी उर्फ आसलम, निवासी अग्रिपाड़ा के रूप में हुई है। उसे 14 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। आरोपी ने एक महिला से सस्ते दाम में सोना देने का वादा किया था। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसे नकली सोना दिया गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं कर रहा था।

- महिला से सस्ते दाम पर सोना देने का वादा किया और उससे 25 लाख वसूले

इस मामले में पिछले साल 26 नवंबर को पुलिस ने गुजरात से दो अन्य आरोपियों अफराज सुलेमान कुम्बार उर्फ शोएब भाई और आसिफ अब्दुल बलानिया उर्फ अरशद भाई को अरेस्ट किया था। महिला के मुताबिक, पिछले साल 26 सितंबर को ठगी में शामिल आरोपियों ने उससे सोने के सौदे के नाम पर 25 लाख रुपये लिए थे।

### मां ने 2 बेटों के खिलाफ़ दर्ज कराया मामला

Akhilesh.Tiwari @Timesofinda.com

■ मुंबई : देवनार में रहने वाली 66 वर्षीय एक महिला ने अपने दोनों बेटों के खिलाफ वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसके दोनों बेटे वर्ष 2020 से उसकी और उसके पति की देखभाल नहीं कर रहे हैं।

पीड़िता ने पुलिस को बताया, उसके 2 बेटे हैं, इमरान शेख (45) और शाकिर शेख (35)। दोनों न तो माता-पिता को आर्थिक सहायता देते हैं और न ही उनके भरण-पोषण की कोई जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मजबूरी में महिला के 70 वर्षीय पति को परिवार का खर्च चलाने के लिए ऑटो रिक्शा चलाना पड़ रहा है। महिला के अनुसार, उनके पास कुल 3 कमरे हैं। एक कमरे में वह अपने पति के साथ रहती है, दूसरा कमरा किराए पर दिया गया है, जबकि तीसरे कमरे में दोनों बेटे रहते हैं। आरोप है कि बेटे किराए से मिलने वाली रकम भी जबरन मांगते रहते हैं, जिससे दंपति के सामने रोजमर्रा के खर्च चलाने की समस्या खड़ी हो गई है।

शिकायतकर्ता ने बताया, आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने एक कमरा बेचने का सौदा तय किया था और खरीदार से 50 हजार रुपये एडवांस भी लिए थे। हालांकि, जब खरीदार ने कमरे के दस्तावेज जांचने के लिए मांगे तो वे उपलब्ध नहीं थे। महिला का आरोप है कि उनके बेटों ने ही धोखे से कमरे के कागजात चुरा लिए। महिला ने आरोप लगाया कि दोनों बेटे उनके साथ गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।




- महिला का आरोप, दोनों बेटे उसकी और उसके पति की नहीं कर रहे देखभाल
- मजबूरी में महिला के 70 वर्षीय पति को घर खर्च के लिए चलाना पड़ रहा ऑटो

# चार साल बाद BMC में लौटेगा नगरसेवकों का राज

## महानगरपालिका में कल से शुरू होगा कामकाज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पिछले चार वर्षों से BMC में चला आ रहा प्रशासनिक शासन अब खत्म होने जा रहा है। 11 फरवरी से एक बार फिर जनप्रतिनिधियों का शासन शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही मुंबईकरों को उनका निर्वाचित महापौर भी मिल जाएगा। लंबे अंतराल के बाद BMC मुख्यालय में एक बार फिर से राजनीतिक गतिविधियां तेज होंगी और नगरसेवकों, विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नागरिकों की आवाजाही बढ़ेगी।

बता दें कि वर्ष 2022 में शिवसेना के दो भागों में विभाजन के बाद 8 मार्च, 2022 को BMC की पूरी प्रशासनिक जिम्मेदारी अधिकारियों के हाथों में चली गई थी। इसके बाद करीब चार वर्षों तक प्रशासक शासन लागू रहा। इस दौरान BMC आयुक्त इकबाल सिंह चहल और बाद में भूषण गगराणी ने प्रशासन की कमान संभाली। प्रशासक शासन के समय BMC सभागृह, स्थायी समिति, सुधार समिति और अन्य समितियां नाम मात्र की रहीं और सभी अहम फैसले प्रशासनिक स्तर पर ही लिए जाते रहे। इस व्यवस्था के चलते यह स्पष्ट नहीं हो पाता था कि कौन से विकास कार्यों को मंजूरी मिली और किन प्रस्तावों को रोका गया। नगरसेवकों की गैरमौजूदगी में आम नागरिकों को अपने छोटे-बड़े कार्यों के लिए विभागीय कार्यालयों और मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे। कई बार अधिकारियों की अनुपलब्धता के कारण काम अटक जाते थे, जिससे नागरिकों में नाराजगी भी देखी गई।




### इन पदों के होंगे चुनाव

जनप्रतिनिधियों के शासन के साथ महापौर, उप महापौर, स्थायी समिति अध्यक्ष, सुधार समिति अध्यक्ष, शिक्षा समिति अध्यक्ष, बेस्ट समिति अध्यक्ष, विशेष समिति अध्यक्ष और प्रभाग समिति अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों के चुनाव चुने गए नगरसेवकों के माध्यम से किए जाएंगे।

### वैधानिक समितियों के अध्यक्ष पदों का चुनाव तय

वैधानिक समितियों के अध्यक्ष पदों के चुनाव का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया है। 20 फरवरी को स्थायी समिति और शिक्षा समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव होगा, जबकि 23 फरवरी को सुधार समिति और बेस्ट समिति के अध्यक्ष पद के लिए मतदान कराया जाएगा। इसके लिए 18 फरवरी को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। प्रभाग समिति अध्यक्ष पद के चुनाव 5, 6 और 9 मार्च को होंगे, जबकि विशेष समितियों के अध्यक्ष पदों का चुनाव 12, 13 और 16 मार्च को होगा।

अब 11 फरवरी से BMC मुख्यालय और सभी विभागीय कार्यालयों में फिर से रौनक लौटने की उम्मीद है। चार वर्षों बाद महापौर कार्यालय के बाहर नागरिकों की भीड़ और लंबित मामलों को लेकर फरियादें सुनाई दे सकती हैं। साथ ही BMC के अंतर्गत विभिन्न राजनीतिक दलों के पार्टी कार्यालय भी कार्यकर्ताओं और नागरिकों की मौजूदगी से सक्रिय हो जाएंगे।

# धुनों पर गीत लिखना एक रचनात्मक सुविधा : गुलज़ार

## मुंबई किताब उत्सव के चौथे दिन जुटी हस्तियां

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पु. ल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी में राजकमल प्रकाशन द्वारा आयोजित पांच दिवसीय किताब उत्सव में तमाम हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित अमरनाथ के काव्य-संग्रह 'हंसा के बैन' के लोकार्पण से हुई। इस अवसर पर रेखा भारद्वाज और गजरा कोठारी से संजीव चिम्मलगी ने संवाद किया। पंडित अमरनाथ को याद करते हुए रेखा भारद्वाज ने कहा कि गुरु जी को हिंदी, उर्दू और कई अन्य भाषाओं की गहरी जानकारी थी, जब वे बोलते थे तो ऐसा लगता था, मानो गा रहे हों। उन्होंने यह भी कहा कि गुरु जी की बंदिशों को समेटकर एक और किताब प्रकाशित होनी चाहिए।

संजीव चिम्मलगी ने पंडित अमरनाथ से जुड़े किस्से साझा करते हुए उनकी बंदिश 'दुखवा होए गए साथी' की कुछ पंक्तियां सुनाईं, जबकि गजरा कोठारी ने कविता 'जब मुझसे तान खो गई' का पाठ किया। वहीं रेखा भारद्वाज ने 'गीत कैसे बनता है' कविता के अंश और अपने गुरु की बंदिश के कुछ बोल गुनगुनाए।



इसके बाद गीतकार गुलजार के गीत-संग्रह 'गुनगुनाइए' के संदर्भ में यूनुस खान ने उनसे बातचीत की। गुनगुनाइए संग्रह में गुलजार द्वारा लिखे गए पांच सौ गीत संकलित कर पहली बार एकसाथ प्रकाशित किए गए हैं। बातचीत के दौरान गुलजार ने अपने कई चर्चित गीतों के बनने से जुड़े रोचक किस्से साझा किए। उन्होंने कहा कि धुनों पर गीत लिखने की सबसे खूबसूरत बात यह है कि उसमें नए-नए मीटर मिलते हैं और वे इसे एक रचनात्मक सुविधा के रूप में देखते हैं।

### प्रॉपर्टी टैक्स न भरने वालों पर BMC सख्त

■NBT, रिपोर्ट, मुंबई: प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान न करने वाले बड़े डिफॉल्टरों के खिलाफ BMC ने कड़ा रुख अपनाया है। BMC की अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी ने निर्देश दिए हैं कि टैक्स का तत्काल भुगतान नहीं होने पर नियमों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रॉपर्टी टैक्स BMC की आय का प्रमुख स्रोत है। टैक्स की मांग मिलने के 90 दिनों के भीतर भुगतान अनिवार्य है। BMC से मिली जानकारी के अनुसार, कुल 20 प्रॉपर्टी मालिकों का 629 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। इनमें सबसे ज्यादा 140 करोड़ रुपये रघुवंशी मिल्स लिमिटेड के बकाया हैं। वहीं राजहंस अर्बोरिएस के 47 करोड़ रुपये, आशापुरा डिवेलपर्स के 44 करोड़ रुपये, सुमेर बिल्डकॉर्प के 39 करोड़ रुपये और समीर भोजवानी के 31 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

सेवाएं

ज्योतिष

विश्व बताये जाने सभी समस्याओं का हल प्रेमविवाह, विदेशयोग, गृहकलेश, उधारी पैसा का गारंटेड समाधान जोक करते हैं हम करके दिखाएं. 9907724766 / 8839904788

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

**PUBLIC NOTICE**

IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BOMBAY TESTAMENTARY AND INTESTATE JURISDICTION PETITION NO: 3413 OF 2025.

Petition for Letters of Administration to the Property of Late Akbar Mohamed Lehry, Shia Muslim, Indian Inhabitant, Mumbai, Married Occupation: Doctor, who was residing at the time of his death at B-302, Juhu Abhishek Apartment CHSL, Juhu Versova Link Road, Near Zaf Fitness Club, Azad Nagar, Andheri West, Mumbai-400053. ...... Deceased

GULSHANBAI AKBARBHAI LEHRI ALIAS GULSHAN AKBAR LEHRY, Age 80 Years, Shia Muslim, Indian Inhabitant of Mumbai, a Widow, Occupation: Housewife, residing B-302, Juhu Abhishek Apartment CHSL, Juhu Versova Link Road, Near Zaf Fitness Club, Azad Nagar, Andheri West, Mumbai-400053: Being the widow of the deceased above named ...... Petitioner

To,
1) Ms. Aquila Lehry
Age: Not Known;
Address- Not Known

If you claim to have any interest in the estate of the above named deceased you are hereby cited to come and see the proceedings before the grant of Letters of Administration.

In case you intend to oppose the grant of Letters of Administration to the Property of Late Akbar Mohamed Lehry, you should file in the Office of the Prothonotary and Senior Master a caveat within 14 days from the service of this citation upon you.

"You are hereby informed that the free legal services from the State Legal Services Authorities, High Court Legal Services Committees, District Legal Services Authorities and Taluka Legal Services Committees as per eligibility criteria are available to you and in case, you are eligible and desire to avail the free legal services, you may contact any of the above Legal Services Authorities / Committees".

Witness Mr. Shree Chandrashekhar, Chief Justice at Bombay

Afore said, this 27th day of January, 2026.

For Prothonotary and Senior Master
Seal Sd/-
Sealer

The 28th day of January, 2026.
Sd/-
Suchitra R Sabale
Advocate for the Petitioner
C-003, Pancharatna CHSL, Jondhali Baug Road, Charai, Thane (W.) - 400 601
Cont. No.7208363305
Email id: adv.sabalers15@gmail.com

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

निविदाएं (टेंडर्स)

IDBI BANK
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
वेबसाइट: www.idbibank.in

ओरलेम चर्च के पास, मार्वे रोड, मालाड वेस्ट में कार्यालय परिसर की आवश्यकता

बैंक लीज पर कार्यालय परिसर प्राप्त करना चाहता है, ओरलेम चर्च के पास, मार्वे रोड, मालाड वेस्ट में ग्राउंड फ्लोर पर, जिसका कारपेट एरिया लगभग 1500-2000 वर्ग फुट हो। इच्छुक परिसर रखने वाली इच्छुक पार्टियां क्षेत्रीय समूह को आवेदन कर सकती हैं: 21 फरवरी 2026 को शाम 6.00 बजे या उससे पहले प्राप्त प्रस्ताव ही स्वीकार किये जायेंगे। ब्रोशर्स और अन्य विवरण हमारी वेबसाइट www.idbibank.in की नोटिस - निविदाएं के तहत डाउनलोड किया जा सकता है या हमारी किसी भी शाखा से एकत्र की जा सकती है।

मुंबई, 10 फरवरी 2026
ह./- सीजीएम और ज़ोनल हेड
मुंबई ज़ोन

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
सुरक्षा सेवाएं, सहायक सेवाएं विभाग, केंद्रीय कार्यालय, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु अनुरोध
Request for Expression of Interest (EoI)

1. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एक अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंक है, जो बैंक की विशेष आवश्यकताओं के अनुसार पूरे भारत में अपने विभिन्न कार्यालयों में चरणबद्ध तरीके से अनुकूलित एक्सेस कंट्रोल और विज़िटर मैनेजमेंट सिस्टम (एसीवीएमएस) स्थापित करना चाहता है, जिसे बैंक के अपने केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली के कमांड सेंटर के साथ एकीकृत किया जा सके। ऐसे समाधानों की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग, परीक्षण और रखरखाव के कार्य में संलग्न विक्रेताओं से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) हेतु अनुरोध आमंत्रित किया जाता है।

2. वेबसाइट पर उल्लिखित मानदंड के अनुसार एसीवीएमएस के लिए ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय दिनांक 20/02/2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक है। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://www.unionbankofindia.bank.in तथा www.eprocure.gov.in पर जाएं।

उप महाप्रबंधक (सुरक्षा)

भारतीय सनदी लेखाकार संस्था
निविदा सूचना

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई), मुंबई के बीकेसी स्थित आईसीएआई टॉवर परिसर में मौजूदा खराब फेस बत्तियों को हटाने और नए फेस बत्तियों को बिछाने तथा जलरोधीकरण उपचार के लिए प्रतिष्ठित और अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रारूप में, दो बोली प्रणाली के तहत सीलबंद, बिना शर्त निविदा आमंत्रित करता है।

[illegible]

हस्ताक्षर/-
सचिव आईसीएआई

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, Dipali Amol Pawar Wife of Pawar Amol Jaysing r/o Sarola Kasar, Ahmednagar, M.H-414005 have changed my DOB from 14/04/1999 to 14/05/1999 vide aff. 58AB558238 dt. 15/12/2025 at Nashik

I, Jayana Bee Mother of Mahaboob Bhasha Shaik r/o Buruju Palli, Mundlapadu, Prakasam, A.P- 523367 have changed my name from Jayana Bee to Shaik Jaynabi vide aff. 59AB895025 dt. 09-02-2026 at Nashik

मैं रेवत सिंह पनहल, पुत्र गुलाब सिंह पनहल, पूर्व भारतीय नौसेना, ऑनरेरी लेफ्टिनेंट (सेवानिवृत्त) ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए, अपना नाम रावत सिंह से बदलकर रेवत सिंह पनहल कर लिया है। (MH Govt Gaz no M-25423340)

I, Manjula Mother of Chandru V G r/o Koodumangaluru, Kushalanagara Hobli, Somwarapete, Kodagu, Karnataka - 571232 have changed my DOB from 01-01-1970 to 01-01-1973 vide aff. 59AB895022 dt. 09-02-2026 at Nashik

I JC 707959Y Sub Ashish Kumar Porwal presently residing at AFMSD Kandivali East Mumbai 400101 by an affidavit before notary Mumbai that my mother Umadevi date of birth 05 May 1963 is not correct to due to wrong publication of part II Order. Her actual date of birth is 01 Jan 1961.

I am changing my name from Babita Jethanand Chugh to Meeta Chhagaram Nagpal for passport issuance.

I, Savita Wife of No-JC 296747L Nb Sub (Retd) Bodke Navnath Shivram r/o Suvarna Sankul, Sinnar, Nashik, M.H-422103 have changed my name from Savita to Savita Navnath Bodke vide aff. 55AB679862 dt. 16/01/2026 at Sinnar

I, Manjula B Mother of Chandru V G r/o Koodumangaluru, Kushalanagara Hobli, Somwarapete, Kodagu, Karnataka - 571232 have changed my name from Manjula B to Manjula vide aff. 59AB895023 dt. 09-02-2026 at Nashik

I JC 707959Y Sub Ashish Kumar Porwal presently residing at AFMSD Kandivali East Mumbai 400101 by an affidavit before notary Mumbai have changed my father name from Ramakant Porwal to Ramakant due to wrong publication of part II Order. His date of birth i.e. 03 Jan 1958 is not correct. His actual date of birth is 01 Jan 1959.

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

BOOK YOUR PERSONAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Faridi 9594 343 468
Jitesh Dominic 9867407521
To Book Online Log on To
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK


# जिला परिषद - पंचायत समिति चुनाव में भी BJP आई नंबर-1

## शिंदे सेना को पछाड़ कर अजित पवार की NCP दूसरे नंबर पर पहुंची

Brijesh.Tripathi@Timesofindia.com

■ **मुंबई:** सोमवार को राज्य के 12 जिला और 125 पंचायत समितियों के चुनाव परिणाम महायुति के पक्ष में है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद हुए पहले चुनाव में अजित पवार की एनसीपी ने शानदार प्रदर्शन किया है। अजित पवार की एनसीपी ने पुणे की 73 जिला परिषद सीटों में से 51 सीटों पर जीत हासिल की है। कुल 731 जिला परिषद सीटों में से अजित पवार की एनसीपी ने 165 सीटें जीती हैं, वहीं शिंदे की शिवसेना के खाते में 162 सीटें आई हैं।

विपक्षी दलों में कांग्रेस के सर्वाधिक 55 और उद्धव सेना के 43 जिला परिषद सदस्य जीते हैं। सोमवार को रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पुणे, सातारा, सांगली, सोलापुर, कोल्हापुर, छत्रपति संभाजीनगर, परभणी, धाराशिव और लातूर की जिला परिषदों तथा उनके अंतर्गत आने वाली पंचायत समितियों के परिणाम घोषित किए गए। 125 पंचायत समितियों की 1,462 सीट के लिए हुए मतदान में बीजेपी ने 459 सीटें जीती हैं। दूसरे नंबर पर अजित पवार की एनसीपी 306 और एकनाथ शिंदे की शिवसेना के खाते में 302 सीटें आई हैं। वहीं विपक्षी कांग्रेस के खाते में 97 और उद्धव सेना को 89 सीटों पर जीत हासिल हुई है।



चुनाव परिणाम में मिली जीत का जश्न मनाते BJP समर्थक।

**नेताओं के बेटे-बहू, बेटियों, रिश्तेदारों ने मारी बाजी:** जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव में भी दलों ने दिल खोलकर नेताओं के बेटे-बहू, बेटियों सहित रिश्तेदारों को टिकट दिया था। इनमें ज्यादातर जीतने में सफल रहे, वहीं कुछ को हार का भी सामना करना पड़ा है। सांगली में बीजेपी विधायक राम सातपुते की पुत्री साई तेजस्वी और पूर्व विधायक मानसिंह राव नाइक के पुत्र विराज नाइक ने चुनाव जीत हासिल की है। पूर्व विधायक शिवाजी राव नाइक की बहू राजेश्वरी नाइक और पूर्व मंत्री सदाभाऊ खोत की बहू मोहिनी खोत चुन कर जिला परिषद पहुंच गई हैं। कांग्रेस विधायक विश्वजीत कदम के भांजे ऋषिकेश लाड ने विधायक अरुण लाड की बहू धनश्री लाड को हराया। बीजेपी विधायक गोपीचंद पडलकर की बहन माधवी पडलकर भी चुनाव जीत गईं। कोल्हापुर में बीजेपी विधायक राहुल आवडे की पुत्री मनिका आवडे, मंत्री प्रकाश आबिटकर की भाभी रोहिणी, रायगढ़ में मंत्री भरत गोगावले के पुत्र विकास गोगावले और उद्धव सेना के विधायक भास्कर जाधव के पुत्र विक्रांत जाधव विजयी हुए।

### फडणवीस ने अजित 'दादा' को किया याद

सोमवार को चुनाव परिणाम निकलने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार को याद किया। उन्होंने कहा कि अजित पवार के असमय निधन से हम सब बहुत दुखी हैं। लेकिन दुर्भाग्य को टाला नहीं जा सकता। दादा के निधन की वजह से हमने प्रचार न करने का फैसला किया। दादा की जगह कोई नहीं ले सकता है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने कहा कि जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में बीजेपी ने महायुति के सहयोगी दलों और महाविकास आघाडी के दलों से ज्यादा सीटें जीतकर यह साबित कर दिया है कि राज्य की जनता का जनादेश उन्हीं के पक्ष में है।

# पनवेल में BJP का जलवा

## जिला परिषद की आठो सीटो पर BJP का कब्जा



■ पुरुषोत्तम कनौजिया, पनवेल

**पनवेल में** जिला परिषद की आठों सीटों पर बीजेपी ने जीत का परचम लहराया है। पंचायत समिति की 16 में से 15 सीटें बीजेपी ने जीतीं और 1 सीट पर शिवसेना (यूबीटी) को जीत मिली है। इस मौके पर प्रशांत ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार का काम ही हमारी सफलता की नींव है। शेतकरी कामगार पार्टी का ग्राउंड लेवल पर काम नहीं बचा, वह बस अपने नाम पर जनता को भावुक करने का प्रयास करते हैं। जनता ने इतनी सीटें देकर हमारी जिम्मेदारी बढ़ा दी है, हम खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

**प्रीतम म्हात्रे का जलवा बरकरार**

पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव में शेतकरी कामगार पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए प्रीतम म्हात्रे की अहम भूमिका रही। उनके साथ शेकाप के हजारों कार्यकर्ता भी बीजेपी में शामिल हुए थे। चुनाव में जिन शेकाप के इच्छुक उम्मीदवारों को टिकट नहीं मिला था, उन्हें भी प्रीतम म्हात्रे बीजेपी में लाने में सफल रहे थे। इसके चलते प्रचार के समय ही बीजेपी काफी मजबूत हो गई थी। अब बड़ी जीत के बाद प्रीतम म्हात्रे ने कहा कि जब हम शेकाप में थे, तब भी जनता का आशीर्वाद हमारे साथ था। अब बीजेपी के साथ आने से जन समर्थन और बढ़ गया है।

### अंधकार में शेकाप का राजनीतिक भविष्य

एक समय पनवेल, उरण में शेकाप का एकछत्र राज था। बीजेपी के मौजूदा कई कद्दावर नेताओं के राजनीतिक करियर शेकाप से ही शुरू हुए। इनमें रामशेठ ठाकुर, जे. एम म्हात्रे, प्रशांत ठाकुर, प्रीतम म्हात्रे, नितिन पाटील प्रमुख हैं। विधानसभा चुनाव में शेकाप को असफलता मिली, फिर पनवेल मनपा चुनाव में भी उन्हें 78 में से सिर्फ 8 सीटों पर जीत मिली। राजनीतिक जानकारों के अनुसार अब जिला पंचायत और जिला परिषद चुनाव में भी शेकाप का खाता नहीं खुलने से पार्टी के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

# 1200 करोड़ की ठगी: आरोपियों की पुलिस कस्टडी 3 दिन बढ़ी

■ **न्यूज, ठाणे :** हजारों निवेशकों से 1200 करोड़ की ठगी करने वाले टोरेस/टीडब्ल्यूजे एसोसिएट्स प्रा.लि. के गिरफ्तार निदेशकों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जमा पीड़ित निवेशकों का जोरदार गुस्सा दिखा। पीड़ितों ने आरोपियों को घेरने की कोशिश की, जिससे कोर्ट परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया था। तीनों की पुलिस हिरासत सोमवार को खत्म हो रही थी। कोर्ट ने उनकी पुलिस हिरासत तीन दिन बढ़ा दी है। 12 फरवरी तक के लिए तीनों को फिर से पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

TWJ के निदेशक हैं तीनों आरोपी

## महानगर खेल

# टाइम्स शील्ड: सुमेर झवेरी और सिद्दीद तिवारी ने जड़ी फिफ्टी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** टाइम्स क्रिकेट शील्ड टूर्नामेंट के 'बी' डिविजन के थर्ड राउंड के मैच में मुंबई पोर्ट ट्रस्ट एससी 'ए' ने पहले दिन ग्रेटर मुंबई पुलिस एससी 'ए' के खिलाफ 54 ओवर में 268/7 का स्कोर बनाया। ओपनर सुमेर झवेरी ने 75 रन (79 बॉल, 12 फोर) और सिद्दीद तिवारी ने 55 रन (67 बॉल, 6 फोर) बनाए। ग्रुप ए के इस मैच में झवेरी ने यश गणेशा (32 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 105 रन भी जोड़े। पुलिस टीम के सुनील पाटील ने 80 रन देकर 3 विकेट लिए। ग्रुप बी के मैच में RBI स्पोर्ट्स क्लब के खिलाफ ग्रेटर मुंबई पुलिस 'बी' की पूरी टीम 63.2 ओवर में 197 रन पर सिमट गई। प्रतीश लाड ने सर्वाधिक 35 रन (58 बॉल, 6 फोर) बनाए। RBI टीम के साइराज नायर ने 55 रन देकर 4 विकेट लिए। स्टंप्स तक RBI टीम ने 3 विकेट पर 27 रन बनाए थे।

TIMES CRICKET SHIELD — Nurturing Mumbai Cricket ~ Since 1930 ~

# शूटिंग चैंपियनशिप में मुंबईकर का चयन, सिंह बने ज्यूरी सदस्य

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई के युवक धीरजकुमार जयप्रकाश सिंह को प्रतिष्ठित एशियन राइफल एवं पिस्टल चैंपियनशिप 2026 के लिए जज और ज्यूरी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की पुष्टि एशियन शूटिंग कन्फेडरेशन ने की है।

धीरज जयप्रकाश सिंह आईएसएसएफ जजेस 'ए' लाइसेंस धारक हैं। उन्होंने नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) तथा इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (ISSF) के तत्वावधान में आयोजित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में ज्यूरी सदस्य और तकनीकी अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निष्पक्ष खेल, नियमों के कड़ाई से पालन, सुरक्षा मानकों और प्रतियोगिता की गरिमा बनाए रखने में उनका योगदान रहा है। उनकी नियुक्ति शूटिंग खेल प्रशासन में उनकी भूमिका को देखते हुए की गई है। भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री श्रीपाद नाईक ने जज एवं जूरी बनाए जाने पर धीरज जयप्रकाश सिंह का स्वागत किया।



## स्टेट अपडेट

# कुंभ से पहले ओझर हवाई अड्डे का किया जाएगा विस्तार: CM फडणवीस

■ **भाषा, नासिक :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ओझर हवाई अड्डे का विस्तार नासिक में होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले 2027 से पहले किया जाएगा। फडणवीस ने कहा, राज्य सरकार ने हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 640 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कुंभ मेले के दौरान नासिक में श्रद्धालुओं की संख्या 8-10 गुना बढ़ने की उम्मीद है, जिसके लिए बेहतर बुनियादी ढांचे व सुविधाओं की जरूरत होगी। रविवार को परियोजना के शिलान्यास समारोह के बाद सीएम ने कहा, हवाई यात्रा अब विलासिता नहीं बल्कि एक जरूरत है।

# पुणे: निर्विरोध चुनी गईं BJP की मंजुषा

■ **भाषा, पुणे :** बीजेपी पार्षद मंजुषा नागपुरे सोमवार को पुणे महानगरपालिका की निर्विरोध महापौर चुनी गईं, जबकि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के परशुराम वाडेकर उपमहापौर बने हैं। एनसीपी की शीतल सावंत और कांग्रेस नेता अश्विनी लांडगे ने महापौर पद के चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया, जबकि एनसीपी पार्षद दत्तात्रेय बहिरत और कांग्रेस के साहिल केदारी ने उपमहापौर पद की दावेदारी से नाम वापस ले लिया। सिंहगढ़ क्षेत्र की पार्षद नागपुरे, आरएसएस से करीबी रूप से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने प्रबंधन में स्नातकोत्तर किया है।

# छात्रा से यौन उत्पीड़न, प्रधानाध्यापक अरेस्ट

■ **भाषा, यवतमाल :** यवतमाल जिले में पुलिस ने 13 वर्षीय छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक स्कूल के प्रधानाध्यापक को अरेस्ट किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया, इस संबंध में पीड़िता के पिता ने शनिवार को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, घाटंजी तालुक के एक जिला परिषद स्कूल के 47 वर्षीय आरोपी प्रधानाध्यापक ने लड़की को फलों और मेकअप के सामान का लालच देकर 2 बार उसका कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


NBT स्मृति — यादों के चिराग

श्रद्धांजलि

तेरहवीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि
नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो
न शोषयति मारुतः ॥
न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं
भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो
न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥



स्व. श्री रामगोपाल शर्मा
(शेरे-शेखावाटी)
श्रद्धावनत
परिवार के सभी सदस्य, सम्बन्धी व मित्रगण

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

प्रार्थना सभा

प्रार्थना सभा



श्रीमती कृष्णा कारीवाला

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी का बैकुंठवास रविवार, दि. ०८/०२/२०२६ को हो गया है।

प्रार्थना सभा:
दिनांक १०/०२/२०२६, मंगलवार, शाम ४:३० से ६:०० बजे है।

स्थल:
टॉवर - C/85 हॉल, डी. बी वुड्स, कृष्णा वाटिका मार्ग, गोकुलधाम, गोरेगांव (ईस्ट), मुंबई - ४०० ०६३.


शोकाकुल:
पति: भागचंद,
पुत्र-पुत्रवधू: संदीप-अनीता
पुत्री-दामाद:
संध्या-योगेश जी जालान
भाभा-ससुर
श्री सत्यनारायण जी,
देवर: ओम प्रकाश, हरिप्रसाद, सुभाष, राजेंद्र, गोविंद
एवं समस्त कारीवाला परिवार

संपर्क:
९१२०१२२१३५/९८१९४११३७५

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

NBT स्मृति — यादों के चिराग

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



(१९४१ - २०२६)

हमारे प्रिय श्री गोपालदासजी चांडक
(सुपुत्र स्व. श्री नथमलजी चांडक)

दिनांक ०८/०२/२६ रविवार को श्रीजी शरण हो गए है।

प्रार्थना सभा: बुधवार, ११ फ़रवरी २०२६ • शाम ५ से ७ बजे
स्थल: माहेश्वरी भवन, ओशिवारा, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई

शोकाकुल परिवार:
श्रीमती विराजदेवी चांडक (धर्मपत्नी)

भाई एवं भाभी:
भगवानदास लीलादेवी चांडक
जुगलकिशोर श्रीकांता चांडक
गंगादास चंद्रकला चांडक
विजयकुमारजी गायत्री चांडक
बसंतकुमार ब्रिजलता चांडक

बेटी एवं जवाई:
वंदना मनोज अग्रवाल
रचना शैलेश फाफट

ससुराल पक्ष:
विनय विवेक बागड़ी एवं परिवार

बहन एवं बहनोई:
रजनी बालकिशन अटल
मंजू कृष्णकुमार राठी
संजू गोवर्धन राठी

समस्त चांडक परिवार

## फटाफट खबरें

### KVA के 5 सदस्यों ने कराया ग्रुप रजिस्ट्रेशन

■ NBT न्यूज, भिवंडी : कोणार्क विकास आघाडी (KVA) के पूर्व महापौर विलास पाटील को अंतिम जमानत मिलने के बाद सोमवार को आघाडी गुट का पंजीकरण कोकण विभागीय आयुक्त कार्यालय में किया गया। KVA के मनपा में चार सदस्य थे, लेकिन निर्दलीय नितेश ऐनकर को विलास पाटील ने अपने गुट में शामिल कर लिया है। बीजेपी का दावा था कि निर्दलीय नगरसेवक उनके साथ है। ऐसे में, यहां बीजेपी-शिवसेना के नगरसेवकों की संख्या 34 रह गई है।

### FGSI में अहम पद पर भिवंडी की डॉ. सुप्रिया

■ NBT न्यूज,भिवंडी : प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञों की सर्वोच्च राष्ट्रीय संस्था फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक ऐंड गायनेकॉलजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (एफओजीएसआई) की किशोर स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष के रूप में भिवंडी की स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया आरवरी का चयन किया गया है। इस उपलब्धि पर देशभर के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा उनका अभिनंदन किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### 'विकसित भारत 2047' पर मंथन


■ NBT न्यूज, मुंबई : ठाकुर रामनारायण कॉलेज ऑफ आर्ट्स ऐंड कॉमर्स, दहिसर में अंतरराष्ट्रीय शोध सम्मेलन में 'विकसित भारत 2047' पर मंथन किया गया। प्र.डॉ. सुमाटी राजकुमार के मार्गदर्शन में हुए सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि SNDT की प्रो-वीसी डॉ. रूबी ओझा थीं। मुख्य वक्तव्य शांति राजन ने दिया। डॉ.दक्षता चौधरी के अनुसार 168 पंजीकरण हुए, 111 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्र पुरस्कृत किए गए।

### घर में व्यक्ति ने लगाई फांसी, ADR दर्ज

■ NBT न्यूज, वसई : नायगांव के बापाने इलाके में एक 56 व्यक्ति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार वाकीपाड़ा स्थित कृष्णा कुंज अपार्टमेंट निवासी गौरव किशोर लाल (56) अपने परिवार के साथ रहते थे। रविवार शाम उन्होंने घर में पंखे के हुक से फांसी लगा ली। पुलिस ADR दर्ज कर जांच में जुटी है।

# KDMC में अवैध निर्माणों पर चुप्पी, DPL का पालन नहीं

## तक़रीबन 3 लाख अवैध कंस्ट्रक्शन को लेकर उठ रहे सवाल


AI Image

■ अरविंद त्रिपाठी, कल्याण: कल्याण-डोंबिवली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की सीमा में तकरीबन 3 लाख अवैध कंस्ट्रक्शन है। इन अवैध निर्माणों के बारे में एडमिनिस्ट्रेशन ने अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है। वहीं, एडमिनिस्ट्रेशन ने इन अवैध कंस्ट्रक्शन के बारे में ड्यू प्रोसेस ऑफ लॉ (DPL) का पालन नहीं किया है। इसलिए, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने इन कंस्ट्रक्शन को अवैध घोषित नहीं किया है। एडमिनिस्ट्रेशन इस प्रोसेस को लागू करने से बच रहा है।

**मनपा सीमा में 68 हजार अवैध निर्माण रिपोर्ट**

पिटीशनर कौस्तुभ गोखले ने 2004 में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की सीमा में अवैध कंस्ट्रक्शन को लेकर हाई कोर्ट में एक पिटीशन फाइल की थी। इस पिटीशन पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने अग्यार कमेटी बनाई। अग्यार कमेटी ने 1984 से 2007 तक अवैध कंस्ट्रक्शन के मामलों की जांच की। इसने अपनी रिपोर्ट तैयार की। अग्यार कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की सीमा में 68 हजार अवैध कंस्ट्रक्शन किए गए थे। जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कोई ऐक्शन नहीं लिया गया। कोर्ट ने नगर निगम को चेतावनी दी थी कि 2009 के बाद कोई भी अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए, लेकिन यह जारी रहा। गैर-कानूनी कंस्ट्रक्शन के मामले में अधिकारी रिश्वत लेते पकड़ा गया था, लेकिन उसे बहाल कर दिया गया।

### 'कोर्ट के आदेश का किया जा रहा उल्लंघन'

याचिकाकर्ता गोखले ने कोर्ट में फोटो के साथ सबूत देकर ध्यान दिलाया कि अदालती आदेश का उल्लंघन जारी है। मनपा क्षेत्र में 2 लाख 20 हजार अवैध प्रॉपर्टी है, जिनसे प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जा रहा है। 1983 से 2002 तक 27 गांव मनपा में थे। तत्कालीन सरकार ने इन्हें तब मनपा से बाहर किया, फिर 2015 में इन्हें मनपा में लाया गया। तत्कालीन कमिश्नर ने कहा था कि 27 गांवों में 79 हजार अवैध निर्माण हैं।

### NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### नज़रअंदाज़ करने का 'खेल'

65 गैरकानूनी बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन मामलों में RERA अथॉरिटी से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट का मामला फिलहाल पेंडिंग है। मनपा ने भी कोई कार्रवाई नहीं की, इसलिए पिटिशनर संदीप पाटील ने संबंधित लोगों को लीगल नोटिस भेज कोर्ट के आदेश की अवमानना का मामला सामने लाया है। पिटिशनर गोखले का दावा है कि RERA अथॉरिटी से जुड़ी धोखाधड़ी के 65 से ज्यादा मामले मनपा क्षेत्र में हैं। इसके सबूत संबंधित एजेंसियों को सौंपे हैं। यहां अवैध निर्माणों को नजरअंदाज करने का खेल जारी है।

## भाईंदर के स्लम में आ रहा दूषित पानी


NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर : भाईंदर (वेस्ट) में आंबेडकर नगर सहित आसपास के स्लम में नलों से सप्लाई होने वाला पानी मटमैला और कई जगहों पर काला आ रहा है। इससे नागरिकों में भय और आक्रोश दोनों व्याप्त है। मनपा जलापूर्ति विभाग के अनुसार संबंधित क्षेत्र की जलवाहिनी की जांच के आदेश दिए गए हैं। कारणों का पता लगाकर समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।

**नागरिकों के स्वास्थ्य पर संकट, जताया विरोध**

मीरा-भाईंदर मनपा द्वारा हाउसिंग सोसायटियों को अलग वितरण व्यवस्था के तहत वॉटर सप्लाई किया जाता है। जबकि, स्लम इलाकों और व्यावसायिक क्षेत्रों में सामूहिक नल कनेक्शन के जरिए जलापूर्ति होती है। इन नलों पर पानी के लिए लोगों की लंबी कतारें होती हैं। ऐसे में, आंबेडकर नगर और आसपास दूषित पानी आने से स्थिति भयावह हो गई है।


स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कई दिनों से आ रहा पानी पीने या घरेलू उपयोग के योग्य नहीं है। मजबूरी में उन्हें बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है। कई परिवारों ने दूषित पानी से बीमारियां फैलने की आशंका जताई है। कुछ नागरिकों ने दूषित पानी के विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए हैं। नागरिकों की मांग है कि मनपा इस पर गंभीरता दिखाते हुए जलवाहिनियों की जांच करे, टंकियों की सफाई कराए और शुद्ध पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करे।

SOTC presents
Darshans
Crafted Spiritual Experiences



एसओटीसी एक्सक्लूसिव
गाइडेड टेम्पल टूर | वीआईपी दर्शन और पूजा | सभी सात्विक खाना | वरिष्ठ नागरिक फ्रेन्डली
लिमिटेड सीटें
10-दिन कैलाश मानसरोवर हेलीकॉप्टर द्वारा
पवित्र मानसरोवर झील पर सामूहिक पूजा एवं हवन
6-दिन चार धाम यात्रा हेलीकॉप्टर द्वारा | 6-दिन अनंत काशी अयोध्या यात्रा | 7-दिन श्रीलंका रामायण अनंत यात्रा
शामिल हैं: आवास, खाना, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार दर्शनीय स्थल घूमना।
1800 209 3344
sotc.in
SOTC For Holidays.
Call: Colaba: 8291282594, Opera House: 8291274584, Dadar: 9619445249, Andheri: 8291295016, Kandivali: 8291291435, Kandivali(E): 9594749573, Powai: 8291204018, Chembur: 8291204018, Thane: 8291279504, Vashi: 8291278907, Kharghar: 8291284358
नियम और शर्तें लागू। ऑफर/सेवाओं की अंतिम कीमत और उपलब्धता बाजार की स्थितियों और प्रचलित विदेशी मुद्रा दरों के आधार पर भिन्न हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए, sotc.in पर जाएँ या हमारी बिक्री टीम से संपर्क करें।

## खोणी पलावा में 9 वर्षीय बच्ची पर स्ट्रीट डॉग्स ने किया हमला


AI Image

■ NBT न्यूज, कल्याण

डोंबिवली के खोणी पलावा इलाके स्थित ऑर्किड सोसायटी में आवारा कुत्तों की दहशत का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सोमवार सुबह स्कूल जा रही 9 वर्षीय बच्ची पर 10 से 15 आवारा कुत्तों ने अचानक हमला कर दिया। गनीमत रही कि सोसायटी में तैनात सुरक्षा गार्ड की सूझबूझ और सतर्कता से बच्ची की जान बच गई।

सोमवार सुबह बच्ची रोज की तरह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। जब वह सोसायटी परिसर से गुजर रही थी, वहां पहले से झुंड बनाकर बैठे आवारा कुत्तों ने पीछे से उस पर हमला कर दिया। कुत्तों को अपनी ओर दौड़ता देख बच्ची घबरा गई और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगी, जिससे कुत्ते उसका पीछा करने लगे।

हमले से घबराई बच्ची जोर-जोर से चीखने-चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनते ही मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्ड तुरंत वहां पहुंचा और लाठी की मदद से कुत्तों को भगाया। इसके बाद कुत्ते हट गए। बच्ची को कोई गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन वह मानसिक रूप से काफी डरी हुई है। इस घटना के बाद नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने कल्याण-डोंबिवली मनपा और स्थानीय प्रशासन से आवारा कुत्तों के मुद्दे पर तत्काल और ठोस कार्रवाई की मांग की है।

## फ़र्ज़ी डॉक्टर के इलाज ने ली युवती की जान, परिजन का हंगामा, आरोपी अरेस्ट



■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : वाशी में एक फर्जी डॉक्टर द्वारा किए जा रहे इलाज से एक युवती की मौत हो गई। घटना के बाद युवती के परिजन ने हंगामा किया, तो मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर संतोष पाण्डे को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी खुद को डॉक्टर बताता था। जांच में खुलासा हुआ कि वह सिर्फ 12वीं तक पढ़ा था और मुंबई के अंधेरी स्थित नर्सिंग होम में वॉर्डबॉय था। उसी के आधार पर वह कम पैसों में लोगों के घर जाकर दवाई और इंजेक्शन देता था।

बता दें कि वाशी में रहने वाली एक 21 वर्षीय युवती को पीसीओडी की समस्या थी, जिसका वह इलाज करवा रही थी। तभी किसी ने उसके परिजनों को आरोपी डॉक्टर संतोष पाण्डे के बारे में बताया था। परिजनों ने आरोपी डॉक्टर से संपर्क किया और उसे इलाज के लिए बुलाया था। आरोपी ने घर आकर युवती का इलाज शुरू कर दिया। आरोपी ने देन पर्से पद्धति से युवती को एमेसेट (emeset) और डायनापार (dynapar) इंजेक्शन दिया, जिससे युवती की स्थिति बिगड़ गई और उसे अस्पताल लेकर जाना पड़ा। परिजन जब तक उसे वाशी के पीकेसी (PKC) अस्पताल लेकर पहुंचते, तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया।

### सस्ते इलाज के चक्कर में हुई यह घटना, पुलिस कर रही जांच

वाशी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शशिकांत चांदेकर ने बताया, युवती की मौत के बाद परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर प्राथमिक जांच की गई और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया, आरोपी ने मृतक के किसी अन्य रिश्तेदार का भी इसी तरह से इलाज किया था, जिसके पश्चात वह युवती का इलाज करने के लिए आया था। उसके पास डॉक्टर की किसी भी प्रकार की कोई डिग्री नहीं है। वह सिर्फ कम कीमतों में इलाज करता था, इसलिए लोग उससे दवा लेने जाते थे।

#ConmanVsCommonMan




© Bennett, Coleman & Company Ltd., All rights reserved

अक्सर, जल्दबाज़ी में किए गए पेमेंट्स, आपका पैसा बर्बाद कर सकते हैं।

जल्दबाज़ी में कोई भी धनराशि भेजने से पहले हमेशा उस व्यक्ति की पहचान जाँच लें और यदि कोई आपको धोखा देने की कोशिश करे, तो कहें, "मैं मूर्ख नहीं हूँ"।

सैफ़्टी UPI की, समझदारी आपकी।

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
Easy. Safe. Instant.

Issued in public interest by
NPCI
भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम
NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

tgthr/12/24/062

"100th Birth Anniversary"
S. Balwantsingh K. Chhabra
(1926-1981)



*He turned limits into possibilities,*
*Empowering the industry to grow and thrive.*

Founder
RIGHT TIGHT FASTENERS PVT. LTD. (India)
A FONTANA GRUPPO (Italy)

With Respect and Remembrance
All Employees & Chhabra Family

NRACCA.com

# नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । मुंबई । मंगलवार, 10 फरवरी 2026




लोकतंत्र शोर और अवरोध पर नहीं, बल्कि विचारपूर्ण चर्चा की गुणवत्ता पर निर्भर करता है -अरनेस्ट बेकर

## सदन में अविश्वास

**लोकसभा स्पीकर** ओम बिरला ने पिछले हफ्ते, शुक्रवार को सांसदों से सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने देने की अपील करते हुए कहा था कि अब तक बजट सत्र के 19.13 घंटे बर्बाद हो चुके हैं। उनकी अपील के कुछ वक्त बाद ही हंगामा शुरू हो गया और कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। तब से लेकर सोमवार तक, इस आंकड़े में कुछ और घंटे जुड़ चुके हैं। दोनों सदनों में गतिरोध कायम है और अब तो ऐसा लग रहा है कि सुलह से ज्यादा कोशिश टकराव के बहाने तलाशने की हो रही है। इसका खामियाजा संसद की गरिमा को भुगतना पड़ रहा है।





दोनों सदनों में हंगामा

**अधूरी चर्चाएं ।** इस बजट सत्र में अभी तक ढंग से कोई भी चर्चा पूरी नहीं हो सकी है। और अहम विधायी मुद्दे अधर में लटके हैं। विपक्ष का कहना है कि लोकसभा में राहुल गांधी को बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा। सोमवार को एक बार लगा जरूर कि शायद कोई रास्ता निकल जाए, जब नेता प्रतिपक्ष और स्पीकर की मुलाकात हुई। हालांकि बाद में पेच इस पर फंस गया कि राहुल गांधी बजट पर बोल सकते हैं, किसी और विषय पर नहीं।


**विपक्ष की शिकायत ।** सदन को चलाने के लिए जितने जरूरी हैं नियम-कायदे, उतनी ही अहमियत परंपराओं की भी है। और लोकतंत्र की परंपरा रही है कि सभी को बात रखने का मौका मिले, चाहे वह सत्ता में हो या विपक्ष में। लेकिन, विपक्ष में यह भावना पनप रही है कि आसन उनके प्रति समान व्यवहार नहीं कर रहा। सरकार के पास बात रखने के लिए कई मंच और मौके होते हैं, पर विपक्ष के लिए सबसे बड़ा मंच सदन ही है, जहां वह सवाल पूछ सकता है। ये सवाल सरकार की जवाबदेही तय करने और नीतियों में संतुलन के लिए जरूरी है।

**भरोसे की कमी ।** पीठासीन अधिकारी सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनसे निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। विपक्ष को उनसे यह भरोसा रहता है कि वह बराबरी का मौका देंगे। चिंताजनक बात है कि यह भरोसा टूट रहा है। इसका सबूत कांग्रेस की महिला सांसदों की तरफ से ओम बिरला को लिखी गई चिट्ठी और यह खबर है कि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी है। अगर ऐसा होता है, तो भले संख्या बल विपक्ष के साथ नहीं, लेकिन इसका प्रतीकात्मक महत्व बहुत ज्यादा है।

**नकारात्मक छवि ।** यह सेशन अभी तक नकारात्मक वजहों से ज्यादा चर्चा में रहा - सांसदों का निलंबन, पीएम का लोकसभा में सुरक्षा वजहों से भाषण देने नहीं आना। ये घटनाएं जनता के सामने जनप्रतिनिधियों की अच्छी तस्वीर पेश नहीं करतीं।

संघ प्रमुख कई बार 75 की उम्र में पद छोड़ने की बात कह चुके हैं, उनका हालिया बयान वैचारिक संकेत

# भागवत की बात में छिपा है बड़ा संदेश



धर्मेंद्र कुमार सिंह


**संघ प्रमुख** मोहन भागवत बार-बार रिटायरमेंट की बात क्यों करते हैं? वह सीधे तौर पर संघ प्रमुख के पद को अलविदा भी कह सकते हैं। दरअसल, इसी में छिपा है वह संदेश, जिसके जरिये भागवत संघ, सरकार और BJP के लिए एक मापदंड तय करना चाहते हैं। वह बताना चाहते हैं कि कोई भी व्यक्ति संगठन से बड़ा नहीं होता और नेतृत्व की एक समय-सीमा होनी चाहिए।

**परंपरा या दीवार ।** मोहन भागवत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दोनों 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। अनौपचारिक तौर पर इस उम्र को रिटायरमेंट की रेखा माना जाता रहा है, लेकिन यही उम्र सीमा अब संघ परिवार और सरकार, दोनों के लिए दीवार बन गई है। जब मोदी 2014 में देश के प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने कहा था कि 2024 तक देश में प्रधानमंत्री पद के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। इस बयान से संदेश गया कि वह 75 की उम्र पार करने पर पद को अलविदा कह सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शायद यही वजह है कि मोहन भागवत बार-बार इस विषय को याद दिलाते हैं।

**चिंता की वजह ।** संघ और BJP का रिश्ता अक्सर दिल और दिमाग जैसा बताया जाता है। लेकिन, हाल में इसी मुद्दे पर दोनों में तनाव के संकेत दिखे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी समेत 75 वर्ष से अधिक उम्र के 20 से ज्यादा नेताओं को टिकट नहीं दिया गया था। तब तत्कालीन BJP अध्यक्ष अमित शाह ने कहा था कि 75 से अधिक उम्र वालों को लोकसभा चुनाव का टिकट नहीं देने का फैसला पार्टी का था। उस समय मोदी और शाह के बयानों से यही लगता था कि पार्टी और सरकार एक ही लीक पर हैं।

**बदली रणनीति ।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान पीएम मोदी के रिटायरमेंट को लेकर जमकर बयानबाजी हुई। अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि BJP जीती, तो मोदी केवल एक साल पीएम रहेंगे क्योंकि 75 साल वाला नियम तो उन्होंने ही बनाया है। बात बढ़ी तो अमित शाह ने कहा, 'BJP के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। मोदी जी 2029 तक देश का नेतृत्व करेंगे।'

**75 पर राजनीति**
- BJP ने पार्टी के भीतर लागू किया था नियम
- 2024 में पीएम मोदी की उम्र का सवाल उठा
- अमित शाह ने कहा था, पार्टी में प्रावधान नहीं



**घर से आवाज ।** अमित शाह के बयान के बाद विपक्ष का सवाल उठाना बनता है, लेकिन बात बार-बार घर से उठ रही है। कम से कम पांच मौकों पर मोहन भागवत रिटायरमेंट या दायित्व छोड़ने की बात कह चुके हैं। जुलाई 2025 में उन्होंने कहा था, 'जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है, तो समझिए कि दूसरों को मौका देने का समय आ गया है। आपको किनारे होना चाहिए।' इस बार रविवार को उन्होंने कहा कि संघ ने उनसे उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने को कहा है, लेकिन पद छोड़ने को कहा जाएगा तो वह तुरंत छोड़ देंगे।

**संगठन सबसे ऊपर ।** भले ही संघ का कामकाज BJP से अलग हो, लेकिन दोनों की धुरी एक ही है - राष्ट्र सर्वोपरि, संगठन व्यक्ति से बड़ा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद। मोदी ने कई अवसरों पर कहा है कि पार्टी संगठन से बढ़कर कुछ नहीं है, कार्यकर्ता इसके केंद्र में है और हम सब एक परिवार हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने सार्वजनिक रूप से नागपुर में संघ के कार्यक्रम में भाग लिया और मोहन भागवत की मौजूदगी में कहा था कि संघ अब एक वटवृक्ष बन चुका है, जो भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जावान कर रहा है।


**दरार की वजह ।** यह भी सच है कि मोदी को पीएम पद का उम्मीदवार बनवाने में संघ की अहम भूमिका रही है। संघ के अजेंडे - राम मंदिर, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने और समान नागरिक संहिता - में से दो पूरे हो चुके हैं। लेकिन, RSS-BJP संबंधों में दरार का कारण बना पिछले आम चुनाव में जेपी नड्डा का यह बयान कि पार्टी संघ के बिना भी चुनाव लड़ सकती है। इसका असर चुनाव नतीजों में दिखा। हालांकि बाद में दोनों फिर करीब आए।

**वैचारिक अपेक्षा ।** अब सवाल यही है कि मोहन भागवत बार-बार रिटायरमेंट की बात क्यों कर रहे हैं? क्या यह प्रधानमंत्री की ओर एक वैचारिक संकेत है कि अब रिटायरमेंट पर गंभीरता से सोचने का वक्त आ गया है? भले रिटायरमेंट का कोई औपचारिक बंधन न हो, लेकिन वैचारिक अपेक्षा तो मौजूद है। और शायद यहीं सवाल खड़ा होता है कि नरेंद्र मोदी पद क्यों नहीं छोड़ना चाहते? संभव है, उन्हें लगता हो कि उनका राजनीतिक और वैचारिक मिशन अभी अधूरा है। दूसरी वजह यह भी हो सकती है कि उनके बाद पीएम पद का उम्मीदवार कौन होगा।

*(लेखक राजनीतिक और चुनाव विश्लेषक हैं)*

### कांटे की बात


आज RSS, सावरकर को भारत रत्न देने की मांग कर रहा है। एक समय आएगा जब BJP नाथूराम गोडसे को भारत रत्न दे देगी। 1857 क्रांति में योगदान देने वाले मौलवी अलाउद्दीन की अंग्रेजों की कैद में मौत हो गई थी। ऐसे लोगों को भारत रत्न देना चाहिए।



असदुद्दीन ओवैसी, *AIMIM प्रमुख*

### AI की दुनिया

## पर्यावरण और सेहत, दोनों के लिए कमाल यह खोज





*GPT-5 अडवांस AI सिस्टम ने ऐसी खोज की है, जिससे दवाओं, इलाज, खेती और कई जरूरी चीजों की लागत कम हो सकती है। इसने प्रोटीन बनाने की महंगी प्रक्रिया को काफी सस्ता बना दिया।*

**लागत और समय में कटौती**

**प्रोटीन बनाने** के लिए आमतौर पर जीवित कोशिकाओं को पालना पड़ता है, जिसमें काफी पैसा लगता है। GPT-5 ने Ginkgo Bioworks संग मिलकर सेल-फ्री प्रोटीन सिंथेसिस (CFPS) नाम की तकनीक को ज्यादा किफायती बनाया। नई प्रक्रिया से प्रोटीन बनाने की कुल लागत करीब 40% तक कम हो गई, जबकि इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स की कीमत में 57% तक की गिरावट आई है।

**आम आदमी को फायदा**

**बड़ा असर** दवाओं की कीमत पर पड़ेगा। इंसुलिन, कैंसर और दूसरी आधुनिक बायोलॉजिकल दवाएं सस्ती बन सकेंगी। दूसरा फायदा मेडिकल टेस्ट और डायग्नोस्टिक किट्स में दिखेगा। छोटे शहरों और गांवों में भी बेहतर मेडिकल टेस्ट हो सकेंगे। तीसरा फायदा इंडस्ट्री और पर्यावरण से जुड़ा है। केमिकल की तुलना में एंजाइम पर्यावरण के लिए ज्यादा सुरक्षित होते हैं। -प्रदीप तिवारी

जनता जंक्शन — इरफान





## 'बाबा' तो फ़ारसी शब्द है, फिर हंगामा कैसा


### कॉमन रूम



मोहम्मद असगर

उत्तराखंड के कोटद्वार में कुछ दिनों पहले एक मुस्लिम दुकानदार से उसकी दुकान का नाम 'बाबा' बदलने की मांग को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। कुछ संगठनों ने इसे धार्मिक नाम बताकर आपत्ति जताई। मामला पुलिस तक पहुंचा और देखते ही देखते पूरे देश में छा गया।

**शब्दों का मजहब ।** दुकान का नाम बदलने की मांग ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है - क्या शब्दों पर भी मजहब की मुहर लगाई जा सकती है? दरअसल 'बाबा' किसी एक धर्म की जागीर नहीं, बल्कि सदियों से सभ्यताओं में बहते आए अपनेपन और सम्मान का नाम है। जिस बाबा शब्द को धर्म से जोड़कर हंगामा खड़ा किया गया, वह तो फारसी और तुर्की जुबान की सीढ़ियां चढ़कर भारत पहुंचा है।



**पहली आवाज ।** जब हम किसी बुजुर्ग को प्यार से 'बाबा' कहते हैं, या किसी संत-फकीर को सम्मान से पुकारते हैं, तो शायद ही ध्यान इस तरह जाता है कि यह छोटा-सा शब्द सदियों का सफर तय करके हम तक पहुंचा है। भाषाविदों के मुताबिक 'बाबा' की जड़ें इंसान की शुरुआती आवाजों में हैं। बच्चा जब बोलना सीखता है तो सबसे आसान ध्वनियां निकलती हैं - 'बा बा', 'पा पा', 'मा मा'। दुनिया की कई भाषाओं में पिता के लिए ऐसे ही शब्द बने। मशहूर भाषा वैज्ञानिक Roman Jakobson ने बताया था कि ये शब्द बच्चों की प्राकृतिक बोली से खुद-ब-खुद विकसित हुए।

**संबोधन में सम्मान ।** लेकिन, 'बाबा' सिर्फ बचपन की आवाज नहीं रहा। फारसी और तुर्की सभ्यताओं में यह शब्द बहुत पहले से पिता और बुजुर्ग के लिए इस्तेमाल होता आया है। फारसी भाषा में 'बाबा' का अर्थ होता था घर का मुखिया, अनुभव से भरा इंसान। वहीं तुर्की समाज में बच्चे अपने पिता को सीधे 'बाबा' कहकर पुकारते थे, जैसे आज भारत में कई जगह कहा जाता है। मैं अपने पिता को अब्बा कहकर पुकारता हूं। मेरे एक कजिन के बच्चे अपने पिता को बाबा जानी पुकारते हैं। कई बच्चे अपने दादा को बाबा बुलाते हैं। सम्मान के रूप में किसी अनजान बुजुर्ग के लिए भी बाबा का संबोधन बहुत आम है।

**श्रद्धा का प्रतीक ।** बाबा शब्द सम्मान और अपनेपन, दोनों का प्रतीक है। तभी तो समय के साथ सूफी परंपरा में भी 'बाबा' एक आदर सूचक संबोधन बन गया। भारत में आते-आते इस शब्द ने और गहराई पा ली। संतों के नाम के साथ जुड़कर यह श्रद्धा का रूप बन गया और आम जिंदगी में पिता और बुजुर्गों के लिए प्यार भरा संबोधन। आज 'बाबा' एक ऐसा शब्द है, जो घर की चौखट से लेकर दरगाह और मंदिर तक गूंजता है, बाबा बुल्ले शाह, नवाब फरीद, बाबा रामानंद! बाबा रिश्तों की गर्माहट, सम्मान और भरोसे की एक खूबसूरत विरासत बनकर हमारे बीच है, फिर हंगामा किस बात का है?

## बंगाल में कांग्रेस को बोझ क्यों लग रहा लेफ्ट

हेमंत राजौरा



भारतीय राजनीति में कांग्रेस और वाम दलों (लेफ्ट) के बीच रिश्ता हमेशा एक जैसा नहीं रहा है। कभी यह विचारधारा की समानता पर टिका रहा, तो कभी राजनीतिक हालात के चलते मजबूरी में साथ आना पड़ा। समय के साथ परिस्थितियां बदलीं और अब कांग्रेस धीरे-धीरे लेफ्ट से दूरी बनाती दिखाई दे रही है। पश्चिम बंगाल इस रिश्ते की एक अहम प्रयोगशाला रहा है। यहां 2016 से कांग्रेस और वाम दलों के बीच सक्रिय गठबंधन रहा। हालांकि, गठबंधन अपेक्षित राजनीतिक सफलता हासिल नहीं कर सका।

### असमंजस में कांग्रेस

पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने लेफ्ट के साथ मिलकर 92 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन पार्टी का खाता तक नहीं खुल सका। वोट शेयर भी करीब 3% पर आ गया। यह महज चुनावी हार नहीं, बल्कि कांग्रेस के सामाजिक आधार, कार्यकर्ताओं के नेटवर्क और संगठनात्मक मजबूती में गिरावट का संकेत था। कांग्रेस नेतृत्व के लिए यह चेतावनी थी कि लेफ्ट के साथ गठबंधन से पार्टी और कमजोर हो जाएगी।

विशुद्ध राजनीति — कसौटी

मगर, 2019 के लोकसभा चुनाव में दोनों का अलग होना और 2024 में साथ आना कांग्रेस के भीतर असमंजस दिखाता है। पार्टी को लग गया कि लेफ्ट अब राजनीतिक पूंजी नहीं, बल्कि बोझ है। लेफ्ट के साथ रिश्तों में यह नरमी बदलते राजनीतिक संदर्भ को भी दर्शाता है। पहले सीताराम येचुरी जैसे दिग्गज नेता कांग्रेस और लेफ्ट के बीच पुल की भूमिका निभाते थे। आज लेफ्ट की केरल इकाई के लिए कांग्रेस सीधी प्रतिद्वंद्वी है। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले UDF और वाम मोर्चा में सीधी टक्कर है। ऐसे में बंगाल में गठबंधन करना लेफ्ट को भी रास नहीं आ रहा है। साथ ही, BJP भी इस मुद्दे पर हमलावर है, जिससे कांग्रेस के लिए वैचारिक असहजता खड़ी हो गई है।

पश्चिम बंगाल चुनाव में लेफ्ट से अलग होकर और ममता बनर्जी के खिलाफ अकेले लड़कर कांग्रेस यह बता रही है पार्टी अब दोबारा स्थापित होना चाहती है। पार्टी नेतृत्व को लगता है कि पारंपरिक वोट बैंक और सामाजिक आधार लेफ्ट के भरोसे नहीं, बल्कि अपनी पहचान के सहारे दोबारा बनाई जा सकती है। कांग्रेस आलाकमान की भी यही रणनीति है कि पार्टी अब सहयोगी दलों की परछाई से निकलकर अपने पुनरुत्थान की कहानी खुद लिखे।

### नए जमाने की राजनीति

कांग्रेस की इस दूरी बनाने का खामियाजा लेफ्ट को भुगतना पड़ सकता है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में जहां वाम दल पहले से ही कमजोर हैं, वहां कांग्रेस भी अगर साथ छोड़ दे तो अस्तित्व संकट और गहराने का खतरा है। कांग्रेस का यह फैसला बताता है कि वह अब लेफ्ट को साझेदार नहीं, बल्कि राजनीतिक अतीत मान चुकी है। लेफ्ट से दूर होती कांग्रेस ने नई राजनीतिक दिशा की ओर भी इशारा किया है। यह सिर्फ गठबंधन तोड़ना भर नहीं है। यह खुद अपनी पहचान बनाने, संगठन को दोबारा तैयार करने और वैचारिक स्पष्टता की भी रणनीति है। कांग्रेस को लगने लगा है कि लेफ्ट के साथ रहकर वह न तो सत्ता का विकल्प बन पा रही है और न ही BJP के खिलाफ चुनौती। इससे लगता है कि भारतीय राजनीति अब नए जमाने की हो गई है, जहां नई खुद की पहचान बनाने के लिए पुराने गठबंधन टूट रहे हैं।

### ऐवें कुछ भी

## रिटायरी की पार्टी



आलोक सिंह भदौरिया

इस समय रिटायरमेंट ट्रेंड में है। बॉलिवुड के एक मशहूर गायक ने बोल दिया, अब फिल्मों के लिए नहीं गाना। एक दूसरे स्टैंड अप कमिडियन हैं, उन्होंने भी कहा, हंसी-मजाक बाद में देखा जाएगा। दोनों की उम्र अभी खाने खेलने की है। लेकिन ये सब हमारे पड़ोसी सिंह साहब को एकदम पसंद नहीं आया। वह गेट के सामने अपनी बाइक चमका रहे थे। सिंह साहब पुलिस विभाग में हैं। उनके तेवर भी वैसे ही हैं। गली में सबको भुनगा-मच्छर समझते हैं। प्लास्टिक की कुर्सी हमारे रास्ते में ठेलते हुए बोले, बैठिए।

बोले, क्या जमाना आ गया है, अच्छा भला जमा जमाया धंधा छोड़कर आजकल के लड़का लोग रिटायरमेंट ले रहे हैं। मैंने कहा, जी। वह बोले, सुनिए परसों शाम को कम्युनिटी हॉल में आ जाइएगा सपरिवार। हमने पूछा कुछ खास? मूछों पर ताव देते हुए सिंह साहब ने घूरा और बोले, रिटायर हो रहे हैं, 40 साल की नौकरी के बाद, रिटायरी की पार्टी है।

उनके तेवरों के हिसाब से हमें गिफ्ट में तोप देनी चाहिए थी, लेकिन, हमें शंका है कि तोप उनके पास पहले से है। शाम को महफिल में पहुंचे। भोजपुरी गीत पर पांच डांसर डांस टाइप कर रही थीं, जिनके सामने बैठकर दस बुजुर्ग चाऊमीन खा रहे थे। सिंह साहब गले में दो तोले की सोने की चेन पहने मेहमानों का स्वागत प्रीमियम गुटखे से कर रहे थे। हमने गिफ्ट दिया तो जहांपनाह बोले, स्टेज पर दीजिएगा। सामने जयमाला टाइप स्टेज सजा था। सुबह फिर उनके घर के सामने से निकले। सिंह साहब धूप में ऊंघ रहे थे। बाइक खड़ी थी। आहट से नींद खुली, हमने पूछा, अजीब सा लग रहा होगा? सिंह साहब भड़ककर बोले, काहे अजीब लगेगा, अरे बिना ऊंचनीच के 40 साल नौकरी पूरी कर ली। यह तो खुशी का बात है।



बगल में घनश्याम बाबू बैठे थे, बोले, ये लोग नहीं समझेगा, रिटायर होने वाली हम लोग आखिरी पीढ़ी हैं। हमने पूछा क्यों? घनश्याम बाबू तिरछी मुस्कान फेंककर बोले, नौकरी होगी तब न रिटायर होइएगा, उससे पहले ही कंपनी दरवाजा दिखा देगी। हम बोले, बात तो सही है।

### बोल वचन

दिलीप लाल

## ज़ायक़ेदार फरा-चटनी



उत्तर प्रदेश में आटे से बनाया जाने वाला एक पारंपरिक देसी व्यंजन है फरा। इसको उबालकर या भाप में पकाया जाता है। इसे बनाने के लिए आटे को गूंथकर छोटी-छोटी लोइयां बनाई जाती हैं। इन लोइयों के भीतर उड़द दाल, चना दाल, लहसुन, अदरक, हरी मिर्च और पारंपरिक मसालों का मिश्रण भरा जाता है। पकने के बाद इसे धनिया-लहसुन की चटनी के साथ परोसा जाता है। आकार में यह गिल्ली-डंडा खेल में इस्तेमाल होने वाली गिल्ली जैसा होता है। कई क्षेत्रों में गिल्ली को फुल्ली भी कहा जाता है, शायद इसी कारण कुछ जगह इसे फुली कहा गया, जिससे बंगाल में फुले पिठे नाम प्रचलित हुआ। क्षेत्र बदलने के साथ इसके नाम भी बदल गए हैं। छत्तीसगढ़ में भी इसे फरा या फरी, बिहार और झारखंड में पीठा, उत्तराखंड में पुठा या पुठिया और दक्षिण भारत में कोझुकट्टई कहा जाता है। इसका संबंध संस्कृत के मूल शब्द 'पिष्ट' से माना जाता है, जिसका अर्थ है पिसा हुआ या चूर्ण। विशेषकर सर्दियों में और मकर संक्रांति के अवसर पर पीठा बनाने और खाने की परंपरा व्यापक रूप से देखी जाती है।

## ख़ास मौक़ों के लिए ही क्यों छिपाकर रखी है ख़ुशी

निर्मल जैन

आज के समय में तनाव सबसे आम और गंभीर विषय है। इसलिए इससे मुक्ति पाने के तरह-तरह के उपाय खोजे जा रहे हैं। कठोर नियंत्रण, तप, व्रत और उपवास के माध्यम से मन को साधने के प्रयास किए जाते हैं। ये उपाय कई बार तात्कालिक राहत तो दे देते हैं, लेकिन सहज और टिकाऊ नहीं होते। जिस प्रकार शरीर के पोषण के लिए आहार आवश्यक है, उसी प्रकार मन को शांत और स्वस्थ रखने के लिए मनोरंजन भी चाहिए। छोटी-छोटी मनभावन बातों पर दिल खोलकर हंस लेना, किसी पुराने मनोरंजक प्रसंग को याद कर लेना, मधुर संगीत सुनना, ये सब मन को सहज रूप से हल्का कर देते हैं।

मौजूदा हालात वर्तमान और भावी, दोनों पीढ़ियों में पनप रही विकृतियों की ओर ध्यान दिलाते हैं। अभिभावकों के पास इतना समय नहीं कि नई पीढ़ी के साथ बैठकर कह सकें, 'आओ, कुछ तुम नया सुनाओ, कुछ हम पुराना बताएं।' विचारकों की सलाह है कि जो स्वयं हंस सकता है, वही दूसरों को हंसा सकता है। जो दूसरों के दिल का दर्द समझ सकता है, वही मुस्कान बांट सकता है। मुस्कान प्रेम की भाषा है। यह सोचने की बात है कि सांस लेने या दिल धड़कने के लिए क्या किसी विशेष अवसर की आवश्यकता होती है? फिर जीवन की मौज-मस्ती और आनंद को हमने केवल खास मौकों, त्योहारों या साल के अंतिम दिनों तक क्यों सीमित कर दिया है? क्या घरों में हंसना इतना मुश्किल हो गया है कि पार्क में जाकर हंसने के लिए साथियों की तलाश करनी पड़े।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

कहते हैं, जिनको जीने के लिए इतने मनोरंजन के साधनों की तलाश करनी होती है, वे कहीं न कहीं भीतर से दुखी होंगे। इसलिए इस बात की गांठ बांध लें कि वास्तव में मौज, मस्ती और प्रसन्नता साधनों से नहीं, हमारे विचारों और जीवन-दृष्टि से उपजती है। इसलिए हम जितने विचार-संपन्न होंगे, उतना ही अधिक सुख का अनुभव करेंगे। दरअसल खुश रहना हमारे नजरिए का परिणाम है। जीवन को खुशी से भरपूर बनाने के दो ही सूत्र हैं- जो पसंद है उसे हासिल करें, और यदि वह संभव न हो, तो जो हासिल है उसे ही पसंद करना सीख लें।

### रीडर्स मेल

## परीक्षाएं हैं, शोर न करें

**विद्यार्थियों के** लिए यह समय परीक्षाओं का है। संयोग से इन्हीं दिनों कई जगहों पर शादियों का मौसम भी है। इस दौरान शादी रचाने वाले परिवारों और डीजे संचालकों को यह ध्यान रखना चाहिए कि विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा का समय है और वे दिन-रात तैयारियों में लगे हैं। इसलिए शादी-ब्याह के दौरान शहरी क्षेत्रों, गली-मोहल्लों, कॉलोनियों में ज्यादा शोर न हो, इसका ध्यान रखा जाए। डीजे संचालक फिलहाल परीक्षार्थियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए अपना काम करें। कम शोर करें और देर रात तक शोर न मचाएं।

-आरसी खंदार, ईमेल से

**readersmail.nbt@gmail.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP7 User: cci Time: 02-09-2026 22:28 Color:



## फटाफट खबरें

### अब बिना गारंटी 25 लाख लोन

■ पीटीआई, नई दिल्ली : भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सोमवार को छोटे उद्योगों (MSEs) के लिए एक बड़ी राहत का ऐलान किया है। RBI ने कहा है कि बैंक अब सूक्ष्म और लघु उद्योगों को उनकी अच्छी साख और मजबूत वित्तीय स्थिति के आधार पर 25 लाख रुपये तक का कोलैटरल-फ्री (बिना कुछ गिरवी रखे) लोन दे सकते हैं। RBI के ये नए नियम 1 अप्रैल से लागू होंगे।

### PSB का मुनाफा 18 फीसदी बढ़ा

■ पीटीआई, नई दिल्ली : वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में SBI (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया) की अगुवाई में सभी 12 पब्लिक सेक्टर बैंकों ने मिलकर 52,603 करोड़ रुपये का रेकॉर्ड मुनाफा कमाया है। पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले बैंकों के मुनाफे में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले साल दिसंबर तिमाही में इन सभी बैंकों का कुल मुनाफा 44,473 करोड़ रुपये था। कुल कमाई में अकेले SBI की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत रही है।

### अंबुजा-सांघी के विलय को मंजूरी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: अदाणी ग्रुप की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स के साथ सांघी इंडस्ट्रीज के विलय के प्रस्ताव को नैशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) ने मंजूरी दे दी है। सोमवार को ट्रिब्यूनल ने इस विलय पर अपनी मुहर लगा दी। अंबुजा सीमेंट्स ने बताया कि मर्जर के लिए 1 अप्रैल 2024 को तय तारीख माना गया है।

### महिलाएं चला रही है MF ब्रांच

■ पीटीआई, नई दिल्ली : LIC म्यूचुअल फंड ने सोमवार को साउथ दिल्ली में अपनी एक खास ब्रांच की शुरुआत की है। यह देश की पहली ऐसी असेट मैनेजमेंट कंपनी (AMC) बन गई है, जिसने खास तौर पर महिलाओं को ध्यान में रखकर कोई ब्रांच खोली है। LIC म्यूचुअल फंड के एमडी और सीईओ रवि कुमार झा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य निवेश के क्षेत्र में महिला और पुरुष के बीच के अंतर को कम करना है। यहां का पूरा कामकाज और स्टाफ सिर्फ महिलाएं ही संभाल रही हैं। इसे महिला सशक्तीकरण बताया जा रहा है।

# PAN बताने की ट्रांजैक्शन लिमिट बढ़ेगी!

## मार्च के पहले हफ्ते में नोटिफाई हो सकता है नया इनकम टैक्स ऐक्ट, 1 अप्रैल से लागू

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: नया इनकम टैक्स ऐक्ट 2025 इस साल पहली अप्रैल से लागू होगा और इसके नियम मार्च के पहले हफ्ते में नोटिफाई किए जा सकते हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (CBDT) के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। फिलहाल ड्राफ्ट रूल्स पर 22 फरवरी तक प्रतिक्रियाएं मांगी गई हैं। फीडबैक पर विचार के बाद नियम नोटिफाई किए जाएंगे। जिन लेनदेन पर PAN की जानकारी देना जरूरी होता है, ड्राफ्ट रूल्स में उनकी सीमा बढ़ाई गई है। वहीं, एंप्लॉयर से कर्मचारी को मिलने वाले टैक्स फ्री भत्तों की सीमा बढ़ाई गई है। साथ ही, क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए जरूरी होगा कि वे 1 अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष से ट्रांजैक्शन की जानकारी आयकर विभाग से साझा करें। इलेक्ट्रॉनिक मोड में पेमेंट के लिए सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी को स्वीकार करने की भी बात है।

नया कानून 1 अप्रैल से लागू होने का मतलब यह है कि ये वित्त वर्ष 2026-27 की इनकम पर फाइल किए जाने वाले रिटर्न पर लागू होंगे। 1 अप्रैल के बाद अडवांस टैक्स पेमेंट और TDS से जुड़े मामलों में भी इसके नियम लागू होंगे।


AI Image

### अहम बातें

- FY25-26 की इनकम के लिए मौजूदा ITR फॉर्म ही भरे जाएंगे
- नए नियम वित्त वर्ष 2026-27 की इनकम के लिए होंगे
- TDS और अडवांस टैक्स पेमेंट जैसी चीजों में नए ऐक्ट के नियम लगेंगे
- बाइक सहित मोटर गाड़ियों की खरीद में कीमत 5 लाख रुपये से ज्यादा हो तो, खरीदार को अपना PAN देना होगा।
- कन्वेंशन सेंटर या बैंक्वेट हॉल या इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े व्यक्ति को किया गया पेमेंट। लाख रुपये से ज्यादा होने पर PAN देना होगा।

### बढ़ेगी लिमिट

अधिकारी ने कहा, 'एंप्लॉयर से कर्मचारी को मिलने वाले भत्तों की लिमिट आज के हालात के हिसाब से बढ़ाई गई है। इससे टैक्स फ्री सैलरी बढ़ सकती है।' मसौदा नियमों के मुताबिक, 1.6 लीटर से कम इंजन क्षमता वाली कारों के लिए भत्ते को मौजूदा 2700 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये महीने करने का प्रस्ताव है। बड़ी गाड़ियों पर इसे 3300 से बढ़ाकर 10000 रुपये करने की बात है। वहीं, फ्री फूड और नॉन-अल्कोहॉलिक बेवरेजेज के मामले में भत्ता 50 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये प्रति मील तय किया गया है। चिल्ड्रेंस एजुकेशन अलाउंस को प्रति बच्चा 100 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये महीना किया गया है।

### PAN का मामला



एक या अधिक बैंक खातों में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये और इससे ज्यादा की नकद जमा या निकासी पर PAN की जानकारी देना जरूरी होगा। अभी एक दिन में 50000 रुपये से अधिक के कैश डिपॉजिट पर यह बताना होता है। बाइक सहित मोटर गाड़ियों की खरीद में कीमत 5 लाख रुपये से ज्यादा हो तो, खरीदार को अपना PAN देना होगा। अभी टू-व्हीलर के मामले में ऐसा जरूरी नहीं है। मोटर गाड़ियों में इसे देना होता है, भले ही कीमत कितनी भी हो। कन्वेंशन सेंटर या बैंक्वेट हॉल या इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े व्यक्ति को किया गया पेमेंट। लाख रुपये से ज्यादा होने पर PAN देना होगा। अभी होटल, रेस्टोरेंट बिल 50000 रुपये से ज्यादा होने पर ऐसा करना होता है। अचल संपत्ति की खरीद-बिक्री या जॉइंट डिवेलपमेंट एग्रीमेंट के मामले में अगर ट्रांजैक्शन कॉस्ट 20 लाख रुपये से ज्यादा हो तो PAN बताना होगा। अभी सीमा 10 लाख रुपये की है।

### NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### सहूलियत बढ़ाने पर जोर

I-T ऐक्ट 1961 में जहां 511 नियम और 399 फॉर्म हैं, वहीं नए ऐक्ट में इनकी संख्या 333 और 190 पर ला दी गई है। प्री-फिल्ड फॉर्म्स की इंफॉर्मेशन को टैक्सपेयर एडिट कर सकेंगे। इनमें फीडबैक की सुविधा बनी रहेगी, जिससे गलत जानकारी को सुधारा जा सके। जिन मामलों में एंप्लॉयर TDS काट लेते हैं, लेकिन आयकर विभाग के पास जमा नहीं कराते, उनमें करदाता विभाग को ऐसी जानकारी दे सकेंगे और ज्यादा टैक्स भरने से बच सकेंगे। HRA क्लेम के लिए दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई के साथ बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद को भी शामिल करने से भी सुविधा बढ़ेगी।

# EPFO का मोबाइल ऐप अप्रैल में आ सकता है


AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : एंप्लॉयीज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) अप्रैल के पहले हफ्ते तक एक खास मोबाइल ऐप लॉन्च करेगा। इसके जरिए लोग EPFO का अपना फंड UPI के जरिए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे। इसमें पासबुक बैलेंस चेक करने जैसी दूसरी सुविधाएं भी होंगी। लेबर मिनिस्ट्री के सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि EPFO से फंड निकासी की जो सीमाएं हैं, उनके मुताबिक सब्सक्राइबर फंड ट्रांसफर कर सकेंगे।

मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने बताया, 'मार्च अंत तक या अधिक से अधिक अप्रैल के पहले हफ्ते में EPFO का अपना मोबाइल ऐप लॉन्च कर दिया जाएगा।' उन्होंने बताया, 'ऐप को सब्सक्राइबर के बैंक खातों से जोड़ा जा सकेगा। ऐप में दिखेगा कि सब्सक्राइबर कितना फंड ट्रांसफर कर सकता है। UPI पिन का उपयोग करते हुए ऐप के जरिए फंड बैंक खाते में भेजा जा सकेगा।'

मौजूदा नियमों के मुताबिक, मेंबर के अकाउंट में अंशदान का 25% हिस्सा मिनिमम बैलेंस के रूप में रहता है। नौकरी छूटने की स्थिति में 12 महीने बाद यह हिस्सा भी निकाला जा सकता है। बीमारी, पढ़ाई, शादी और घर बनाने जैसे मामलों में ऑटो-सेटलमेंट की सुविधा है। ऑटो सेटलमेंट की सीमा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की जा चुकी है।

### ये होंगी सुविधाएं

- UPI के जरिए अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर सकेंगे पैसा
- पासबुक बैलेंस चेक करने जैसी दूसरी सुविधाएं भी होंगी
- मौजूदा UAN पोर्टल और उमंग ऐप की सुविधाएं भी जारी रहेंगी।
- ऑटो-सेटलमेंट मोड की लिमिट 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये।

# ट्रेड डील ने बाज़ार में भरा जोश, FIIs बने खरीदार


AI Image

- सेंसेक्स 84,065.75 पर बंद (485.35 अंक की बढ़त)।
- निफ्टी 25,867.30 पर बंद (173.60 अंक की बढ़त)।
- FII खरीदारी 1,950.77 करोड़ रुपये के शेयर शुक्रवार को खरीदे।

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने से बाजार में छाई अनिश्चितता खत्म हो गई है। इसका असर सोमवार को शेयर बाजार पर साफ दिखा। चौतरफा खरीदारी की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 485.35 अंक (0.58%) की मजबूती के साथ 84,065.75 पर बंद हुआ। वहीं, NSE निफ्टी 173.60 अंक (0.68%) चढ़कर 25,867.30 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी एक समय 228.55 अंक (0.88%) की बढ़त के साथ 25,922.25 के हाई पर भी पहुंचा।

एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) ने शुक्रवार को 1,950.77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। BSE पर स्मॉलकैप इंडेक्स 2.31% और मिडकैप इंडेक्स 1.27% ऊपर रहे। सेक्टरों की बात करें तो PSU बैंक इंडेक्स सबसे ज्यादा 2.83% चढ़ा। इसके बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (2.76%), रियल्टी (2.64%) और कमोडिटीज (2.06%) का नंबर रहा।

वहीं, दिल्ली के जूलरी बाजार में चांदी की कीमतों में 6 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आया। चांदी की कीमत 17,000 रुपये (6.66%) बढ़कर 2,72,000 रुपये प्रति किलो हो गई है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये (0.83%) महंगा होकर 1,58,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

# बजट के बाद म्युनिसिपल बॉण्ड बनेंगे कमाई का नया जरिया?


AI Image

NBT Explainer

■ NBT रिपोर्ट : यूनियन बजट ने भारत के अभी-अभी उभर रहे म्युनिसिपल बॉण्ड मार्केट को नई रफ्तार दी है। बजट में प्रस्ताव दिया गया है कि अगर कोई नगर निगम 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का बॉण्ड जारी करता है, तो उसे 100 करोड़ रुपये का इंसेंटिव दिया जाएगा। 200 करोड़ तक के छोटे बॉण्ड के लिए AMRUT योजना के तहत मदद जारी रहेगी।

### क्या हैं म्युनिसिपल बॉण्ड?

ET के मुताबिक, म्युनिसिपल बॉण्ड एक तरह के कर्ज के दस्तावेज होते हैं। इन्हें नगर निगम सड़कों, पानी की सप्लाई, सफाई और शहरों के विकास जैसे कामों के लिए पैसा जुटाने के लिए जारी करते हैं। निवेशकों को इसमें शहर की कमाई से मिलने वाला एक स्थिर रिटर्न मिलता है।

### क्यों बढ़ रहा आकर्षण?

म्युनिसिपल बॉण्ड पर मिलने वाला मुनाफा (yield) बड़ी कंपनियों के अच्छे बॉण्ड के बराबर होता है और स्टेट डिवेलपमेंट लोन (SDLs) से थोड़ा ज्यादा होता है। कुछ अच्छी रेटिंग वाले म्युनिसिपल बॉण्ड निवेशकों को ज्यादा मुनाफा दे रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि म्युनिसिपल बॉण्ड फिलहाल AAA रेटिंग वाले सरकारी या कॉरपोरेट बॉण्ड के मुकाबले 0.75% से 1% तक ज्यादा रिटर्न दे रहे हैं। 8% से 8.5% के रिटर्न पर भी इनकी काफी मांग है और ये बॉण्ड आते ही बिक जाते हैं।

### क्या है चुनौती

म्युनिसिपल बॉण्ड के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इनमें से ज्यादातर प्राइवेट प्लेसमेंट (चुनिंदा लोगों को बेचना) के जरिए लाए जाते हैं, जिसमें आम निवेशक हिस्सा नहीं ले पाते। एक और समस्या इन बॉण्ड्स की कीमत है। कई म्युनिसिपल बॉण्ड 1 लाख या 10 लाख रुपये की शुरुआती कीमत (फेस वैल्यू) के साथ आते हैं, जो एक आम निवेशक के लिए बहुत ज्यादा है।

### क्या है समस्या?

बॉण्ड जारी होने की रफ्तार तो बढ़ी है, लेकिन इन्हें दोबारा बेचना अभी भी मुश्किल है। साल 2025 में म्युनिसिपल बॉण्ड्स की कुल ट्रेडिंग सिर्फ 175 करोड़ रुपये रही। निवेशक इन्हें खरीदकर मैच्योरिटी तक अपने पास रखना पसंद करते हैं, क्योंकि इनका साइज छोटा होता है और इन्हें बाजार में तुरंत बेचना आसान नहीं होता।

### क्या बदलेगी सूरत?

बजट में 100 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन के ऐलान से यह स्थिति बदल सकती है। आने वाले समय में बाजार में इन बॉण्ड्स की खरीद-फरोख्त भी बढ़ेगी।

### क्यों करें निवेश?

एक्सपर्ट का कहना है कि ये बॉण्ड शहरों के विकास से जुड़े होते हैं और इनमें जोखिम कम और मुनाफा ठीक-ठाक होता है।

## बेहतर कामकाजी स्थितियों का भरोसा

# वर्कर्स बोले, लेबर कोड से सुधरेंगे हालात : सर्वे


AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : श्रम मंत्रालय ने सोमवार को एक सर्वे की रिपोर्ट जारी की। इसके मुताबिक, सर्वे में शामिल वर्कर्स में से करीब 60% ने कहा कि 4 लेबर कोड लागू होने से उनकी इनकम सिक्योरिटी में सुधार होगा और कामकाजी हालात बेहतर होंगे। यह रिपोर्ट खास है क्योंकि 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने लेबर कोड्स के खिलाफ 12 फरवरी को हड़ताल की चेतावनी दी है।

पिछले साल 21 नवंबर को लेबर कोड लागू किए गए थे। उसके बाद के 2 महीनों में नोएडा के वी वी गिरि नैशनल लेबर इंस्टिट्यूट ने 5720 वर्कर्स और 715 एंप्लॉयर्स के बीच सर्वे किया। यह इंस्टिट्यूट मंत्रालय के तहत आता है। सर्वे के मुताबिक 64% वर्कर्स ने कहा कि उनकी इनकम सिक्योरिटी बेहतर होगी। 54% ने कहा कि वेतन भुगतान समय पर होगा। 53% कामगारों ने कहा कि कामकाजी हालात बेहतर होंगे।

### वर्कर्स की राय

- 60%: कामकाजी हालात बेहतर होंगे।
- 64% : इनकम सिक्योरिटी बेहतर होगी।
- 54% : समय पर सैलरी का भरोसा।
- 60% : छुट्टियों की स्थिति सुधरेगी।
- 63% : वर्कप्लेस पर सेफ्टी से बेहतर हालात।
- 63% : कॉन्ट्रैक्ट और गिग वर्कर्स की स्थिति बेहतर।

## मेरा गांव, मेरे पास

# 8 साल में दोगुना हुई यूपी वालों की कमाई

## योगी सरकार ने पहली बार पेश की प्रदेश की आर्थिक समीक्षा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में योगी सरकार ने रोडमैप पेश किया है। विधानसभा में सोमवार को पहली बार पेश आर्थिक सर्वेक्षण के जरिए सरकार ने राज्य की आर्थिक स्थिति का समग्र खाका सामने रखा। सर्वेक्षण में निवेश बढ़ाने, रोजगार सृजन, सतत विकास, डिजिटल इकॉनमी और ग्रीन एनर्जी को प्राथमिकता देने की रणनीति स्पष्ट की गई है। युवाओं को कौशल विकास और स्टार्टअप योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश को 'बीमारू' छवि से बाहर निकालकर ब्रेक थ्रू इकॉनमी के रूप में स्थापित किया गया है और आर्थिक सर्वेक्षण उसी बदलाव की तस्वीर पेश करता है। बजट सत्र यूपी के विकास की गति को और तेज करेगा। सर्वे के अनुसार 2025-26 में यूपी की अर्थव्यवस्था 36 लाख करोड़ रुपये पार कर जाएगी, जो 2016-17 में 13.30 लाख करोड़ रुपये थी। यानी नौ साल में प्रदेश की अर्थव्यवस्था करीब तीन गुना हो जाएगी। दौरान राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में प्रदेश का योगदान भी 8.6 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 9.1 प्रतिशत हो गया है। 2016-17 में प्रति व्यक्ति आय 54,564 रुपये थी, जो 2024-25 में बढ़कर 1,09,844 रुपये हो गई। 2025-26 में 1.20 लाख होने का अनुमान है।

36 लाख करोड़ के पार होगी अर्थव्यवस्था


लखनऊ विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन चर्चा करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

### 12 नए एक्सप्रेस-वे बनेंगे

सरकार एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट पर तेजी से काम कर रही है। इसके तहत 12 नए एक्सप्रेस-वे बनाए जाएंगे। जेवर एयरपोर्ट शुरू होते ही यूपी पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

**यूपी में बढ़ रहा शहरी क्षेत्र:** आर्थिक समीक्षा के अनुसार यूपी में शहरीकरण 2011 में 22.3% से बढ़कर 2026 में 27.6% हो गया है। 2046 तक 35.8% का अनुमान है।

**अयोध्या जल मार्ग से जुड़ेगा:** अयोध्या को जलमार्ग से जोड़ने की भी योजना है। राष्ट्रीय जलमार्ग का 425 किमी हिस्सा यूपी में है। वाराणसी-हल्दिया मार्ग संचालित है, जिसे अयोध्या तक बढ़ाया जा रहा है। कई टर्मिनल विकसित हो रहे हैं।

# पत्नी ने नहीं किया डांस, पति ने दी जान

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: बदायूं जिले में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार साले के तिलक समारोह में रविवार की रात पत्नी ने साथ में डांस करने से मना कर दिया, जिससे आहत पति ने जान दे दी। फैजगंज बेहटा थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कहा कि पत्नी से विवाद के बाद जान देने की बात परिजनों ने बताई है। पुलिस आत्महत्या और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रख कर जांच कर रही है।

# कोटद्वार विवाद: दीपक को जान की धमकी, FIR दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: कोटद्वार में 26 जनवरी को 'बाबा' दुकान के नाम को लेकर हुए विवाद के बाद चर्चाओं में आए मोहम्मद दीपक को अब सोशल मीडिया पर विडियो जारी कर जान से मारने की धमकी मिल रही है। पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलने पर FIR दर्ज की है। एक शख्स ने सोशल मीडिया पर विडियो जारी कर दीपक की हत्या करने वाले को 2 लाख का इनाम देने की भी घोषणा की है। जांच के दौरान आरोपी की पहचान प्रथम दृष्टया राजा उत्कर्ष निवासी मोतिहारी (बिहार) के रूप में होने के बाद 9 फरवरी सुबह एफआईआर में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। SSP पौड़ी ने बताया कि जिला पुलिस, बिहार पुलिस से संपर्क स्थापित कर आरोपी के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

दूसरी तरफ 'बाबा' दुकान के नाम को लेकर हुए विवाद मामले में हुए बवाल के बाद एसएसपी सर्वेश पंवार द्वारा गठित SIT ने कोटद्वार दुकान नामकरण विवाद से जुड़े तीन एफआईआर की जांच के दौरान 40 अज्ञात बजरंग दल सदस्यों में से 14 की पहचान कर ली है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद उत्तराखंड ने उत्तराखंड के डीजीपी को पत्र लिखकर कोटद्वार प्रकरण में दीपक कुमार को सुरक्षा देने की मांग की थी।


## पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड

(पीएफसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)

पंजीकृत कार्यालय: प्रथम तल, "ऊर्जानिधि" 1, बाराखम्बा लेन, कनाट प्लेस, नई दिल्ली-110001 (भारत) फैक्स: 011-23443990

### वैश्विक आमंत्रण (केवल ई-निविदा के माध्यम से)

कर्नाटक राज्य में अंतर्राज्यीय पारेषण परियोजना के लिए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधार पर पारेषण सेवा प्रदाता के चयन हेतु

पीएफसी कन्सल्टिंग लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (भारत सरकार का एक उपक्रम) के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी "प्रस्ताव हेतु अनुरोध" (आरएफपी) के एकल चरण दो लिफाफा प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधार पर पारेषण परियोजना की स्थापना के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

इच्छुक निविदादाता वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com एवं https://www.pfcclindia.com पर उपलब्ध आरएफपी अधिसूचना और आरएफपी दस्तावेजों का अवलोकन कर सकते हैं।

निविदादाता अ-प्रतिदेय शुल्क रु. 5,00,000/- या यूएसडी 7,000 प्लस लागू जीएसटी /18 प्रतिशत का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज 10.02.2026 से निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए निविदा जमा तिथि से एक कार्यदिवस पूर्व तक 10:30 बजे (आईएसटी) से 16:00 बजे (आईएसटी) के बीच सभी कार्यदिवसों में 9वां तल, विंग-ए, स्टेट्समैन हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन 91-11-23443996, फैक्स: 91-11-23443990 ई-मेल pfccl.itp@pfcindia.com से प्राप्त कर सकते हैं। आरएफपी दस्तावेज https://www.mstcecommerce.com एवं https://www.pfcclindia.com से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं, यद्यपि ऐसे मामले में इच्छुक पार्टियां आरएफपी के उत्तर जमा करते समय अलग से अ-प्रतिदेय शुल्क रु. 5,00,000/- या यूएसडी 7,000 प्लस लागू जीएसटी /18 प्रतिशत जमा कर सकते हैं। सर्वेक्षण रिपोर्ट एवं आरएफपी दस्तावेजों पर स्पष्टीकरण केवल उन निविदादाताओं को जारी किया जाएगा जो निविदा जमा तिथि से न्यूनतम एक कार्यदिवस पूर्व तक किसी भी कार्यदिवस में अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज खरीद/प्राप्त कर चुके हैं। निविदादाता किसी भी स्पष्टीकरण/संशोधन/समय विस्तार आदि, यदि कोई हो, के बारे में नवीनतम जानकारी हेतु वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें। इस संबंध में महत्वपूर्ण समय-सारणी निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | पारेषण योजना का नाम | स्पष्टीकरण प्राप्त करने की अंतिम तिथि (दिन/माह/वर्ष) | आरएफपी के उत्तर जमा करने की अंतिम तिथि (दिन/माह/वर्ष) | आरएफपी के उत्तर खोलने की तिथि (दिन/माह/वर्ष) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मंड्या जिले में हेब्बानी पर 2x500MVA, 400/220kV सब-स्टेशन और सहायक ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना। | 02/03/2026 | 14/04/2026 को 15:00 बजे (आईएसटी) तक | 14/04/2026 को 15:30 बजे (आईएसटी) तक |
| 2. | बीदर जिले में हुमनाबाद पर 3x500MVA, 400/220kV सब-स्टेशन और सहायक ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना। | 02/03/2026 | 14/04/2026 को 15:00 बजे (आईएसटी) तक | 14/04/2026 को 15:30 बजे (आईएसटी) तक |

टिप्पणी : पीएफसी कन्सल्टिंग लिमिटेड बिना कोई कारण बताए और बिना कोई जिम्मेदारी लिए प्रक्रिया को निरस्त या संशोधित करने का अधिकार रखता है। यह कोई प्रस्ताव नहीं है।

पहलकर्ता: कर्नाटक सरकार | पहल सहयोगी: कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसटीयू) | बोली प्रक्रिया समन्वयक: PFC CONSULTING LTD. (पीएफसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) (भारत सरकार का एक उपक्रम)



## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

### भर्ती सूचना

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भा.रा.रा.प्रा.) **संयुक्त सलाहकार (पर्यावरण और वृक्षारोपण)** के 03 पदों (केरल, रायपुर और पटना क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए) हेतु **संविदा आधार पर** आवेदन आमंत्रित करता है।

2. पात्रता मानदंड और अन्य शर्तें भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट **www.nhai.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **जिन उम्मीदवारों ने 14.10.2025 के विज्ञापन के जवाब में आवेदन किया था, वे यदि इच्छुक हों, तो इस विज्ञापन के जवाब में फिर से आवेदन कर सकते हैं।**

3. **आवेदन जमा करना** : इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अपने आवेदन **11.03.2026 (सायं 06:00 बजे तक)** भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से केवल ऑनलाइन जमा करें।

4. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/अनुशेष/निरसीकरण, यदि कोई होगा तो, उसे केवल भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी



## पनवेल महानगरपालिका, पनवेल

पशुवैद्यकीय विभाग

जाहीर निविदा सुचना

पनवेल महानगरपालिका अंतर्गत लहान मोठ्या प्राण्यांना पशुवैद्यकीय सेवेकरीता आवश्यक असणारी औषधे / औषधी साहित्य व इतर साहित्य खरेदी करणेबाबत, सदरील जाहिर निविदा सुचना क्र. PMC/VHD/०१/२०२५-२६ पनवेल महानगरपालिकेचे मार्फत मागविण्यात येत आहेत. सदर निविदांचा सविस्तर तपशील दि ०९.०२.२०२६ पासून www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर उपलब्ध करून देण्यात आलेला आहे.

निविदा प्रक्रिया कार्यक्रमाच्या सर्व तारखा www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर अपलोड करण्यात आलेल्या ऑनलाईन निविदा सुचनेनुसार राहतील.

सही /-
उपायुक्त
पनवेल महानगरपालिका



GOVT. OF N.C.T. OF DELHI
DEPARTMENT OF FOREST & WILDLIFE
OFFICE OF THE DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION, MANDIR LANE, NEW DELHI-60
E-Mail: - dcfwest.gnctd@gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

(Tender Id 2026_DYCFW_286247_1)

निविदा कार्य की अनुमानित लागत Rs.6,41,03,296/-

DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION

DIP/Shabdarth/Classified/0435/25-26



GOVT. OF N.C.T. OF DELHI
DEPARTMENT OF FOREST & WILDLIFE
OFFICE OF THE DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION, MANDIR LANE, NEW DELHI-60
E-Mail: - dcfwest.gnctd@gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

(Tender Id 2026_DYCFW_286253_1)

निविदा कार्य की अनुमानित लागत Rs.3,98,30,772/-

DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION

DIP/Shabdarth/Classified/0436/25-26



GOVT. OF N.C.T. OF DELHI
DEPARTMENT OF FOREST & WILDLIFE
OFFICE OF THE DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION, MANDIR LANE, NEW DELHI-60
E-Mail: - dcfwest.gnctd@gov.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

(Tender Id 2026_DYCFW_286256_1)

निविदा कार्य की अनुमानित लागत Rs.3,68,20,575/-

DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS
WEST FOREST DIVISION

DIP/Shabdarth/Classified/0437/25-26

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel

**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in